श्री अंकित कुमार [(इसके पश्चात इसे पार्टी कहा जायेगा)] ने इण्डियन बैंक, यमुना विहार शाखा (इसके पश्चात इसे बैंक कहा जायेगा) से साख सुविधाएँ ग्रहण कीं, जिसके पुनर्भुगतान अनुसूची में उल्लिखित सम्पत्ति(यों), इसके बाद इसे ''सम्पत्तियों'' कहा जायेगा, के बंधक/दृष्टिबंधक द्वारा प्रतिभूत भी हैं। श्री अंकित कुमार इण्डियन बैंक को बकाया भुगतान करने में असफल रहे। अतः दिनांक 31.01.2018 को बैंक के दायित्वधारी श्री अंकित कुमार तथा श्री अंकुर पांचाल को भावी ब्याज तथा अन्य प्रभारों सहित रु. 5,56,589/- (रुपये पाँच लाख छप्पन हजार पाँच सौ नवासी मात्र) (15.01.2018 तक) की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए कहते हुए प्रत्यास्मरण सूचना निर्गत की गयी थी। श्री अंकित कुमार तथा श्री अंकुर पांचाल 31.01.2018 की प्रत्यास्मरण सूचना के बावजूद भुगतान करने में असफल रहे। कृपया ध्यान दें कि बैंक द्वारा अनुसूचित उल्लिखित आस्ति/यों का विक्रय ई–नीलामी द्वारा 29.01.2020 (तिथि) को 11 बजे पूर्वा. से 1 बजे अप. (आवश्यकतानुसार बन्द होने से पूर्व अन्तिम 5 मिनटों में संविदा की स्थिति में स्वतः विस्तार उपबन्ध सहित) किया जायेगा तथा संविदा हमारे ई–नीलामी सेवा प्रदाता मैसर्स सी1 इण्डिया प्रा.लि. गुरुग्राम, हरियाणा की वेबसाइट http://www.bankeauctions.com के माध्यम से ''ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक संविदा'' द्वारा सम्पन्न की जायेगी। नीलामी संविदा प्रपत्र तथा संविदा प्रपत्र के संलग्नक विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु सम्पर्क व्यक्ति : श्री विनोद चौहान सम्पर्क नं. 9813887931, ई–मेल आईडी : Delhi@c1india.com, support@bankeauctions.com. संविदा वृद्धि हेतु राशि रु. 1000/- (रुपये एक हजार मात्र) होगी। प्रतिभूति आस्तियों के विक्रय हेतु आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि (ईएमडी) अनुसूची में निर्धारित के अनुसार नियत है। बिक्री उसी व्यक्ति को की जायेगी जो उच्चतम प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा बशर्ते इण्डियन बैंक की पुष्टि हो। बैंक के पास बिना कोई कारण बताये संविदा स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। सम्पूर्ण विक्रय मूल्य डीडी/बीपीओ के माध्यम से विक्रय की तिथि पर तुरन्त अदा किया जाना है। आस्ति(यों) का निरीक्षण इच्छुक क्रेता(ओं) द्वारा अपने व्यय पर 24.01.2020 को 10 बजे प्रातः से 4 बजे सायं के बीच किया जा सकेगा। नियम एवं शर्तों सहित निविदा/संविदा प्रपत्र इण्डियन बैंक, बी–1/3, यमुना विहार, दिल्ली–110053 से प्राप्त किया जा सकता है तथा निविदा/संविदा प्रपत्र 17.01.2020 (तिथि) से 28.01.2020 (तिथि) को 10 बजे प्रातः से 4 बजे के बीच उपलब्ध होंगे। निर्धारित रीति से ईएमडी सहित समस्त आवश्यक नियमों के अनुपालन सहित निविदा/संविदा जमा करने हेतु अन्तिम तिथि 28.01.2020 को 4 बजे अप. तक है। निविदाओं के साथ डीडी/बीपीओ/आरटीजीएस/एनईएफटी/एकाउन्ट ट्रांसफर तथा/अथवा धन अन्तरण के किसी अन्य स्वीकार्य माध्यम सहित ईएमडी बिना समय गँवाये जमा करनी होगी जिसमें असफल रहने पर निविदा अयोग्य हो जायेगी।
ऑन लाइन धन अन्तरण हेतु नोडल बैंक खाता सं./आईएफएससी कोड आदि निम्नवत हैं :

क्र.सं.	नोडल बैंक खाता सं.	आईएफएससी कोड
1	94380027632	IDIB000Y010

- नीलामी/संविदा में भाग लेने वाले सभी व्यक्तियों को अपने स्वीकृत केवाईसी दस्तावेज जमा करने होंगे।
- विक्रय बैंक की पुष्टि का विषय है।
- विक्रय ''जहाँ है जैसे है तथा जो है यही है'' आधार पर किया जायेगा और बैंक नीलामी किये जाने वाले वाहन की गुणवत्ता और विशिष्टि के विषय में कोई उत्तरदायित्व नहीं लेता है। यह सफल संविदाकार का उत्तरदायित्व है।
- यह सूचना बैंक के पास उपलब्ध किसी अन्य उपचार के प्रति पूर्वाग्रह रहित है।
- आस्ति के सफल क्रेता को राज्य/केन्द्र/स्थानीय प्रयोज्य कानूनों के अनुसार अपने पक्ष में पंजीकरण के अन्तरण हेतु देय समस्त प्रभारों/व्ययों/शुल्क/करों का वहन करना होगा।

आस्ति(यों) की अनुसूची

क्र.सं.	कर्जदार का नाम	आस्ति(यों) का विवरण	*आरक्षित मूल्य	ईएमडी की राशि
1	श्री अंकित कुमार	हुंडई ग्रैण्ड आई10 मैग्ना 1.2 वाहन, चार पहिया डीएल7सीएम6598	रु. 3.40 लाख	रु. 0.34 लाख

*आरक्षित मूल्य विक्रय की तिथि पर आस्ति के मूल्य पर निर्भरता के अनुसार परिवर्तित हो सकता है।

अधिकृत प्राधिकारी, इण्डियन बैंक

वसूली अधिकारी–II का कार्यालय
ऋण वसूली न्यायाधिकरण–II, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001

आर.सी. सं. 260/2017 बिक्री उद्घोषणा

बैंक ऑफ इंडिया बनाम मैसर्स गोल्फ टेक्नोलॉजीज (प्रा.) लि.
ऋण की वसूली और दिवालियापन अधिनियम, 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 52(2) के तहत बिक्री की उद्घोषणा

सीडी #1 **मैसर्स गोल्फ टेक्नोलॉजीज (प्रा.) लिमिटेड**
एफ –90/4,दूसरी मंजिल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस – I, नई दिल्ली –110020
इसके अलावा: 104, पहली मंजिल, वीटीएन स्क्वायर, अरिहत बिल्डिंग, टी नगर, चेन्नई–600047
इसके अलावा: 415–416, चौथी मंजिल साकार – II, टाउन हॉल के सामने, न्यू एलिस ब्रिज पुलिस स्टेशन, आश्रम रोड, अहमदाबाद –380006
इसके अलावा: दूसरी मंजिल, कार्यालय नंबर 3 और 4, अत्तूर चैम्बर्स, मोलेदिना रोड, एसजीएस मॉल के सामने, पुणे कैंप, पुणे –411001
इसके अलावा: ए–408, एमआईडीसी, टीटीसी, औद्योगिक क्षेत्र, महापे, नवी मुंबई
इसके अलावा: भूतल, यूनिट नंबर R01, R03 और R10, गामा टॉवर, सिग्मा सॉफ्ट टेक पार्क, वरथल्ली, वरथुर रिंग रोड, वरथुर कोडी के पास, #7, व्हाइटफील्ड, मेन रोड, बैंगलोर

सीडी #2 **श्री दीपिन्दर सिंह**
निदेशक/गारंटर
मकान नंबर 1149, सेक्टर –21 ए, गुड़गांव, हरियाणा –122016
इसके अलावा: बी –303, सनश्री एमरॉल्ड, एनआईबीएम रोड, पुणे –411048

सीडी #3 **श्री संदीप सागर**
निदेशक/गारंटर
जी –3/9, दूसरी मंजिल, मालवीय नगर, नई दिल्ली –110017
इसके अलावा: मकान नंबर 6297, ब्लॉक नंबर 6, गली नंबर 4, देव नगर, करोल बाग, नई दिल्ली –110005

सीडी #4 **मैसर्स सीडर होस्पिटेलिटीज (प्रा.) लिमिटेड**
गारंटर
जी.के. हाउस –187 ए, फ्लैट नंबर 102, संत नगर, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली –110065
इसके अलावा: इंडस्ट्रियल प्लॉट नंबर 51, फेस– I, इंडस्ट्रियल एरिया, यू.टी, चंडीगढ़

चूंकि पीठासन अधिकारी, ऋणी वसूली अधिकरण–II द्वारा वर्णित वसूली प्रमाणपत्र 260/2017 दिनांक 29.08.2017 के अनुसार **रू. 36,15,39,997/– (रूपए छत्तीस करोड़ पंद्रह लाख उन्ध्तालीस हजार नौ सौ सत्तानवें मात्र)** की राशि आपके पास पीठासन अधिकारी, ऋणी वसूली अधिकरण–II द्वारा जारी बोली वसूली प्रमाणपत्र ओए नं. 58/2016 के अनुसार बकाया है आवेदक **रू. 36,13,89,997/– (रुपए छत्तीस करोड तेरह लाख नवासी हजार नौ सौ सत्तानवें मात्र)** के साथ 04.01.2016 की तिथि से रू. 1,50,000/– लागत के साथ वसूली की तिथि तक आगे ब्याज 13 प्रतिशत प्रतिवर्ष से आप सभी सीडी से संयुक्त रूप से और अलग–अलग की वसुली करने का हकदार है ।

2. और चूंकि अधोहस्ताक्षरी ने कथित वसूली प्रमाणत्र के सापेक्ष में अनुसूचि में वर्णित सम्पत्ति की ब्रिकी के आदेश दिये है।

3. एत्दद्वारा सूचित किया जाता है कि स्थगन आदेश की अनुपस्थिति में **12.02.2020 को अप. 03.00 बजे से अप. 04.00 बजे** के बीच (यदि जरूरी हो, समाप्ति से पूर्व अंतिम 5 मिनट में बोली के मामले में स्वतः विस्तार उपबंध के साथ) ई–नीलामी द्वारा उक्त संपत्ति की बिक्री की जाएगी तथा यह बोली **"ऑन लाइन इलेक्ट्रानिक बोली"** द्वारा मैसर्स ई–प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, ए–804, वॉल स्ट्रीट– I, ओरिएंट क्लब के सामने गुजरात कॉलेज के पास, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद––380006 दूरभाषः 079–61200520 और 6351896834 ईमेलः gujarat@auctiontiger.com, संपर्क व्यक्तिः श्री कुशल कोठारी, मोबाइल नं. –08980690773, ईमेलः kushal@auctiontiger.net और श्री राम शर्मा, मोबाइल नं. 6351896834/ 079–61200595, लैंड लाइन नंबर 07961200594/538/596, ई–मेलः support@auctiontiger.net और delhi@auctiontiger.net के द्वारा की जाएगी।

4. उपरोक्त नामित सीडी के नीचे अनुसूचि में वर्णित सम्पत्ति की ब्रिकी जाएगी और कथित सम्पति पर देनदारियां एवं दावें जिनके बारे में अब तक पता चला है उन्हें प्रत्येक लॉट के आगे अनुसूचि में विनिर्देशित किया गया हैं।

5. अनुसूचि में विनिर्देशित सम्पति के लॉट ब्रिकी के लिए रखा जाएगा। यदि सम्पति के किसी एक भाग की ब्रिकी पर राशि की वसूली हो जाती है तो नीलामी को तुरंत रोक दिया जाएगा। ब्रिकी को उस स्थिति में भी रोक दिया जाएगा यदि ब्रिकी आयोजित करने वाले अधिकारी को कथित प्रमाणपत्र में वर्णित बकाया राशि, ब्याज लागत (ब्रिकी की कीमत सहित) की वसूली हो जाती है या अधोहस्ताक्षरी के पास नीलामी से पहले प्रमाणपत्र में दर्ज बकाया राशि, ब्याज एवं लागत का भुगतान करने का प्रमाण सौंप दिया जाता है।

6. कोई भी अधिकारी या व्यक्ति जिसकी डयूटी ब्रिकी से जुड़ी है, वह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सम्पति की ब्रिकी में भाग लेने का कोई प्रयास नहीं करेगा।

7. ब्रिकी आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची में निर्धारित शर्तो और इसके अधीन बनाये गये नियमों और आगे की शर्तो का पालन करते हुए की जाएगी।

7.1 सलंग्न सूची में विनिर्देशित विवरण अधोहस्ताक्षरी के ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार वर्णित किये गये हैं लेकिन अधोहस्ताक्षरी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, मिथ्या कथन या गलत विवरण होने पर जवाबदेय नहीं होगा।

7.2 आरक्षित मूल्य जिससे कम मूल्य पर सम्पति नहीं बेची जाएगी वह इस प्रकार हैं:

लॉट सं.	सम्पत्ति का वर्णन	सुरक्षित मूल्य (रू. में)	धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू. में)
1.	104, पहली मंजिल, वीटीएन स्क्व्यायर, अरिहत बिल्डिंग, टी नगर, चेन्नई –600047	2,55,00,000/-	25,50,000/-
2.	415–416, चौथी मंजिल साकार – II, टाउन हॉल के सामने, न्यू एलिस ब्रिज पुलिस स्टेशन, आश्रम रोड, अहमदाबाद –380006	62,00,000/-	6,20,000/-
3.	दूसरी मंजिल, अत्तूर चौबंस, मोलेदिना रोड, कैंप, पुणे –411001	2,39,00,000/-	23,90,000/-
4.	ए–408, एमआईडीसी, टीटीसी, औद्योगिक क्षेत्र, महापे, नवी मुंबई (डाटा सेंटर)	4,35,00,000/-	43,50,000/-
5.	भूतल, गामा टॉवर, सिग्मा सॉफ्ट टेक पार्क, नं. 7, व्हाइटफील्ड, मेन रोड, बैंगलोर	4,83,00,000/-	48,30,000/-

7.3 इच्छुक बोलीदाता जो वसूली अधिकारी–II, डीआरटी–II दिल्ली के कार्यालय में **10.02.2020 को सांय 4.00 बजे** तक पैन कार्ड, पहचान पत्र, पते का प्रमाण आदि और कम्पनी के मामले में कम्पनी के प्रतिनिधि/अर्टार्नी की पुष्टि के लिए कम्पनी के बोर्ड सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति या अन्य कोई दस्तावेज के साथ अपनी बोली, जो आरक्षित मूल्य से कम नही हो जमा करेंगे, केवल उन्हें **12.02.2020 को अप. 03.00 बजे से अप. 04.00 बजे** के बीच आयोजित ई–नीलामी में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। व्यक्तिगत के मामले में, बोलीदाता स्वंय या अपने प्रधान व्यक्ति की ओर से बोली लगाने के संबंध में एक घोषणा पत्र जमा करना होगा। बाद में बोलीदाता को एक प्राधिकार पत्र जमा करना होगा और असफल रहने पर बोलीदाता की बोली निरस्त कर दी जाएगी । यदि नीलामी खत्म होने के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है तो समाप्त अवधि स्वतः ही 5 मिनट विस्तारित कर दी जाएगी।

7.4 बोली राशि **रू. 1,00,000/– (एक लाख रूपये मात्र)** के गुणांक में बढ़ायी जाएगी।

7.5 असफल बोलीदाता ई–नीलामी ब्रिकी प्रक्रिया समाप्त होने के तुरंत बाद **कार्यालय वसूली अधिकारी– II, डीआरटी–II, दिल्ली/सीएच, अर्थात बैंक ऑफ इण्डिया** से अपनी ईएमडी वापिस प्राप्त कर सकते हैं।

7.6 सफल/उच्चतम बोलीदाता को अपनी अंतिम बोली/बिक्री की 25 प्रतिशत राशि, ईएमडी को समायोजित करने के बाद, वसूली अधिकारी– II, डीआरटी– II, दिल्ली, खाता **आर.सी. सं. 260/2017** के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर तैयार करना होगा और **अगले बैंक कार्य दिवस को अर्थात अप. 04.00 बजे तक जमा** करनी होगी।

7.7 सफल/उच्चतम बोली लगाने वाले बोलीदाता को सम्पति की ब्रिकी की शेष 75 प्रतिशत राशि नीलामी ब्रिकी की तिथि से 15वें दिन के अन्दर या 15वें दिन अवकाश पड़ता है तो इसके बाद आने वाले पहले दिन वसूली अधिकारी–II, डीआरटी–II, दिल्ली खाता **आर सी नं. 260/2017** के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के साथ रजिस्ट्रार, डीआरटी–II दिल्ली के पक्ष में रू. 1000/– तक 2 प्रतिशत की दर से पाउंडेज शुल्क और रू. 1000/– से अधिक सकल राशि पर 1 प्रतिशत की दर से पाउंडेज शुल्क को जमा करना होगा (डाक द्वारा शेष 75 प्रतिशत राशि जमा करने पर यह उपरोक्त अनुसार वसूली अधिकारी के पास पहुंच जानी चाहिए)।

7.8. निर्धारित अवधि में भुगतान में चूक की स्थिति में, सम्पत्ति की बिक्री नए सिरे से की जाएगी। ऐसी बिक्री से पहले उसकी नई उद्घोषणा जारी की जाएगी। बोलीदाता द्वारा पहले जमा की गई राशि, यदि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपयुक्त समझा जाता है, बिक्री के व्यय काटने के बाद, सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता के, सम्पत्ति अथवा उसके किसी अंश अथवा सम्पत्ति की पुर्नबिक्री से प्राप्त होने वाली राशि के किसी अंश के संबंध में, सभी दावे जब्त मान्य होंगे।

8. सम्पत्ति की बिक्री **"जैसा है जहां है" तथा "जो है जैसा है आधार"** पर की जा रही है।

9. सीएच बैंक/सीएच वित्तीय संस्था को यहां ऊपर दिए विवरण की सत्यता की जांच तथा प्रमाणित करने का निर्देश दिया जाता है।

10. अधोहस्ताक्षरी द्वारा निलामी अप्रसांगिक पाए जाने पर किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने अथवा किसी भी समय, बिना कोई कारण बताए, नीलामी प्रास्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।

सम्पत्ति की अनुसूची

क्र. सं.	बिक्री की जा रही सम्पत्ति का वर्णन	सम्पत्ति या उसके किसी भाग पर निर्धारित राजस्व	सम्पत्ति के संबंध में देय किसी ऋणभार का विवरण
1.	104, पहली मंजिल, वीटीएन स्क्व्यायर, अरिहत बिल्डिंग, टी नगर, चेन्नई –600047	ज्ञात नहीं	ज्ञात नहीं
2.	415–416, चौथी मंजिल साकार – II, टाउन हॉल के सामने, न्यू एलिस ब्रिज पुलिस स्टेशन, आश्रम रोड, अहमदाबाद –380006	ज्ञात नहीं	ज्ञात नहीं
3.	दूसरी मंजिल, अत्तूर चौबंस, मोलेदिना रोड, कैंप, पुणे –411001	ज्ञात नहीं	ज्ञात नहीं
4.	ए–408, एमआईडीसी, टीटीसी, औद्योगिक क्षेत्र, महापे, नवी मुंबई (डाटा सेंटर)	ज्ञात नहीं	ज्ञात नहीं
5.	भूतल, गामा टॉवर, सिग्मा सॉफ्ट टेक पार्क, नं. 7, व्हाइटफील्ड, मेन रोड, बैंगलोर	ज्ञात नहीं	ज्ञात नहीं

मेरे हस्ताक्षर और मोहर के साथ दिनांक 02.01.2020 को जारी किया गया।
(अविनाश चन्द्र)
वसूली अधिकारी–II, डीआरटी–II, दिल्ली

टाटा कैपिटल फाईनांशियल सर्विसेस लिमिटेड
संपर्क पता : 7वीं मंजिल विडियोकॉन टॉवर, झण्डेलवालन एक्सटैंशन, नई दिल्ली - 110055

माँग सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (''नियमावली'') के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (''अधिनियम'') की धारा 13(2) अतंर्गत

सेवा में,
1. **देवेन्दर खुराना**
मकान सं. 166, डीअरवुड, निर्वाण कन्ट्री, सेक्टर-50, गुड़गांव, हरियाणा-122018 सम्पर्क नं. 9810236486
2. **श्रीमती सक्षम खुराना**
मकान सं. 166, डीअरवुड, निर्वाण कन्ट्री, सेक्टर-50, गुड़गांव, हरियाणा-122018
3. **मै. सुपर्व सॉल्यूशन प्रॉवाइटर प्राइवेट लिमिटेड,** द्वारा उसके निदेशक श्री देवेन्दर खुराना
साथ हीं: मकान सं. 166, डीअरवुड, निर्वाण कन्ट्री, सेक्टर-50, गुड़गांव, हरियाणा-122018

प्रिय महोदय/महोदया,
कृपया, सरफैसी अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत भेजी गई हमारी पूर्व की सूचना तिथि 10 दिसम्बर, 2018 देखें जिसकी प्राप्ति पर आप संबोध्य व्यक्यिों ने समय पर आगे के किस्तों को वापस लौटाने का वचन दिया था। आपके वचन तथा अंडरटैकिंग के अनुसार तथा आंशिक वकाये का भुगतान करने पर आपकी उक्त खाता एक बार पुनः मानकीकृत कम्पनी द्वारा की गई। पुनः समय पर ईएमडी के भुगतान का वचन एवं अंडरटैकिंग देने के बावजूद आपने अपने वचन को पूरा नहीं किया तथा उसकी अनदेखी की तथा चालू महीने की ईएमआई का भुगतान करने में चूक की है जिसके परिणामस्वरुप कम्पनी ने एक बार फिर से इस खाता को 7 अक्टूबर, 2019 को एनपीए घोषित कर दिया है। आपके अनुरोध पर तथा ऋण सं. 6112394, 6763681 तथा 6782311 के लिये भुगतान की प्राप्ति पर हमने उक्त ऋण खाताओं का समापन कर दिया है तथा सम्पत्ति सं. अपार्टमेन्ट नं. एम 1 बी-051, 5वां तल, एक्सप्रैस ग्रीन सेक्टर-एम-1, मानेसर गुड़गांव-122050, प्लॉट नं. 77ए ब्लॉक आर, उप्पल सातथ एंड, सेक्टर 48-49, गुड़गांव, हरियाणा-122018 के लिये उसके मूल टाइटल कागजातों को रिलीज कर दिया है, अतः वह अनुसूची क के भाग के रूप में नहीं दर्शाया गया है।
एलएएन 5788563 में टीसीएफएसएल द्वारा आपको स्वीकृत होम इक्विटी (एलएपी) ऋण के अंतर्गत आगे के ब्याज के साथ 2 जनवरी, 2020 को टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि. (यहां के बाद टीसीएफएसएल वर्णित) के लिये ऋण खाता सं. 5788563 में रु. 68,96,717.55/- (रुपये अड़सठ लाख छियानवे हजार सात सौ सत्तरह तथा पैसे पचचन मात्र) की राशि बकाया हो गया है। हमारी बार-बार की गई मांगों के बावजूद आपने अपनी खाता में बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है जिसे टीसीएफएसएल के बकाये के पुनर्भुगतान में आपकी चूक के कारण भा.रि.बैं. के दिशानिर्देशों के अनुसार 7 अक्टूबर, 2019 को एनपीए खाता के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि. के प्राधिकृत अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैंने उपरोक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना तिथि 2 जनवरी, 2020 जारी कर आपको सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर आगे के ब्याज एवं लागतों के साथ ऋण खाता सं. 5788563 में रु. 68,96,717.55/-की उक्त ऋण राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया जिसमें विफल होने पर टीसीएफएसएल नीचे वर्णित संपत्ति पर टीसीएफएसएल के पक्ष में आपके द्वारा निर्मित प्रतिभूति हित के प्रवर्त्तन सहित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत वर्णित किसी या सभी अधिकारों का प्रयोग करेगा।

सम्पत्तियों की अनुसूची
1. कार्यालय सं. 201, माप 542.003 वर्ग फीट/सुपर एरिया (50.3838), दूसरा तल, ट्रेडेक्स कॉम्लैक्स जो आईएलडी ट्रेड सेन्टर के नाम विदित है, में जिसका विशेष रूप से विवरण बुक नं 1, वॉल्यूम नं. 13003, पेज 64, अतिरिक्त रुप से बुक नं. 1 वॉल्यूम नं. 2186, पेज 86 से 87 में दिया गया हो जो सब-रजिस्ट्रार ऑफ

मौसम

तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	20.0 डि.से.	20.0 डि.से.	20.0 डि.से.	21. डि.से.
न्यूनतम	10.0 डि.से.	10.0 डि.से.	9.0 डि.से.	9.0 डि.से.

खबरों में शहर

जेएनयू में हमलावरों की गिरफ्तारियों की मांग

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 जनवरी।

जेएनयू के छात्रों व शिक्षकों पर हुए हथियारबंद नकाबपोश गुंडों के हमले का दलित शोषण मुक्ति मंच ने कड़े शब्दों में निंदा की है। मंच का कहना है कि एबीवीपी द्वारा बाहरी अराजक तत्वों को गैरकानूनी तरीके से जेएनयू परिसर में प्रवेश कराकर छात्र-छात्राओं पर गंभीर हमला करवाया। पुलिस व जेएनयू प्रशासन ने नजरअंदाज किया और हमलावरों ने छात्राओं के छात्रावास में घुसकर उन्हें घायल किया तथा तोड़फोड़ की। आरोप लगाया गया है कि इस सारे प्रकरण में पुलिस की कार्यशैली संदिग्ध रही। यह हमला पूर्व नियोजित बताते हुए दलित शोषण मुक्ति मंच ने मांग की है कि हमलावर आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए एवं इस मानवीय कृत्य के लिए सख्त से सख्त सजा दी जाए। उपकुलपति व प्रॉक्टर के गैर जिम्मेदाराना रवैये पर उन्हें तुरंत बर्खास्त किया जाए।

कांग्रेस ने हिंसा की जांच के लिए बनाई समिति

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 6 जनवरी।

कांग्रेस ने जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में हुई हिंसा की घटना की जांच के लिए चार सदस्यीय तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया है। यह समिति एक सप्ताह के भीतर पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, कांग्रेस अध्यक्ष ने जिस तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया है उसमें महिला कांग्रेस की प्रमुख सुष्मिता देव, लोकसभा सदस्य हिबी इडेन, राज्यसभा सदस्य सैयद नासिर हुसैन और एनएसयूआइ की पूर्व अध्यक्ष अमृता धवन शामिल हैं।

परिसर में घुसने की नहीं मिली अनुमति

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 जनवरी।

जेएनयू में हिंसक हमले के बाद सोमवार को तृणमूल कांग्रेस के सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल छात्रों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने गया था लेकिन परिसर में घुसने की अनुमति नहीं दी गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी के नेतृत्व में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में सजदा अहमद, मानस भुंइया, विवेक मौजूद थे।

सीलमपुर हिंसा में दो बांग्लादेशी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 जनवरी।

सीलमपुर में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन और हिंसा मामले में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के विशेष जांच दल (एसआइटी) ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें दो बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। दोनों अवैध तरीके से दिल्ली में रह रहे थे। पांचों को दिल्ली की एक अदालत ने दो सप्ताह के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जांच से जुड़े पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार पांच लोगों में से दो बांग्लादेशी हैं, जबकि दो अन्य उत्तर प्रदेश से तथा एक सीमापुरी का है। आरोपियों में गाजियाबाद निवासी मोहम्मद शोएब (19), पीलीभीत निवासी मोहम्मद आमिर (24), सीमापुरी निवासी यूसुफ (40) और बांग्लादेशी नागरिकों-मोहम्मद आजाद तथा मोहम्मद सुभान के रूप में हुई है। साथ ही दो नाबालिगों को भी किशोर न्याय बोर्ड भेज दिया गया है।

एनईए चुनाव : निर्विरोध चुना गया मल्हन पैनल

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 6 जनवरी।

उद्यमियों के प्रमुख संगठन नोएडा एन्ट्रेप्रिनियोर्स एसोसिएशन (एनईए) के चुनाव में उम्मीदवारों का सोमवार दोपहर दो बजे नाम वापिस लेने का समय था। लेकिन किसी ने नाम वापस नहीं लिया। साथ ही किसी भी अन्य पैनल से किसी भी प्रत्याशी या उम्मीदवार ने चुनाव के लिए पर्चा दाखिल नहीं किया। पर्चा दाखिल नहीं होने से चुनाव अधिकारियों ने विपिन कुमार मल्हन और वीके सेठ पैनल को निर्विरोध विजयी घोषित किया।

आज के कार्यक्रम

पुस्तक मेला

सामयिक प्रकाशन : पाठकों से रचनात्मक संवाद कार्यक्रम, लेखक मंच, हॉल नंबर 12ए, विश्व पुस्तक मेला, प्रगति मैदान, समय साढ़े 12 बजे से।

सभा/संगोष्ठी

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर : 'कीज टू गर्वनेंस : द स्टील फ्रेम' पर चर्चा, कांफ्रेंस रूम एक, सेंटर परिसर, 40 मैक्समूलर मार्ग, शाम साढ़े छह बजे।

इंडिया हैबीटाट सेंटर : अर्बन इथोस एंड पाथोस ए सेलक्शन ऑफ राइटिंग्स ऑन सोसाइटल बिहेवियर, गवर्नेंस मिलयु एंड अर्बन इशूज, नामक किताब पर चर्चा, गुमलोहर हॉल, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम सात बजे।

कुलपति ने शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा

प्रदर्शन में शामिल कुछ विद्यार्थी कर रहे हिंसा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 जनवरी।

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कुलपति एम जगदीश कुमार ने सोमवार को छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता छात्रों के शैक्षणिक हितों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि सभी छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील करता हूं। विश्वविद्यालय अकादमिक गतिविधियों में हिस्सा लेने के इच्छुक सभी छात्रों के साथ है। हम सुनिश्चित करेंगे कि छात्रों का सर्दियों में होने वाला पंजीकरण बिना किसी रुकावट के पूरा हो। उन्हें इस प्रक्रिया के बारे में डरने की कोई जरुरत नहीं है।

जेएनयू के कुलपति की ओर से जारी बयान के मुताबिक मौजूदा हालात की जड़ में कारण यह है कि प्रदर्शन कर रहे कुछ छात्र हिंसा कर रहे हैं और बड़ी संख्या में प्रदर्शन में नहीं शामिल छात्रों की शैक्षणिक गतिविधियों को अवरुद्ध कर रहे हैं। बयान में कहा गया है कि प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने शीतकालीन सत्र का पंजीकरण रोकने के लिए विश्वविद्यालय का संचार सर्वर क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि हजारों छात्रों को शीतकालीन सत्र के लिए पंजीकरण कराने से रोका। उनकी मंशा साफ-साफ विश्वविद्यालय के कामकाज को नुकसान पहुंचाना है। यह सिर्फ गुंडागर्दी है और जेएनयू के सिद्धांतों के खिलाफ है। ऐसे किसी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और समुचित कार्रवाई की जाएगी। कुमार ने कहा कि जेएनयू प्रशासन

छात्रावास में बिखरा सामान

अपने छात्रों की रक्षा और सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाएगा। कुमार ने कहा कि छात्रों के हितों की रक्षा करने के लिए हम सभी को साथ खड़े होने की जरुरत है। कुछ प्रदर्शनकारियों को विश्वविद्यालय को ब्लैकमेल नहीं करने देना चाहिए। उनके मन में छात्रों के मौलिक अधिकारों के लिए कोई सम्मान नहीं है।

महिला आयोग ने भेजा नोटिस

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्लू) की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने जेएनयू में छात्राओं के साथ हुई हिंसा को लेकर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर मामले में दर्ज प्राथमिकी का ब्योरा मांगा है और हिंसा पर तत्काल कदम नहीं उठाने के कारण स्पष्ट करने को कहा है।

छात्रों से परिसर न छोड़ने की अपील

जेएनयू के प्रॉक्टर धनंजय सिंह ने सोमवार को छात्रों से परिसर नहीं छोड़ने की अपील की और उन्हें आश्वस्त किया कि हालात सामान्य करने के कदम उठाए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय परिसर में रविवार को हुए हमले की पृष्ठभूमि में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद सिंह ने कहा कि हम अपील करते हैं कि छात्र घबराएं नहीं और परिसर छोड़कर नहीं जाएं। सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने और परिसर में हालात सामान्य करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

छात्रों के आरोपों को किया खारिज

जेएनयू के छात्र संघ ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस से कई बार मदद की गुहार लगाई गई। पर पुलिस जेएनयू परिसर में देर से पहुंची। इन आरोपों को दिल्ली पुलिस ने सोमवार को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने पुलिस नियंत्रण कक्ष को किए गए फोन पर और कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने के लिये पेशेवर अंदाज में काम किया। दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता मनदीप सिंह रंधावा ने कहा कि जेएनयू की आंतरिक सुरक्षा विश्वविद्यालय प्रशासन के पास है।

कुलपति को हटना होगा : शिक्षक संघ

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (जेएनयूटीए) ने नकाबपोशों द्वारा छात्रों और अध्यापकों पर किए गए हमले के बाद सोमवार को कुलपति एम जगदीश कुमार को हटाने की मांग की। शिक्षकों ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिसा की जांच करने की मांग की। जेएनयूटीए ने कहा, 'कुलपति को जाना होगा।' प्राध्यापक सौगत भादुड़ी ने कहा कि प्राध्यापिका सुचरिता सेन सिर में गंभीर चोट लगने के कारण नहीं आ सकीं। जेएनयूटीए के पूर्व अध्यक्ष सोनझरिया मिज ने पूछा, 'जब यह हमला हो रहा था तब हमारे सर्वोच्च अधिकारी हमारे कुलपति कहाँ थे? कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गयी?'

जेएनयू हिंसा की अपराध शाखा कर रही जांच

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 जनवरी।

जेएनयू परिसर में रविवार को विद्यार्थियों और शिक्षकों पर हुए हमले के मामले में वसंत कुंज उत्तरी थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस के उपायुक्त देवेंद्र आर्य ने बताया कि हमले में कई विद्यार्थियों और शिक्षकों को चोटें पहुंची थी। हमले में जेएनयू छात्र संघ की अध्यक्षा आईषी घोष भी घायल हुई हैं। इस संबंध में पुलिस को कई शिकायते मिली हैं, जिनके आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने हिंसा, दंगा और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इस मामले की आगे की जांच दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को सौंप दी गई है। दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता मनदीप सिंह रंधावा ने कहा कि अपराध शाखा को कुछ अहम सुराग मिले हैं और उन पर काम किया जा रहा है।

पुलिस ने बताया कि जेएनयू प्रशासन की ओर से बुलाने के बाद बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस के जवान रविवार रात को जेएनयू परिसर पहुंचे और मामले को शांत करवाने की कोशिश की। सोमवार को भी करीब 700 पुलिस के जवानों को परिसर में तैनात किया गया। साथ ही वसंत कुंज और मुनिरका की ओर से आने वाले मार्ग पर आवाजाही बंद कर दी गई। पुलिस ने बताया कि सोमवार को कुछ प्रदर्शनकारियों ने हमलावरों पर कार्रवाई की मांगे करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस प्रवक्ता मनदीप सिंह रंधावा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। जेएनयू, जामिया और डीयू के छात्रों और शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली पुलिस के प्रवक्ता को एक ज्ञापन सौंपा है। दिल्ली विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजीब रे ने कहा कि पुलिस ने हमें आश्वासन दिया है कि वह मामले की जांच करेगी और हमारी मांगों पर गौर करेगी।

केंद्र और पुलिस के खिलाफ अवमानना याचिका दायर

नई दिल्ली (भाषा)। सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है जिसमें जेएनयू में भीड़ हिंसा को रोकने और इससे निपटने के लिए शीर्ष अदालत के निर्देश का कथित तौर पर पालन न करने को लेकर केंद्र और दिल्ली पुलिस के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की गई है। तहसीन पूनावाला द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि शीर्ष अदालत ने 17 जुलाई, 2018 को सरकार और पुलिस अधिकारियों के लिए भीड़ हिंसा को रोकने और इससे निपटने के वास्ते एहतियातन दिशा-निर्देश जारी किए थे तथा निष्कर्ष दिया था कि कोई भी व्यक्ति निजी हैसियत से या समूह के रूप में कानून को अपने हाथों में नहीं ले सकता और दूसरे से दोषी के रूप में व्यवहार नहीं कर सकता। याचिका में कहा गया कि कथित अवमाननकर्ता/प्रतिवादी (भारत सरकार) जेएनयू परिसर में पांच जनवरी, 2020 को घुसने वाले नकाबपोश शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रही है और दोषियों के खिलाफ अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है।

उपराज्यपाल से गृहमंत्री ने जेएनयू मामले में की बात

गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल से सोमवार को फोन पर बात की और उनसे कहा कि जेएनयू के प्रतिनिधियों को बातचीत के लिए बुलाएं। गृह मंत्री ने कल दिल्ली पुलिस के प्रमुख अमूल्य पटनायक से भी बात कर जांच की रिपोर्ट भी मांगी है।

दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि हिंसा से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज मिली है। साथ ही सोशल मीडिया पर कई वीडियो और मैसेज वायरल हुए हैं, जो शक के घेरे में है। फिलहाल टीमें फुटेज और मैसेज की छानबीन कर रही है।

वोल्वो और स्कैनिया से यात्रा में छूट

आराम का सफर

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 6 जनवरी।

रेलवे में फ्लैक्सी फेयर की तर्ज पर उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने उच्च श्रेणी वाली बसों में टेलीस्कोपिक फेयर प्रणाली (टीएफएस) लागू कर दिया गया है। यानी जितनी लंबी दूरी की यात्रा होगी, उतना कम किराया मुसाफिरों को देना पड़ेगा। लखनऊ से दिल्ली की यात्रा करने वाले यात्रियों को 15 फीसद की छूट मिलेगी।

यूपी परिवहन निगम के एआरएम अनुराग यादव के मुताबिक, लखनऊ से दिल्ली की दूरी 600 किलोमीटर है। इस दूरी के लिए यात्रियों को 189 रुपए की छूट मिलेगी। लखनऊ में 52 बसों में टीएफएस का प्रयोग शुरू किया जा रहा है। जिसमें यात्रियों को छूट दी जाएगी। टीएसएफ में दूरी के अनुसार किराए की श्रेणी तय की गई है। जैसे- जैसे दूरी बढ़ती जाएगी, उसी आधार पर किराए में छूट मिलेगी। 100 किलोमीटर तक की दूरी के किराए में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसके बाद 150 किलोमीटर पर 1.5 फीसद की छूट मिलनी शुरू हो जाएगी। इसके बाद प्रत्येक 50 किलोमीटर पर यात्रियों को डेढ़ फीसद की छूट मिलती जाएगी। यह छूट अधिकतम 15 फीसद तक की होगी। भले ही यात्रा 600 किलोमीटर से ज्यादा दूरी की हो। यूपी रोडवेज अधिकारियों के अनुसार स्कैनिया और वॉल्वो बसों में लखनऊ से दिल्ली जाने वाली बसों में 80 फीसद अग्रिम (एडवांस) बुकिंग होती है। ऐसे में जिन यात्रियों ने पहले टिकट बुक करा ली होगी, उन्हें करीब 150 रुपए के हिसाब से रकम वापस की जाएगी।

लंबी दूरी की यात्रा पर कम लगेगा किराया

परीक्षण के तौर पर दिल्ली से लखनऊ के बीच शुरू हुई प्रणाली

विधानसभा चुनाव : काम पर दिल्ली फतह की तैयारी

भाजपा व 'आप' पीछे, कांग्रेस ही विकल्प : सुरजेवाला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 6 जनवरी।

कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया कि भाजपा व आम आदमी पार्टी (आप) ने अपनी आपसी लड़ाई में देश की राजधानी को विकास की दौड़ में बहुत पीछे छोड़ दिया।

लिहाजा, इस बार दिल्ली की जनता बदलाव के लिए वोट करेगी तथा भाजपा और आम आदमी पार्टी को खारिज करेगी। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा कि दोनों पार्टियों ने पांच साल एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप में बर्बाद कर दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी की लड़ाई में दिल वालों की दिल्ली विकास में पीछे छूट गई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि दिल्ली की परिवहन व्यवस्था खत्म हो गई है। सुरजेवाला ने कहा कि दिल्ली बदलाव चाहती है। यहां के विकास का एक ही रास्ता है और वो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस है।

विकास के मुद्दे पर चुनाव : केजरीवाल

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 6 जनवरी।

दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद कहा कि यह चुनाव काम के आधार पर लड़ा जाएगा। केजरीवाल ने दिल्ली वालों से अपील की कि यदि उन्हें लगता है कि आम आदमी पार्टी की अगुआई वाली दिल्ली सरकार ने काम किया है, तभी वे आम आदमी पार्टी को वोट दें। यदि उन्हें लगता है कि सरकार ने काम नहीं किया है, तो वे वोट बिल्कुल मत दें। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद केजरीवाल ने संवाददाताओं से कहा कि आम आदमी पार्टी चुनाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव विकास के मुद्दे पर होगा। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने भाजपा को जिम्मेदारी दी है पुलिस संभालने की, नगर निगम संभालने की और डीडीए को संभालने की, वहीं आम आदमी पार्टी को जिम्मेदारी दी है शिक्षा विभाग की, चिकित्सा विभाग की, लोक निर्माण विभाग की, जल बोर्ड की और अन्य कई विभागों की।

कामकाज के आधार पर लड़े जाएंगे चुनाव : जावडेकर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 6 जनवरी।

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने सोमवार को कहा कि दिल्ली में चुनाव कामकाज के आधार पर लड़े जाएंगे, झूठ के आधार पर नहीं और प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता में लाने का मन बना चुकी है।

दिल्ली भाजपा के चुनाव प्रभारी जावडेकर ने संवाददाताओं से कहा कि तरक्की में रोड़े अटकाने वाले कार्य अब समाप्त होंगे और विकास का रास्ता अख्तियार होगा। दावा किया कि दिल्ली की जनता भाजपा को सत्ता में लाने का मन बना चुकी है। कहा कि दिल्ली में अब ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार ने राजनीतिक दुर्भावना से दिल्ली में मोदी सरकार की योजनाओं को लागू नहीं होने दिया। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार ने आयुष्मान भारत योजना सहित कई योजनाओं को रोक दिया।

सौ इमारतें व स्पोर्ट्स कांप्लेक्स ध्वस्त करने का आदेश

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 6 जनवरी।

हिंडन नदी के डूब इलाके में अवैध रूप से बने स्पोर्ट्स कांप्लेक्स समेत व्यावसायिक गतिविधियां लंबे समय बाद अफसरों के निशाने पर आए हैं। किराए पर उठाए गए स्पोर्ट्स कांप्लेक्स समेत डूब क्षेत्र में बनी 100 पक्की इमारतों को नोटिस जारी किए गए हैं। डूब क्षेत्र में बने पक्के मकान तोड़ने और जमीन खाली करने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है।

उसके बाद प्राधिकरण का दस्ता इन इमारतों को ध्वस्त करेगा। हाल ही में प्राधिकरण ने डूब इलाके में करीब 120 करोड़ रुपए कीमत की 50 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया था। हिंडन नदी और बांध के बीच नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट के कई गांव हैं। इनमें गढ़ी चौखंडी, छिजारसी, कनावनी, बहलोलपुर, चोटपुर, चिपियाना खुर्द, चक शाहबेरी, सौहरखा जाहिदाबाद, जलपुरा, हल्दौनी, हैबतपुर, अलीवर्दीपुर व ककराला आदि हैं।

इन गांवों की जमीन से हिंडन डूब क्षेत्र जुड़ता है। सेक्टर-120 के पास डूब क्षेत्र में आने वाली जमीन के छोटे-छोटे भूखंड काट कर अवैध रूप से बेचे जा रहे हैं। जिसके चलते डूब क्षेत्र में अवैध निर्माण लगातार और तेजी के साथ बढ़ता जा रहा है। आवासीय के अलावा व्यावसायिक कार्य भी यहां जमकर किया जा रहा है। यहां पीजी के अलावा होटल भी बने हैं। करीब 150 से अधिक पक्की इमारतों का निर्माण किया जा चुका है। जबकि करीब 100 इमारतों में निर्माण जारी है। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में करीब आधा दर्जन से अधिक स्पोर्ट्स कांप्लेक्स हैं। जिन्हें 15-20 हजार रुपए प्रतिदिन के किराए के आधार पर दिया जा रहा है। गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा के नजदीक होने के चलते इनका खूब इस्तेमाल हो रहा है। इससे न केवल राजस्व का नुकसान बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी यह नुकसानदायक है। प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने डूब क्षेत्र में चल रही व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर नाराजगी जताते हुए ध्वस्त करने की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

एसएसपी वैभव कृष्ण के समर्थन में सौंपा ज्ञापन

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोडा, 6 जनवरी।

एसएसपी वैभव कृष्ण का कथित वीडियो वायरल होने के मामले में भारतीय किसान यूनियन, एक्टिव सिटीजन टीम, व्यापार मंडल सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग एसएसपी के समर्थन में खड़े हो गए हैं। सोमवार को उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल, भारतीय किसान यूनियन एवं एक्टिव सिटीजन टीम के पदाधिकारी जिलाधिकारी से मिले और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। सबका कहना है कि कुछ असामाजिक तत्व एसएसपी की छवि को धूमिल करना चाहते हैं।

दिल्ली चुनाव में दिखेगा पार्टियों के माहौल का असर

मनोज मिश्र
नई दिल्ली, 6 जनवरी।

दिल्ली विधानसभा चुनाव का बिगुल बज गया। आठ फरवरी को मतदान के बाद 11 फरवरी को तय होगा कि आम आदमी पार्टी (आप) के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चुनाव जीतने का जो माहौल बनाया, उसमें कितना दम है। यह भी तय होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम और केंद्र सरकार के काम पर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी भाजपा क्या 22 साल का दिल्ली में सरकार में आने का वनवास खत्म कर पाएगी और वजूद की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस अपने को किस हैसियत में पहुंचाती है।

फरवरी, 2015 में 70 सदस्यों वाली विधानसभा में 67 सीटें जीत कर सत्ता में आई 'आप' के नेता इस बात को निश्चिंत दिख रहे हैं कि दिल्ली के एक करोड़ 46 लाख से ज्यादा मतदाता उनके चुनावी वायदों पर सवाल उठाएंगे। विपक्षी दल उनसे सवाल कर रहा है कि साढ़े चार साल तक कुछ न करने वाले केजरीवाल अचानक कुछ महीने में दिल्ली को स्वर्ग बनाने का दावा करने लगे हैं। मुख्यमंत्री की हर रोज की घोषणाओं ने दिल्ली का माहौल पहले ही चुनावी बना दिया था।

लोकसभा चुनाव में तो 'आप' न केवल चुनाव हारी बल्कि उसे इस चुनाव में सबसे कम करीब 18 फीसद वोट मिले। कांग्रेस 22.50 वोट लाकर दूसरे नंबर पर रही। भाजपा को 57 फीसद वोट मिले। विधानसभा के हिसाब से इस नतीजे में भाजपा 70 में से 65 सीटों पर और कांग्रेस पांच विधानसभा सीटों पर पहले नंबर पर रही। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल समेत सरकार के सात में से पांच मंत्रियों के इलाके में 'आप' तीसरे नंबर पर रही। 2015 के विधानसभा चुनाव के बाद 'आप' का राजनीतिक ग्राफ लगातार गिरा है। ईमानदार सरकार के दावे की खिल्ली उड़ी है। एक मंत्री जाली प्रमाण पत्र के चक्कर में, दूसरे रिश्वत लेने के आरोप में और तीसरे सेक्स कांड में फंस चुके थे। इसके अलावा अनेक मामलों में अनेक नेता फंसते ही गए, उसकी सूची काफी लंबी हो गई है।

वैसे यह भी अजीब रहा कि लोकसभा चुनाव के बाद 'आप' नेता भाजपा के आला नेताओं के खिलाफ बोलना बंद कर दिया। करीब 1800 अनधिकृत कॉलोनियों में मालिकाना हक देने के केंद्र सरकार के फैसले से 'आप' परेशान दिखी और अपने वोट बैंक में सेंध लगने के डर से 'आप' नेता कुछ समय के लिए केंद्र सरकार पर हमला करने लगे हैं। लोकसभा चुनाव में भी 'आप' को कोई सीट नहीं मिली थी लेकिन तब वह दूसरे नंबर पर रही। 'आप' और भाजपा के वोटों का अंतर 13 फीसद था, इस बार अंतर करीब 39 फीसद है। पहली बार जीतने पर 'आप' सरकार 49 दिन चली। दूसरी बार बिजली पानी सस्ता करने के नाम पर फरवरी, 2015 में प्रचंड बहुमत से सरकार बनी। राजनीतिक पार्टी बनाने से पहले अरविंद केजरीवाल ने जुलाई, 2012 में जंतर मंतर पर 12 दिन का धरना दिया था।

लेकिन पहला बेमियादी अनशन बिजली के मुद्दे पर मार्च 2013 में सुंदर नगरी में 15 दिनों तक किया और वही अनशन उनकी राजनीतिक सफलता का सबसे बड़ा कारण माना जाता है। इसी के बूते ही वे 2013 के विधानसभा में 28 सीटें और 2015 के विधानसभा चुनाव में 70 में से 67 सीटें जीती। भाजपा को तीन सीट मिली और 15 साल दिल्ली में सत्ता में रही कांग्रेस के वोट दस फीसद से भी कम हो गए। पहली सरकार के दौरान कुछ पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई के लिए उन्होंने जनवरी, 2014 में रेल भवन पर धरना दिया। दोबारा सत्ता में आने पर उनके काम का तरीका बदल गया। स्थापना की मूल बातें बदल गई और अलग-अलग दलों से आए पार्टी विधायक और केजरीवाल के समेत उनके करीबी लोग दूसरे दलों के रंग में रंगने लगे।

पंजाब विधानसभा और दिल्ली में राजौरी गार्डन विधानसभा चुनाव से उनका राजनीतिक ग्राफ गिरने लगा और 2017 के नगर निगमों के चुनाव में तो जिस कांग्रेस को 'आप' ने हाशिए पर ला दिया था, वह बराबरी पर आने लगी थी। 'आप' के हौसले इसलिए भी बुलंद हैं कि लोकसभा चुनाव में उसे तीसरे नंबर पर ढकेलने वाली कांग्रेस फिर से अपने वजूद को बचाने की लड़ाई लड़ रही है और भाजपा अब तक दिल्ली में मुख्यमंत्री उम्मीदवार पर फैसला नहीं कर पाई। विधानसभा के मुद्दे लोकसभा से अलग होते हैं लेकिन फिर भी भाजपा नेता दिल्ली चुनाव प्रधानमंत्री के नाम पर लड़ने की तैयारी में हैं।

www.readwhere.com

साथ बैठकर मतभेद सुलझाएं वाडिया और टाटा

मानहानि मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नुस्ली वाडिया से कहा

नई दिल्ली, 6 जनवरी (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बांबे डाइंग के अध्यक्ष नुस्ली वाडिया और टाटा संस के अवकाश प्राप्त अध्यक्ष रतन टाटा से कहा कि वे एकसाथ बैठकर मानहानि के मामले में अपने मतभेद सुलझाएं। वाडिया ने 2016 में रतन टाटा और टाटा संस के अन्य निदेशकों के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला उस वक्त दायर किया था जब उन्हें टाटा समूह की कुछ कंपनियों के निदेशक मंडल से निकाल दिया गया था।

प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत के पीठ ने इस मामले की सुनवाई 13 जनवरी के लिए स्थगित करते हुए कहा, 'आप दोनों परिपक्व व्यक्ति हैं। आप दोनों उद्योग जगत के नेता हैं। आप दोनों इस मामले को सुलझा क्यों नहीं लेते। आप दोनों एकसाथ बैठकर अपने मतभेद सुलझा क्यों नहीं लेते।' पीठ शुरू में तो बंबई हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए इस मामले का निपटारा करना चाहती थी। हाई कोर्ट ने कहा था कि इसमें मानहानि करने की कोई मंशा नहीं थी। लेकिन बाद में पीठ ने इसे 13 जनवरी के लिए उस समय स्थगित कर दिया जब वाडिया के वकील ने कहा कि इस मामले में अलग से दायर एक वाद के बारे में उन्हें अपने मुवक्किल से निर्देश प्राप्त करने होंगे।

इससे पहले, वाडिया की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज किशन कौल ने कहा कि वे टाटा समूह के खिलाफ नहीं हैं और न ही निदेशक मंडल से हटाए जाने की वजह से हुई मानहानि की भरपाई के लिए कोई दावा कर रहे हैं। कौल ने कहा, 'मैं कंपनी के खिलाफ नहीं हूं, जिसने मुझे हटाया। मैं उन व्यक्तियों के खिलाफ हूं जिन्होंने इस प्रस्ताव के लिए बैठक बुलाई, जिसे अंततः मीडिया को लीक किया गया।' उन्होंने कहा कि उन्हें आरोपों को वापस लेना चाहिए। पीठ ने वाडिया से कहा कि रतन टाटा और अन्य को उनसे भी कुछ शिकायतें हैं और सवाल यह है कि इसे मानहानि कैसे माना जाए।

रतन टाटा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि वाडिया ने जवाब मांगने के लिए कानूनी नोटिस दिया है। उन्होंने कहा कि बंबई हाई कोर्ट का निष्कर्ष है कि उनकी मानहानि करने की कोई मंशा नहीं थी और शीर्ष अदालत को इसे दर्ज करके याचिका का निपटारा कर देना चाहिए। पीठ ने हाई कोर्ट के निष्कर्ष को सही ठहराने संबंधी आदेश लिखाना जब खत्म किया तो कौल ने कहा कि उन्हें निर्देश मिला है कि उनके मुवक्किल इस मामले में मानहानि का वाद जारी रखना चाहते हैं। इस पर पीठ ने उसे समझ में नहीं आ रहा कि वे (वाडिया) इस मुकदमे को क्यों आगे ले जाना चाहते हैं।

अभिनेता के खिलाफ आरोप तय

कोच्चि, 6 जनवरी (भाषा)।

दक्षिण भारत की एक अभिनेत्री के 2017 में अपहरण और छेड़छाड़ के मामले में एक निचली अदालत ने मलयालम फिल्म अभिनेता दिलीप और अन्य के खिलाफ आरोप तय किए हैं। अभिनेता और नौ अन्य आरोपी एर्णाकुलम में अतिरिक्त विशेष सत्र न्यायाधीश की अदालत में पेश हुए जहां उनके खिलाफ आरोप तय किए गए। सभी ने आरोपों से इनकार किया है। अदालत ने शनिवार को दिलीप द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया था जिसमें उन्होंने उन्हें आरोपियों की सूची से बाहर करने का अनुरोध किया था।

गुजरात : तस्करी के आरोप में पांच पाकिस्तानी पकड़े गए

अमदाबाद, 6 जनवरी (भाषा)।

गुजरात के समुद्र तट से नाव पर सवार पांच पाकिस्तानी नागरिकों को सोमवार सुबह पकड़ा गया, जब वे राज्य में ड्रग्स की तस्करी करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी।

कच्छ-पश्चिम के पुलिस अधीक्षक सौरभ तोलम्बिया ने बताया कि कच्छ जिले के जखाउ तट के पास पांच लोगों के पास से संदिग्ध ड्रग्स के करीब 35 पैकेट जब्त किए गए।

नाम सिक्योरिटीज लिमिटेड
सीआईएन : L74899DL1994PLC350531
पंजीकृत कार्यालय : 213, अरुणाचल बिल्डिंग, 19, बाराखम्भा रोड, नई दिल्ली-110001
ई-मेल आईडी : compliance@namsecurities.in,
वेबसाइट : www.namsecurthesin,
दूरभाष : 011-23731122/44

सूचना

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटन अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसार एतद्वारा सूचना दी जाती है कि अन्य बातों के साथ-साथ 31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही तथा नौमाही हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार करने तथा अनुमोदन के लिए नाम सिक्योरिटीज लिमिटेड के निदेशक मण्डल की एक बैठक मंगलवार, 14 जनवरी, 2020 को इसके पंजीकृत कार्यालय 213, अरुणाचल बिल्डिंग, 19, बाराखम्भा रोड, नई दिल्ली-110001 पर 04.00 बजे अपराह्न आयोजित की जायेगी। पुनः सेबी (आन्तरिक व्यापार निषेध) (संशोधन) विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुसार व्यापार निषेध अवधि के सम्बन्ध में 2 अप्रैल, 2019 को इनसाइडर तथा बीएसई एवं बाहरी द्वारा ट्रेडिंग के विनियमन, निगरानी तथा प्रतिवेदन के संचालन के लिए कम्पनी की आचार संहिता के कारण व्यापारिक खिड़की परिणामों की घोषणा की पूर्णता के 48 घण्टे पश्चात 14 जनवरी, 2020 तक बन्द रहेगी।
यह सूचना बीएसई की वेबसाइट (https://www.bseindia.com/) तथा कम्पनी की वेबसाइट (http://mwe.namsecurilies.in/) पर उपलब्ध है।

कृते नाम सिक्योरिटीज लिमिटेड
ह./-
दिनांक : 06 जनवरी, 2020 — किरण गोयल
स्थान : दिल्ली — प्रबन्ध निदेशक

"प्रपत्र सं. आईएनसी-26"
[कम्पनी (निगमन) नियमावली 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
कम्पनी का पंजीकृत कार्यालय एक राज्य से दूसरे राज्य में स्थानांतरित करने के लिए समाचारपत्र में प्रकाशन हेतु विज्ञापन
केन्द्र सरकार, (क्षेत्रीय निदेशक, नई दिल्ली) उत्तरी क्षेत्र के समक्ष
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) तथा कम्पनी (निगमन) नियमावली 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खण्ड (क) के विषय में
तथा
सुर संगम इलेक्ट्रोनीडिया प्राइवेट लिमिटेड (सीआईएन : U71909DL2000PTC107077) के विषय में जिसका पंजीकृत कार्यालय 4ए/10, द्वितीय तल, झंडेवालान राजिन्दर नगर दिल्ली - 110060 में स्थित है
.....याचिकादाता
एतद्द्वारा जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि कम्पनी द्वारा इसका पंजीकृत कार्यालय **"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "उत्तर प्रदेश राज्य"** में स्थानांतरित करने के लिए कम्पनी को सक्षम बनाने के संबंध में शुक्रवार 26 दिसम्बर 2019 को आयोजित इसकी असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के निष्कर्षों के अनुसार कम्पनी के सदस्य बनाने से संबंधित की पुष्टि की याचना हेतु कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 13 के अधीन एक आवेदन केन्द्र सरकार (क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली) के समक्ष प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है।
कोई भी व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, अपने हित के स्वरूप तथा विरोध के आधार के उल्लेखकारी शपथपत्र द्वारा समर्थित अपनी आपत्तियां निदेशक शिकायत प्रपत्र तरकर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर सुपुर्द कर सकता है अथवा क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, बी-2 विंग, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 को इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर सुपुर्द कर्त्ता सकता है अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकता है, जिसकी एक प्रति आवेदक कम्पनी के नीचे लिखे पते पर स्थित पंजीकृत कार्यालय भेजी जानी चाहिए -
पंजीकृत कार्यालय : 4ए/10, द्वितीय तल, झंडेवालान राजिन्दर नगर, दिल्ली - 110060
कृते एस. डिले आवेदक
सुर संगम इलेक्ट्रोनीडिया प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता./-
तिथि : 06-01-2020 — संजीव मायना
स्थान : दिल्ली — (निदेशक)
डीआईएन : 00838230
पता: एम-28, सेक्टर-27, नोएडा-201301

फार्म नं. आईएनसी-26
[कम्पनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्रीय सरकार, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली के समक्ष तथा संशोधित कम्पनी अधिनियम, 2013 के कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 13(4) और कम्पनी (निगमन) नियम 2014 के नियम 30(5)(ए) के मामले में
और
कनव कैपिटल एडवाईजरज प्रा0 लि0, पंजीकृत कार्यालय- डी-13/28, सैक्टर-8, रोहिणी, दिल्ली-110085 के मामले में
.....याचिकाकर्ता
एतद द्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि कम्पनी ने कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के तहत कम्पनी के मेमोरेंडम आफ एसोसिएशन में परिवर्तन लाने हेतु पुष्टिकरण के लिए केन्द्र सरकार को आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव किया है, यह विशेष प्रस्ताव एक असाधारण आम बैठक में कम्पनी को सक्षम करने हेतु 06.01.2020 को आयोजित बैठक में पंजीकृत कार्यालय को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से **हरियाणा राज्य** में बदलने हेतु पारित किया गया।
यदि किसी व्यक्ति का हित कम्पनी के इस पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित हो तो वे इसका कारण देते हुए आपत्ति हलफनामा में उल्लेख करते हुए जिसमें उनके हित/विरोध के आधार हो **एम सी ए 21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निदेशक शिकायत फार्म दर्ज करें** या क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कारपोरेट कार्य मंत्रालय **बी-2 विंग, दूसरा तल, दीनदयाल अन्तोदय भवन, सीजीओ काम्पलैक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003** को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित करे तथा इसकी एक कार्बन आवेदक कम्पनी को उसके ऊपर लिखे पंजीकृत कार्यालय पर इस सूचना के छपने के 14 (चौदह) दिनों के भीतर भेज दें।
कृते कनव कैपिटल एडवाईजरज प्रा0 लि0
हस्ता/-
गौरव सुद
तारीख: 06.01.2020 — निदेशक
स्थान: दिल्ली — डीआईएन: 00672008

Karnataka Bank Ltd.
आपका पारिवारिक बैंक। पूरे भारत में
प्रधान कार्यालय: मंगलुरु - 575002 — CIN : L85110KA1924PLC001128
आस्ति वसूली प्रबन्धन शाखा, 8-बी, प्रथम तल, राजेन्द्रा पार्क, पूसा रोड, नई दिल्ली-110060, दूरभाष : 011-25813466 मोबाइल : 9319891680
वेबसाइट : www.karnatakabank.com, ई-मेल : delhiarm@ktkbank.com

अचल सम्पत्ति की विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना

एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिस पर कर्नाटका बैंक लि., प्रतिभूत लेनदार के अधिकृत प्राधिकारी ने प्रथम तल एवं टेरेस सहित द्वितीय तल पर 08.09.2017 को तथा भूतल पर 09.09.2017 को भौतिक कब्जा किया है, (1) मैसर्स अरिहन्त इण्डस्ट्रीज, इसके प्रतिनिधि प्रोपराइटर श्री श्रीपाल जैन, कक्ष सं. 201-202, प्लॉट सं. 189-191, दूसरी मंजिल, लारेन्स रोड, इण्डस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली-110035, (2) श्री श्रीपाल जैन पुत्र श्री दौलत राम जैन, आरजेड-116, सन्तोष पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059, (3) श्रीमती रेनू जैन पत्नी श्री श्रीपाल जैन, आरजेड-116, सन्तोष पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 जो कर्जदार/जमानती/सह-दायित्व निर्वहनकर्ता हैं, से बैंक की कुल राशि रु. 3,22,66,446.25 (रुपये तीन करोड़ बाईस लाख छियासठ हजार चार सौ छियालीस एवं पच्चीस पैसे मात्र) तथा 01.01.2020 से भावी ब्याज + पीएस ओवरड्राफ्ट खाता 5627000600001301 के तहत लागतों सहित कर्नाटक बैंक लि., विकासपुरी शाखा-दिल्ली, प्रतिभूत लेनदार के प्रति बकाया की वसूली हेतु 31.01.2020 को "जहाँ है जैसे है", "जो भी है यही है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है" के आधार पर विक्रय किया जायेगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

1) खसरा नं. 44/12, ग्राम हस्तसाल, दिल्ली एस्टेट, आबादी मोहन गार्डन कॉलोनी, ब्लॉक-एल-II, उत्तम नगर, नई दिल्ली-110059 पर छत/टेरेस सहित प्लॉट सं. 4-ए, माप 125 गज पर निर्मित भवन का सम्पूर्ण भाग जो श्रीमती रेनू जैन से सम्बद्ध है।
सीमाएँ : पूर्व : सम्पत्ति का भाग — पश्चिम : सम्पत्ति का भाग
उत्तर : 40 फीट चौड़ी सड़क — दक्षिण : सर्विस लेन
आरक्षित मूल्य/अपसेट मूल्य जिसके कम मूल्य पर सम्पत्ति नहीं बेची जा सकती है : रु. 1,25,00,000.00 (रुपये एक करोड़ पच्चीस लाख मात्र)
जमा की जाने वाली/निविदाकृत धरोहर राशि : रु. 12,50,000/- (रुपये बारह लाख पचास हजार मात्र)।
(प्रतिभूत आस्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय-सीमा के सम्बन्ध में कर्जदारों/बंधककर्ताओं का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) की ओर आकृष्ट किया जाता है।
(यह सूचना कर्जदाताओं/जमानतियों के लिए प्रतिभूत हित प्रवर्तन नियम-2002 के नियम (9) के उपनियम (1) के तहत सूचना भी होगी।)
विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया कर्नाटका बैंक लिमिटेड की वेबसाइट www.karnatakabank.com में "mortgaged assets for sale" शीर्षक के तहत लिंक देखें।
ई-नीलामी 05 मिनट के असीमित विस्तार सहित 31.01.2020 को 11.00 बजे प्रातः से 12.00 बजे दोपहर तक पोर्टल https://bankauctions.in/ के माध्यम से संचालित की जायेगी। इच्छुक संविदाकार को https://bankauctions.in/ पर अपना नाम पंजीकृत करना तथा निःशुल्क यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करना अपेक्षित है तथा मैसर्स 4क्लोजर, फ्लैट सं. 102, प्लॉट सं. 20, अमृता अपार्टमेंट्स, मोतीनगर, हैदराबाद-500018, सम्पर्क नं. 040-23836405, मोबाइल : 8142000809, ई-मेल : vikas@bankauctions.in तथा info@bankauctions.in से ई-नीलामी के विषय में ऑनलाइन प्रशिक्षण (30.01.2020 से सम्भावित) प्राप्त कर सकते हैं।
तिथि : 06.01.2020 — कृते कर्नाटका बैंक लिमिटेड,
स्थान : दिल्ली — मुख्य प्रबन्धक एवं अधिकृत प्राधिकारी

टाटा कैपिटल फाईनांशियल सर्विसेस लिमिटेड
TATA
संपर्क पता : 7वीं मंजिल विडियोकॉन टॉवर, झण्डेलवालन एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110055

मांग सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 ("नियमावली") के नियम 3 के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 ("अधिनियम") की धारा 13 (2) के अंतर्गत

सेवा में
1. **सुधीर बजाज,**
एच नं. 21, डीएलएफ फेज-3, मॉल सिरी रोड, ग्राम नाथपुर, तहसील गुरुग्राम, हरियाणा-122001
साथ हीं: सी-898 डी (बी), सुशांत लोक-I, गुरुग्राम, हरियाणा-121001
2. **नरेन्दर बजाज,**
एच नं. 21, डीएलएफ फेज-3, मॉल सिरी रोड, ग्राम नाथपुर, तहसील गुरुग्राम, हरियाणा-122001
साथ हीं: सी-898 डी (बी), सुशांत लोक-I, गुरुग्राम, हरियाणा-121001
3. **श्रीमती कान्ता बजाज एवं कान्ता, पत्नी श्री सुधीर बजाज**
एच नं. 21, डीएलएफ फेज-3, मॉल सिरी रोड, ग्राम नाथपुर, तहसील गुरुग्राम, हरियाणा-122001
साथ हीं: सी-898 डी (बी), सुशांत लोक-I, गुरुग्राम, हरियाणा-121001
4. **श्रीमती शैली बजाज एवं कान्ता, पत्नी श्री सुधीर बजाज**
एच नं. 21, डीएलएफ फेज-3, मॉल सिरी रोड, ग्राम नाथपुर, तहसील गुरुग्राम, हरियाणा-122001
5. **मै. इन्टरलिंक्स ओवरसीज प्रा. लि., द्वारा: 301, गगनदीप बिल्डिंग, 12, राजेन्द्र प्लेस, दिल्ली**-110008
साथ हीं: एच नं. 21, डीएलएफ फेज-3, मॉल सिरी रोड, ग्राम नाथपुर, तहसील गुरुग्राम, हरियाणा-122001
साथ हीं: सी-898 डी (बी), सुशांत लोक-I, गुरुग्राम, हरियाणा-121001

प्रिय महोदय/महोदया,
एलएएन 5033677 में 29.6.2015 को टीसीएफएसएल द्वारा आपको स्वीकृत होम इक्विटी (एलएपी) ऋण के अंतर्गत आगे के ब्याज के साथ 17.12.2019 को टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि. (यहां के बाद टीसीएफएसएल वर्णित) के लिये ऋण खाता सं. 5033677 में रु. 1,50,08,747.14 (रुपये एक करोड़ पचास लाख आठ हजार सात सौ सैंतालिस पैसे चौदह मात्र) की राशि बकाया हो गया है। हमारी बार-बार की गई मांगों के बावजूद आपने अपनी खाता में बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है जिसे टीसीएफएसएल के बकाये के पुनर्भुगतान में आपकी चूक के कारण भा.रि.बैं. के दिशानिर्देशों के अनुसार 14 दिसम्बर, 2019 को एनपीए खाता के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है। वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि. के प्राधिकृत अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करते हुए मैंने उपरोक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना तिथि 17 दिसम्बर, 2019 जारी कर आपको सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर आगे के ब्याज एवं लागतों के साथ ऋण खाता सं. 5033677 में रु. 1,50,08,747.14 (रुपये एक करोड़ पचास लाख आठ हजार सात सौ सैंतालिस तथा पैसे चौदह मात्र) की उक्त ऋण राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया जिसमें विफल होने पर टीसीएफएसएल नीचे वर्णित संपत्ति पर टीसीएफएसएल के पक्ष में आपके द्वारा निर्मित प्रतिभूति हित के प्रवर्त्तन सहित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत वर्णित किसी या सभी अधिकारों का प्रयोग करेगा।

समपत्तियों की अनुसूची
ग्राम सरहौल, चकरपुर सलोखरा, कन्हाई एवं वजीराबाद, जिला गुरुग्राम, हरियाणा में तथा आस-पास स्थित सुशांत लोक में 'सुशांत गार्डन' में सम्पत्ति सं. सी-898 डी (बी), ब्लॉक नं. सी, क्षेत्रफल माप 673.00 वर्ग फीट विशेष विवरण टाइटल डीड में दिया गया। चौहद्दी: उत्तरः सी-898 'सी', दक्षिणः रोड, पूर्वः सी- 897 'डी', पश्चिमः सी-899 डी'।
चूंकि सूचना 17 दिसम्बर, 2019 आपके उस पते जिसमें आप मूल रूप से निवास/ व्यवसाय/ व्यक्तिगत लाभ के लिए कार्य करते हैं, पर भेजी गई जो सर्व नहीं हो सकी अतः हम इस सूचना को प्रकाशित करने के लिए बाध्य हैं। एतद्द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत आपको निर्देश दिया जाता है कि इस सूचना के 60 दिनों के भीतर ऊपर वर्णित अपनी देयताओं को निष्पादित करें, अन्यथा टीसीएफएसएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत किसी या सभी अधिकारों का प्रयोग करेगा। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार आप बिक्री, पट्टा या अन्य रूप से उक्त प्रतिभूत परिसंपत्तियों का अंतरण नहीं करेंगे।
स्थान: नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी
तिथि: 07.01.2020 — टाटा कैपिटल फाइनांसियल सर्विसेस लि.

इण्डियन ओवरसीज बैंक
राजौरी गार्डन शाखा
एफ-105, बाली नगर, नई दिल्ली-110 015 दूरभाष : 011-25432494

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी की सूचना के लिए सार्वजनिक सूचना
प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (2002 का सं. 54) की वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत बन्धक अचल सम्पत्ति/यों का विक्रय

जबकि इण्डियन ओवरसीज बैंक के अधिकृत प्राधिकारी ने निम्नलिखित के अनुसार बैंक के बकायों और ब्याज तथा लागतों की वसूली हेतु प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत निर्गत सूचना के अनुसार "जहाँ है वहाँ है" "जो है यही है" "जो कुछ भी है वहीं है" के आधार पर इनकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण खाते में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों की बिक्री की सूचना निर्गत की और जबकि बकायों के पुनर्भुगतान में असफल रहने के परिणामस्वरूप अधोहस्ताक्षरी कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपभोग में कथित सम्पत्ति/यों की बिक्री द्वारा बैंक के बकाये की वसूली का प्रस्ताव करता है। बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेब पोर्टल https://auctions.magicbricks.com के माध्यम से ई-नीलामी प्लेटफॉर्म द्वारा की जायेगी।

कर्जदारों का नाम तथा पता :	मैसर्स इण्टरनेशनल क्वॉयल लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय : ए-21/24, नारायणा इण्डस्ट्रियल एरिया फेज-II, नई दिल्ली -110028. कार्पोरेट कार्यालय : 7वीं मंजिल, बिल्डिंग 9बी, साइबर सिटी, डीएलएफ फेज 3, गुरुग्राम, हरियाणा-122002.
बंधककर्ताओं/जमानतियों के नाम तथा पता :	1. मैसर्स यूनिएयर प्रा.लि. (बंधककर्ता/कार्पोरेट/जमानती) सं. 21/24, ब्लॉक-ए, नारायण इण्डस्ट्रियल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली-110028. 2. मैसर्स शुर्कुट हीट ट्रांसफर प्रा.लि. (बंधककर्ता/कार्पोरेट/जमानती) सं. जे-9/55सी, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027. 3.श्री जगजीत सिंह (व्यक्तिगत जमानती/बंधककर्ता) विला सं. 17, तत्वम विलास, जेड ब्लॉक, सोहना रोड, गुरुग्राम-122004. 4. श्री अमरदीप सिंह (व्यक्तिगत जमानती/बंधककर्ता) विला सं. 18, तत्वम विलास, जेड ब्लॉक, सोहना रोड, गुरुग्राम-122004 5. श्री परमजीत सिंह (व्यक्तिगत जमानती) विला सं. 26, तत्वम विलास, जेड ब्लॉक सोहना रोड, गुरुग्राम-122004 6. श्री सुचा सिंह (व्यक्तिगत जमानती) विला सं. 26, तत्वम विलास, जेड ब्लॉक सोहना रोड, गुरुग्राम-122004 7. मैसर्स क्वॉयल कम्पनी लि. (कार्पोरेट जमानती) सं. 21/24, ब्लॉक-ए, नारायणा इण्डस्ट्रियल एरिया, फेज-II, नई दिल्ली -110028.
एनपीए की तिथि	31.12.2018
माँग सूचना की तिथि	07.02.2019
माँग सूचना में दावाकृत बकाया	06.02.2019 तक रु. 26,08,87,480.21 (रुपये छब्बीस करोड़ आठ लाख सत्तासी हजार चार सौ अस्सी एवं इक्कीस पैसे मात्र)
कब्जा सूचना की तिथि	24.12.2019
***स्थानीय सरकार का बकाया (सम्पत्ति कर, पानी, सीवरेज, बिजली के बिल आदि)**	क्रेता द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण
लॉट सं. 1 : ए-21/24, नारायणा इण्डस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली पर भूमि तथा फैक्ट्री भवन का इक्विटेबल बन्धक जो इनके सम्बद्ध कम्पनी मैसर्स यूनिएयर प्रा.लि. के नाम पर है, क्षेत्रफल : 575.00 वर्ग गज।
लॉट सं. 2 : जे-9/55 सी, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली पर आवासीय सम्पत्ति का इक्विटेबल बन्धक, श्री जगजीत सिंह तथा श्री अमरदीप सिंह, कम्पनी के निदेशक के स्वामित्व में, क्षेत्रफल : 320.00 वर्ग गज।
लॉट सं. 3 : औद्योगिक सम्पत्ति सं. 77, सेक्टर-6, आईएमटी मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा जिसका स्वामित्व मैसर्स शुर्कुट हीट ट्रांसफर प्रा.लि. के पास है, क्षेत्रफल : 1,012.50 वर्ग मीटर (सम्पत्ति बैंक के सांकेतिक कब्जे के अधीन है)

आरक्षित मूल्य	लॉट 1 : रु. 975.20 लाख, लॉट 2 : रु. 369.70 लाख, लॉट 3 : रु. 239.39 लाख (समस्त आरक्षित मूल्य में आयकर अधिनियम की धारा 194/ए के अनुसार 1% टीडीएस राशि शामिल है)
नीलामी की तिथि एवं समय	10.02.2020 को 11.00 बजे प्रातः से 01.00 अप. तक विक्रय की समाप्ति तक पाँच मिनट के स्वतः विस्तार सहित
ईएमडी	लॉट 1 : रु. 97.52 लाख लॉट 2 : रु. 36.97 लाख लॉट 3 : रु. 36.97 लाख
संविदा गुणक	रु. 1.00 लाख
स्वतः विस्तार समय	5 मिनट
ज्ञात ऋण भार यदि कोई हो	कोई नहीं
निरीक्षण की तिथि एवं समय	बैंक से पूर्व अनुमति सहित व्यापार घण्टों के दौरान
ईएमडी सहित संविदा हेतु ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि तथा समय	07.02.2020 (05.00 बजे अप. तक)

बैंक के बकाये विधिक बकायों पर वरीय होंगे।
*इस सूचना को कथित ऋण के कर्जदार/जमानतियों/बंधककर्ताओं हेतु प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत 30 दिवसीय सूचना के रूप में भी लिया जाये।
नियमों एवं शर्तों के लिए देखें :
htlps://www.iob.in/e-Auctions.aspx htlps://www.publishtenders.gov.in, htlps://auctions.magicbricks.com
सम्पत्ति/ई-नीलामी के निरीक्षण सम्बन्धी अधिक विवरण हेतु इच्छुक संविदाकार शाखा प्रबन्धक, इण्डियन ओवरसीज बैंक, राजौरी गार्डन, एफ-105, बाली नगर, नई दिल्ली-110015 से कार्यालयी घण्टों के दौरान सम्पर्क कर सकते हैं या श्री क्राइस्थुवराज एम (मुख्य प्रबन्धक) मो. नं. : 9884036103; श्री ए.सी. अट्टल : 8909979989, 011-25105131 या, बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मैसर्स मैजिकब्रिक्स रिएल्टी सर्विसेज लिमिटेड, नीलामी हेल्प लाइन नं. 9212346000, मोबाइल नं. : 9212346000, श्री मोहित शर्मा : 9837778407, नीलामी हेल्पलाइन ई-मेल : Auction@magicbricks.com तथा mohit.sharma5@ magicbricks.com से सम्पर्क कर सकते हैं।
स्थान : नई दिल्ली — तिथि : 06.01.2020 — अधिकृत प्राधिकारी, इण्डियन ओवरसीज बैंक

वसूली अधिकारी-II का कार्यालय
ऋण वसूली न्यायाधिकरण-II, दिल्ली
चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001
ई-नीलामी बिक्री सूचना

आर.सी. सं. 268/2018 — **बैंक ऑफ इंडिया बनाम मैसर्स अलकॉम परफ्यूम एंड कॉस्मेटिक्स प्रा. लि.** — दिनांकित : 18-12-2019

"आदेश"
मेरे आदेश दिनांकित 18-12-2019 के अनुसार उक्त वसूली प्रमाणपत्र में निम्नवर्णित सम्पत्ति दिनांक 06-02-2020 को सार्वजनिक ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी :-
नीलामी बिक्री वेबसाइट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से "ऑनलाइन ई-नीलामी" होगी।
नीलामी की तिथि एवं समय : 06-02-2020 को अपराह्न 03.00 बजे और अपराह्न 04.00 बजे के बीच (अपराह्न 04.00 बजे के बाद 5 मिनट के विस्तारों सहित, यदि अपेक्षित है)।

सम्पत्ति का वर्णन

लॉट सं.	सम्पत्ति का वर्णन	सुरक्षित मूल्य (रू. में)	धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू. में)
1.	संपूर्ण भूतल, पहली और दूसरी मंजिल, डब्ल्यू -54 की फ्रीहोल्ड प्रॉपर्टी, ग्रेटर कैलाश, भाग-I, नई दिल्ली (मापक्षेत्र 418.06 वर्ग मीटर)।	20,10,00,000/-	2,01,00,000/-

नियम और शर्तें
1. नीलामी बिक्री वेबसाइट पोर्टल : www.bankeauctions.com के माध्यम से "ऑनलाइन ई-नीलामी" होगी।
2. ईएमडी "वसूली अधिकारी-II, डीआरटी-II, दिल्ली खाता आर.सी. सं. 268/2018 के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर के माध्यम से अथवा एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से निम्नलिखित खाता - बैंक ऑफ इंडिया, नई दिल्ली, आस्ति वसूली शाखा, एच-2, स्टार हाउस, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001, खामा नंबर 610220910000001, आईएफएससी कोड : BKID0006102" में जमा करनी होगी। उक्त डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर, अथवा एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से ईएमडी के भुगतान का मूल प्रमाण, पहचान पत्र (निर्वाचन आई कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट), जिसमें आगे संचार/पत्रव्यवहार के लिए पता होना चाहिए, की स्व-सत्यापित प्रति तथा पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति और कम्पनी के मामले में कम्पनी के बोर्ड सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति अथवा कोई अन्य दस्तावेज, जो कम्पनी का प्रतिनिधि/प्राधिकार धारक होने की पुष्टि करता है, की प्रति के साथ **वसूली अधिकारी-II, डीआरटी-II, दिल्

जनसत्ता

7 जनवरी, 2020

परिसर पर हमला

राजधानी दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में रविवार शाम जो हुआ, वह अपने आप में बताने के लिए काफी है कि हर तरफ किस तरह के तत्त्व हावी हो रहे हैं और पुलिस कैसे अराजक तत्त्वों को खुली छूट दे रही है! जिस जेएनयू परिसर में प्रवेश करने तक के लिए किसी बाहरी व्यक्ति को एक औपचारिक पूछताछ और जांच की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, उसमें पचास से ज्यादा नकाबपोश गुंडे सरियों और डंडे के साथ दाखिल हुए और दो घंटे तक आतंक मचाते रहे। वे लड़कियों के छात्रावासों तक में घुस गए और उन पर जानलेवा हमला किया। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा था कि उनके सामने कोई छात्रा है या छात्र या कोई महिला प्रोफेसर, पूरी बर्बरता से उन्होंने डंडों और सरियों से उन्हें मारा-पीटा। नतीजतन, जेएनयू छात्र संघ की अध्यक्ष का सिर फट गया, एक महिला प्रोफेसर के अलावा लगभग कई विद्यार्थी बुरी तरह घायल हो गए। अफसोसनाक यह है कि इस आपराधिक घटना को रोकने-टोकने के लिए न जेएनयू के सुरक्षा गार्ड सामने आए, न पुलिस को हस्तक्षेप करना जरूरी लगा।

सवाल है कि सरेआम इस तरह की अराजक हिंसा के बरक्स दिल्ली पुलिस के रवैये को किस तरह देखा जाएगा? क्या यह पुलिस की क्षमता की सीमा है या फिर वह किसी पूर्वाग्रह या अघोषित निर्देश पर काम कर रही थी? जो पुलिस हाल में जामिया मिल्लिया परिसर में कथित हिंसा से निपटने का हवाला देकर बिना किसी हिचक के घुस गई थी और व्यापक पैमाने पर छात्र-छात्राओं को बेहरमी से पीटा था, जेएनयू में घुसे नकाबपोश हमलावरों से निपटना उसे क्यों जरूरी नहीं लगा? हालत यह थी कि जेएनयू के मुख्य गेट के बाहर भी मौजूद अराजक लोग हिंसक नारे लगा रहे थे, परिसर के भीतर घायल विद्यार्थियों और शिक्षकों की मदद के लिए जा रही एंबुलेंस पर तोड़फोड़ कर रहे थे, सामाजिक कार्यकर्ताओं से मारपीट कर रहे थे और पुलिस मूकदर्शक खड़ी थी। क्या ऐसे संवेदनशील मौके पर पुलिस की यही भूमिका होती है? इस पूरी अवधि में दिल्ली पुलिस के आयुक्त क्या कर रहे थे? क्या यह समूचा प्रकरण खुद पुलिस आयुक्त की क्षमता पर सवालिया निशान नहीं है?

जेएनयू परिसर में छात्र-छात्राओं पर जानलेवा हमले की जैसी खबरें, ब्योरे और वीडियो सामने आए हैं, वे विचलित करने वाले हैं। ऐसा लगता है कि सब सुनियोजित तरीके से हुआ। जेएनयू छात्र संघ ने सीधा आरोप अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े लोगों और उनके साथ आए गुंडों पर लगाया। प्रति-आरोप भी हैं। लेकिन घटना के दौरान किसी तरह कैद की गई तस्वीरों और वीडियो में जो लोग दिख रहे हैं, उससे बहुत कुछ साफ हो जाता है। दूसरी ओर, पुलिस ने जो मामला दर्ज किया है, उसमें आरोपी 'अज्ञात लोग' हैं! हाल में नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में प्रदर्शनों के बाद हिंसा का हवाला देकर पुलिस ने जिन लोगों को गिरफ्तार किया और उन पर मुकदमा दर्ज किया, उसके बरक्स दिल्ली पुलिस के इस रवैये को कैसे देखा जाएगा? पिछले कुछ समय से जेएनयू में चल रही उथल-पुथल और विश्वविद्यालय प्रशासन के रवैये की वजह से पहले ही स्थितियां सहज नहीं थीं! यह ध्यान रखने की जरूरत है कि जेएनयू परिसर में नकाबपोश गुंडों की शक्ल में जिन्होंने छात्र-छात्राओं पर जानलेवा हिंसा की, अगर ऐसी स्थितियों को तुरंत नहीं रोका गया तो दुनिया भर में देश की साख बेहतर बनाने वाले एक प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान के सामने चुनौतियां गहरा सकती हैं। इसके लिए नेताओं को भी किसी को 'सबक सिखाने' जैसी भाषा के इस्तेमाल के बजाय देश में सहज शैक्षणिक गतिविधियां और मानवीय जीवन की स्थितियां बनाने में ऊर्जा लगानी चाहिए।

मौत और राजनीति

राजस्थान में कोटा शहर के सरकारी अस्पताल में बच्चों की मौत का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा है कि अब जोधपुर, बीकानेर और उदयपुर से भी दहला देने वाली खबरें आई हैं। पड़ोसी राज्य गुजरात के अमदाबाद और राजकोट के सरकारी अस्पतालों में दो सौ से ज्यादा बच्चों के मारे जाने की खबर और ज्यादा स्तब्ध कर देने वाली है। हैरानी की बात यह है कि इन राज्यों में शिशुओं की मौत की खबरें जिस तरह छन-छन कर बाहर आ रही हैं, उससे यह साफ हो गया है कि राज्य सरकारों को इस बारे में सब कुछ पता था, लेकिन खबरों को बाहर आने से रोका गया। यह कोई नहीं जानता कि दोनों राज्यों के और जिलों में हालात कितने भयावह होंगे, कितने नवजात दम तोड़ चुके होंगे या नहीं बचने की हालत में होंगे। पिछले कई दिनों से सिर्फ कोटा के अस्पताल में बच्चों की मौत की खबर मीडिया में आ रही थी। लेकिन अचानक से अगर यह पता चले कि बीते दिसंबर में जोधपुर के संपूर्णानंद मेडिकल कॉलेज में एक सौ छियालीस, बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में एक सौ बासठ और उदयपुर के महाराणा भूपाल अस्पताल में एक सौ उन्नीस बच्चे मारे गए हैं, जिनमें से ज्यादातर नवजात हैं, तो किसके रोंगटे खड़े नहीं होंगे?

बच्चों का इस तरह से दम तोड़ते जाना बता रहा है कि हमारी सरकारें किस कदर निष्ठुर, निकम्मी और लापरवाह हो चुकी हैं। ऐसा लगता है कि पूरा सरकारी तंत्र आंखों पर पट्टी बांध कर बैठ गया है। नागरिकों की जान की कोई कीमत नहीं रह गई है। जोधपुर मुख्यमंत्री का गृह जिला है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक ही है कि क्या इतने दिनों मुख्यमंत्री को इस बात की भनक भी नहीं लगी कि उनके गृह जिले में सिर्फ महीने भर में एक सौ छियालीस बच्चे मर चुके हैं! आखिर क्यों नहीं सरकार ने संज्ञान लिया? अगर मुख्यमंत्री के अपने शहर में ऐसा हो रहा है और उन्हें मालूम नहीं है तो इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकार कैसे और क्या काम कर रही है।

देश के सबसे संपन्न राज्य होने का दावा करने वाले 'वाइब्रेंट' गुजरात ने तो राजस्थान को भी पीछे छोड़ दिया। पिछले साल दिसंबर में राजकोट के दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में एक सौ ग्यारह और अमदाबाद के सिविल अस्पताल में अट्ठासी बच्चों की मौत गुजरात के सरकारी अस्पतालों की दयनीय हालत बताने के लिए काफी है। राजकोट के अस्पताल में तो पिछले तीन महीनों से बच्चे मर रहे हैं। अक्तूबर, 2019 में सत्तासी और नवंबर में इकहत्तर बच्चे मर चुके हैं। पर सरकारी तंत्र अपनी नाकामी को छिपाने में कामयाब रहा। विकास के मामले में जिस गुजरात को देश के दूसरे राज्यों के लिए मॉडल के रूप में पेश किया जाता रहा है, वहां बच्चे ऐसे दम तोड़ते रहें और सरकार मामलों को दबाए रहे, यह शर्मनाक है। सबसे ज्यादा अफसोसजनक तो यह है कि गुजरात के उपमुख्यमंत्री ने जहां इसे 'सामान्य' बताने में कोई झिझक महसूस नहीं की, वहीं राजस्थान के मुख्यमंत्री इसे अपनी उपलब्धि बता रहे हैं कि उनके राज में मौतें कम हुई हैं, पिछली सरकार के राज में ज्यादा हुई थीं। हालात बता रहे हैं कि सुविधाओं के अभाव में सरकारी अस्पताल खुद दम तोड़ रहे हैं, बच्चों को क्या बचाएंगे! अगर अस्पतालों में बुनियादी सुविधाएं नहीं हैं, इमारतें जर्जर हैं, दवाइयां-बिस्तर नहीं हैं, तो फिर इन पर खर्च होने वाला पैसा कहां जा रहा है? अगर हम बच्चों को नहीं बचा पाएंगे तो विकास क्या करेंगे? बच्चों की मौतों का बढ़ता आंकड़ा कल्याणकारी सरकारों पर बड़ा सवालिया निशान खड़ा करता है।

कल्पमेधा

विचार का चिराग बुझ जाने से
आचार अंधा हो जाता है।
-विनोबा भावे

रेलवे के कायाकल्प की चुनौती

प्रेमपाल शर्मा

यदि राजनीतिक हस्तक्षेप, मुफ्त यात्रा आदि को हटा लिया जाए तो रेल संगठन आज भी देश के सबसे कुशल संगठनों में गिना जाएगा। इसमें बहुत बड़ा योगदान ब्रिटेन द्वारा स्थापित नियमों, कार्य प्रणालियों का भी है। नकारात्मक बदलाव हुआ है तो राजनीतिक हस्तक्षेप की वजह से। जहां स्टेशन देने की जरूरत नहीं है, वहां राजनीतिक दबाव से देना पड़े, जहां रियायत देने की जरूरत न हो वहां भी देना पड़े तो उसके अंजाम ऐसे होंगे ही।

भारतीय रेल सचमुच में ऐतिहासिक परिवर्तन की ओर अग्रसर है। रेल मंत्री ने जो तस्वीर पेश की है, उसके अनुसार रेलवे की आठ सेवाओं की बजाय रेल प्रबंधन सेवा नाम का केवल एक कैडर होगा। रेल मंत्री ने इसकी आवश्यकता इसलिए बताई कि आठ विभाग होने की वजह से कई बार उनमें आपस में प्रतिस्पर्धा और गुटबाजी चलती रहती है, इससे निर्णय लेने में देरी होती है। एकीकृत सेवा से यह सब खत्म हो जाएगा। दूसरा महत्त्वपूर्ण निर्णय मौजूदा नौ सदस्यों के बोर्ड की बजाय पांच सदस्यों का बोर्ड रहेगा। अभी तक हर सदस्य अपनी तकनीकी योग्यता से जाना जाता था, जैसे- सदस्य इंजीनियरिंग, सदस्य यातायात, सदस्य सिगनलिंग। इसकी बजाय अब चेयरमैन सहित पांच सदस्य होंगे। एक आधारभूत ढांचा जैसे ट्रक सिग्नल टेलीकम्युनिकेशन को देखेगा यानी सदस्य (इंफ्रास्ट्रचर)। दूसरा सदस्य (परिचालन) और बिजनेस, तीसरा वित्त और चौथा रेल इंजन, डिब्बे, पहिया आदि। शीर्ष पर इन सुधारों के साथ-साथ कुछ और भी सुधार होंगे, जैसे- महाप्रबंधक को प्रोन्नत किया जाएगा सचिव के पद पर। रेल की बढ़ती जिम्मेदारी और अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए बदलते वक्त के साथ किसी भी विचार का स्वागत किया जाना चाहिए। इस पर तुरंत कोई निर्णय या फतवा देना जल्दबाजी होगी। वैज्ञानिक सोच तो यही कहती है कि यदि चीजें सुधारने में न आ रही हों तो कोई और रास्ता निकाला जाए। उस रास्ते को आप प्रयोग भी कह सकते हैं।

अच्छी बात है कि रेलवे संगठन में पिछले बीस वर्षों से कई बार ऐसे विकल्पों पर विचार किया गया है और फिलहाल का निर्णय उन्हीं विकल्पों में से कुछ-कुछ सूत्र लेकर घोषित हुआ है। इस समय घोषित होने का कारण यह भी हो सकता है कि पिछले वर्ष रेलवे की कमाई और लागत का अनुपात (ऑपरेटिंग रेशो) और बिगड़ा है। अनठानवे रुपए खर्च करके सौ रुपए कमाए जा रहे हैं। पिछले बजट में भविष्य के लिए जो घोषणाएं की गई हैं, उनको पूरा करने के लिए अगले बारह साल में पचास लाख करोड़ रुपए चाहिए। पटरियों को सुधारना है, सिगनल प्रणाली को आधुनिक बनाना है, ज्यादातर मार्गों पर गाड़ियों की रफ्तार बढ़ानी है, कश्मीर और पूर्वोत्तर में विस्तार करना है आदि।

इससे पहले वर्ष 1994 में प्रकाश टंडन कमेटी ने भी कुछ ऐसे ही सुझाव दिए थे, जिसके अनुसार रेल सेवाओं को टेक्निकल (तकनीकी) और नॉन-टेक्निकल (गैर-तकनीकी) नाम से केवल दो समूहों में रखा जाए। उसके बाद सन 2000 में राकेश मोहन कमेटी ने भी विभागों की आपसी लड़ाई को रेलवे की कार्यकुशलता में बाधक माना था। उन्होंने भी टंडन कमेटी के सुझावों को और आगे बढ़ाते हुए कहा था कि डीआरएम लेवल तक विभाग अलग रहे, उसके बाद उन सबको जनरल मैनेजमेंट में शामिल किया जाए। विवेक देवराय और सैम पित्रोदा समितियों ने भी अकाउंटिंग प्रोसीजर, जनरल मैनेजर को और शक्ति देने के साथ-साथ सुरक्षा और भर्ती के बारे में बहुत सारे सुझाव दिए थे।

पहले इसके कुछ खतरों या चुनौतियों की बात करते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) से चुने हुए सर्वश्रेष्ठ मेधावी नौजवान भारतीय रेल में आते हैं। इनमें यातायात, कार्मिक, लेखा सेवाओं में सिविल सेवा परीक्षा से और तकनीकी यानी सिविल, सिग्नल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियर इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा से आते हैं। दोनों में ही पिछले कुछ वर्षों से लगभग पचास फीसद आइआइटी से निकले हुए छात्र होते हैं। कोई अंतर नहीं होता इनकी मेधा, कार्यक्षमता और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों में। रेलवे एक तकनीकी विभाग है, इसलिए किसी को भी शीर्ष पर बाहर से बिठाने से और नुकसान हो सकता है।

बड़ा प्रश्न यह है कि यदि एक प्रबंधन सेवा होगी तो उसकी भर्ती प्रक्रिया क्या होगी? रेल में तकनीकी और गैर तकनीकी दोनों ही अधिकारियों की जरूरत है और यह सिर्फ एक परीक्षा से संभव नहीं है। अच्छा हो कि फिलहाल भर्ती की प्रक्रिया संघ लोक सेवा आयोग के तहत कुछ वर्षों तक ज्यों की त्यों रखी जाए, रेलवे में सेवा के पांच वर्षों के बाद पर्याप्त प्रशिक्षण से एक कैडर हो। यह सरकार की मौजूदा सोच से भी मेल खाता है कि आपकी अभिरुचि या सामर्थ्य दक्षता क्या है, उसके आधार पर कैडर या मैनेजमेंट सेवा में उन्हें उचित पद दिए जाएं। लेकिन इसके बजाय अगले ही वर्ष प्रबंधन सेवा के नाम से भर्ती की जल्दबाजी, उसकी परीक्षा का प्रारूप बनाना आदि से चीजें और बिगड़ सकती हैं। उम्मीद है कि सचिवों की समिति और मंत्री समूह इस बात को ध्यान में रखेंगे। कार्मिक मंत्रालय और संघ लोक सेवा आयोग के लिए भी मुश्किलें नहीं आएंगी। इस बीच में दुनिया के अनुभवों से सीखते हुए भर्ती प्रक्रिया के और विकल्पों पर विचार जारी रह सकता है।

बोर्ड का पुनर्गठन भी एक नई चुनौती पैदा करेगा, क्योंकि अभी तक तो वे अपनी-अपनी सेवाओं की वरिष्ठता के हिसाब से शीर्ष पर सीधे पहुंच जाते थे। उसका भी एक बुरा पहलू यह है कि आपकी कार्यक्षमता से ज्यादा से महत्त्वपूर्ण है आपकी जन्मतिथि। आधुनिक प्रबंधन में भारतीय रेल के लिए यह बहुत घातक साबित हो रहा है। अपनी कम उम्र की तड़ी में कुछ तो सेवा शुरू होने के वक्त ही बोर्ड के सदस्य के नशे में रहने लगते हैं बिना अपनी क्षमताओं को बढ़ाए। यूरोप के देशों में या दुनिया के तेजी से बढ़ते संगठनों में उम्र और वरिष्ठता इतनी महत्त्वपूर्ण नहीं है जितना कि आपका योगदान और संगठन को आगे बढ़ाने की क्षमता। विभागीय खींचतान और अपने-अपने खांचे-सांचे में आत्मकेंद्रित रहने या गिरोह बनाने की जहां तक बात है, इसमें जरूर कुछ सच्चाई है। लेकिन समाज के किस स्तर पर ऐसा नहीं है? रेलवे की गंभीर दुर्घटनाओं के बाद ये विभागीय आरोप बार-बार साबित हुए हैं। इसकी बुनियाद तो दरअसल राजनीतिक सत्ता में है जो इसी के बूते पर शासन कर रही है। रेलवे अधिकारियों को पूरा दोष देना सही नहीं होगा।

कुछ और पक्षों पर विचार करने से पहले यदि दिल्ली मेट्रो जैसे विकल्प की तरफ बढ़ा जाए तो अच्छा रहे। दिल्ली मेट्रो ने परिवहन व्यवस्था में पूरे भारत के द्वार खोले हैं। उसके संगठन, कार्य-संस्कृति, अनुशासन, नई सोच, बदलाव के निर्णय से सीख लेने की जरूरत है। वह पूरी तरह सरकारी नहीं है, लेकिन सरकार के अधीन भी है, किसी निजी कंपनी की मनमानी नहीं है। उसमें भारत सरकार, शहरी विकास मंत्रालय, दिल्ली सरकार और जापानी सरकार का भी कुछ हस्तक्षेप और नियंत्रण है। बुनियादी फर्क यह है कि उसमें राजनीतिकों का हर पल गैरजरूरी हस्तक्षेप कम से कम है। रेलवे की यूनियन, संगठन का रेलवे के लिए योगदान कम नहीं है, लेकिन अनुशासन हीनता के लिए भी ये उतने ही जिम्मेदार हैं। कायाकल्प की जरूरत तो रेल यूनियन और संगठनों को भी है। यदि राजनीतिक हस्तक्षेप, मुफ्त यात्रा आदि को हटा लिया जाए तो रेल संगठन आज भी देश के सबसे कुशल संगठनों में गिना जाएगा। इसमें बहुत बड़ा योगदान ब्रिटेन द्वारा स्थापित नियमों, कार्य प्रणालियों का भी है। नकारात्मक बदलाव हुआ है तो राजनीतिक हस्तक्षेप की वजह से। जहां स्टेशन देने की जरूरत नहीं है, वहां राजनीतिक दबाव से देना पड़े, जहां रियायत देने की जरूरत न हो वहां भी देना पड़े तो उसके अंजाम ऐसे होंगे ही।

भारतीय रेल देश की धमनी के रूप में जानी जाती है, उसे और स्वस्थ और कुशल बनाने की जरूरत है। इतने विशाल देश का परिवहन एक मजबूत रेल नेटवर्क से ही संभव है। इक्कीसवीं सदी और समाज की आकांक्षाओं के अनुरूप इसे बदलना ही होगा। पचास के दशक की समाजवादी नीतियां, अधिकारियों की फिजूलखर्ची, सामंतवादी सोच, लालफीताशाही से यह नहीं सुधर सकती। और न कॉरपोरेट पूंजी के सिर्फ मुनाफा कमाने के औजार के रूप में इसे बर्बाद करने की इजाजत दी जा सकती है।

जड़ता का समाज

अनीता यादव

दुनिया मेरे आगे

कुछ वक्त पहले एक मित्र के घर जाना हुआ। हाल ही उनके घर में लड़की का जन्म हुआ था। नवजात बच्ची की प्यारी-सी मुस्कान व्यक्ति के जन्मों का दर्द हर लेने को काफी थी। छोटी-छोटी आंखों से अभी वह दुनिया को ढंग से देख भी नहीं पा रही थी। फिर जीवन में सपनों का बुनना तो अभी दूर था। इसी के समकक्ष बच्ची के आसपास कुछ ऐसा भी था जो डरा और सहमा था। बच्ची की मां का चिंता से भरा चेहरा और पिता के माथे पर पड़े बल माहौल को गंभीर करने को काफी थे। एकबारगी मुझे लगा कि समाज में लड़की का जन्म बोझ स्वरूप माना जाता है, उसी का प्रभाव इस माता-पिता के चेहरे पर चस्पां है। लेकिन जिक्र करने पर पता चला कि मामला लड़की के पैदा होने का नहीं, बल्कि उसकी सुरक्षा का है। फिर मित्र ने जो कुछ मुझे बताया, उसका लब्बोलुआब था कि उनके पति ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा था कि बच्ची को लेकर कोताही नहीं बरतनी है। चाहे आस-पड़ोस हो या घर-परिवार या फिर नाते-रिश्तेदार, किसी भी पुरुष के पास बिटिया को अकेले नहीं छोड़ना है। इसे हम नवजात कन्या शिशु के पिता की चिंता मात्र नहीं कह सकते, बल्कि विश्रृंखल और विद्रूप होते संबंधों को यह एक वैधानिक चेतावनी भी है। साथ ही हमारे कुरूप होते समाज का प्रतिबिंब भी आसानी से देख सकते हैं।

आदिम विकास के शुरुआती चरणों में समाज या राज्य हमारी सुरक्षा के रूप में जन्मा था, जिसके बदले आम नागरिक को राज्य द्वारा निर्मित नियम-कायदे और कानून का पालन करना अनिवार्य भी था। बदले में व्यक्ति की सुरक्षा समेत उसके चहुंमुखी विकास की अनुकूल परिस्थितियां मुहैया कराना राज्य का कर्तव्य था। यानी सुरक्षा का नैतिक दायित्व समाज और राज्य के कंधों पर शुरुआती दौर से ही रहा है। आज हम सामाजिक, आर्थिक विकास से लेकर तकनीकी विकास के उच्चतम पायदान चढ़ चुके। लेकिन सामाजिक और पारिवारिक संबंधों के मामले में हम सबसे निम्नतम पायदान पर आ चुके।

आज हम जिस दौर में पहुंच चुके हैं, वह आत्मिक और मानवीय संबंधों की दृष्टि से बेहद संवेदनहीन है। कंप्यूटर से स्मार्टफोन की यात्रा तक हमने आखिर क्या हासिल नहीं किया? घर बैठे एक क्लिक पर खरीदारी से लेकर शेयर बाजार तक, रोजमर्रा के सामान से लेकर यात्रा टिकट, टैक्सी- सब हमारी उंगली के नीचे समा गए हैं। इसके बावजूद हम महिलाओं की सुरक्षा का दायित्व तक ढंग से नहीं संभाल पा रहे। महिलाओं की सुरक्षा के मुद्दे पर हमारे जन प्रतिनिधि चुनाव लड़ते हैं। जीतते भी हैं, लेकिन चुनावी वादे खोखले साबित होते हैं। कहा गया है कि किसी समाज की असली तस्वीर जाननी है तो उस समाज में महिलाओं की स्थिति देखनी चाहिए। यानी समाज में महिलाओं की अच्छी और खराब स्थिति समाज की उत्कृष्ट और अवनति।

आज हम जिस दौर में जी रहे हैं, उसमें सबसे बड़ा मुद्दा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर है। एसिड अटैक या तेजाबी हमले से लेकर अपहरण, सामूहिक बलात्कार, यौन शोषण सरीखे जघन्य अपराध कम होने के बजाय बढ़ते जा रहे हैं। ये अपराध महिलाओं के न केवल आत्मसम्मान को तार-तार करते हैं, बल्कि तन, मन को क्षत-विक्षत कर समाज में सम्मानजनक जीवन से भी महरूम कर देते हैं। ऐसी कुत्सित मानसिकता की शिकार छह महीने की बच्ची से लेकर नब्बे साल की बुजुर्ग तक हैं। हम न केवल उनकी सुरक्षा में नाकाम हैं, बल्कि न्याय प्रणाली की लंबी और जटिल प्रक्रिया भी इसकी जिम्मेदार है। घटना के सालों बाद भी अपराधी को सजा नहीं मिल पाती। यह कहने में गुरेज नहीं कि न्याय व्यवस्था की कमजोरी ही हर रोज नए अपराधियों को पैदा होने के लिए कहीं न कहीं मानसिक आधार मुहैया करा रही है। समाज में महिलाओं की सुरक्षा का दायित्व शासन-प्रशासन पर है। इससे मुंह नहीं मोड़ा जा सकता। न केवल अपराधों पर लगाम, बल्कि जो घटनाएं हो चुकीं, उनमें पीड़ित को शीघ्र न्याय दिलाने का नैतिक दायित्व भी हमारी प्रशासनिक और न्यायिक व्यवस्था के जिम्मे है।

सिमोन कहती हैं कि लड़कियां पैदा नहीं होती बनाई जाती हैं। वैसे ही अपराधी भी पैदा नहीं होते, बल्कि बनाए जाते हैं। बनने की इस प्रक्रिया को हमें रोकना होगा। घरों में लड़कों की परवरिश की तरफ ध्यान देना होगा, जिसमें मां और परिवार की भूमिका सर्वाधिक है। स्त्रियों के प्रति संवेदनशीलता, स्नेह और सम्मान जैसे भाव लड़कों में शिशुपन से ही परवरिश के दौरान भरने होंगे। आज भी समाज में खान-पान को लेकर लड़का और लड़की में भेदभाव किया जाता है। इसलिए आज बहुत जरूरी है कि परिवार से लेकर सामाजिक संस्थाओं, राजनीतिक जननायकों और न्यायिक व्यवस्था से जुड़े लोगों को महिलाओं के प्रति न केवल लिंग आधारित भेदभाव, सुरक्षा खामियों को दूर करने, न्यायिक व्यवस्था को दुरुस्त करने, बल्कि उन्हें समाज में सहज रूप से जीवनयापन की अनुकूल स्थितियां उपलब्ध कराने की जिम्मेदारियों को सहर्ष उठाना होगा। अब इन विषयों पर न केवल विचार करना, बल्कि क्रियात्मक होना होगा। महिलाओं के प्रति समाज की संवेदनशीलता ही सही रूप में किसी समाज के विकास की साधक होगी।

स्वनिर्मित गैस चैंबर

बहुत जल्दी थी तो अब सुकून की तलाश क्यों? विकास की अंधी दौड़ ने, जीने के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण तत्त्व हवा को ही ताक पर रख दिया है। वृक्षों को काट कर सड़कें चौड़ी हो रही हैं, कंक्रीट के जंगल उगाए जा रहे हैं, उद्योगों को स्थापित किया जा रहा है। इस सबके बीच दिल्ली की हालत हिटलर के गैस चैंबर की याद दिला रही है अंतर बस इतना है कि यह चैंबर हम अपने लिए खुद तैयार कर रहे हैं। वायु गुणवत्ता सूचकांक के आंकड़ों का सैकड़े में जाना खतरनाक स्थिति माना जाता है लेकिन अब तो तकरीबन हर साल राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक चार सौ से पांच सौ अंकों तक अक्सर पहुंच जाता है।

किसी पदार्थ को जला कर नष्ट करना सबसे आसान तरीका है। इसी कारण रोक के बावजूद हर साल बड़े पैमाने पर पराली को जलाया जा रहा है। वैसे केवल पराली इसके लिए जिम्मेदार नहीं है। दिल्ली की सड़कों पर दौड़ रहे अस्सी लाख दोपहिया और करीब छत्तीस लाख चौपहिया वाहन भी इसके लिए जिम्मेदार हैं। सार्वजनिक परिवहन सुलभ होने के बावजूद कार से यात्रा करना अपनी सामाजिक हैसियत को दर्शाने का माध्यम होने के कारण वायु प्रदूषण का प्रमुख कारण बन रहा है। दिल्ली वाले दिवाली पर पटाखों का इस्तेमाल कम करेंगे तो भी वहां की जनसंख्या इतनी अधिक है कि पटाखों की मात्रा बहुत ज्यादा हो जाती है। बाकी कसर दिल्ली के उद्योग, वातानुकूलन के साधन और प्रशीतक पूरी कर दे रहे हैं।

वायु प्रदूषण न केवल उस क्षेत्र में निवास करने वाली जनसंख्या और जीव-जंतुओं, बल्कि अजन्मे बच्चों को भी अपनी जद में ले रहा है। बेल्जियम में हुए एक शोध में पाया गया कि मां के सांस के साथ भीतर गए ब्लैक कार्बन के कण उनके अजन्मे बच्चों के शरीर में भी पहुंच रहे हैं। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर -2019 के अध्ययन के अनुसार भारत में 12.4 लाख लोग हर वर्ष इसका शिकार बन जाते हैं। आखिर हवा में कब तक जहर घोलते रहेंगे हम?

● *भावेश प्रताप सिंह, इलाहाबाद विश्वविद्यालय*

हठ से इतर

पिछले दिनों अमेरिकी सेना ने इराक के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हमला किया जिसमें ईरान के शीर्ष कमांडर कासिम सुलेमानी और उनके कई अहम सहयोगियों की मृत्यु हो गई। दरअसल, अमेरिका और ईरान के बीच कई मुद्दों पर टकराव है जिसके चलते दोनों के संबंध दिनोंदिन खराब होते जा रहे हैं। 2015 में हुए परमाणु समझौते से अमेरिका का खुद को अलग करना, ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध लगाना और उसके सैन्य अड्डों की ड्रोन द्वारा जासूसी कराना- यह सब अमेरिका के हठ को दर्शाता है।

इस सबके बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है। यदि अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध हुआ तो उसका असर संपूर्ण अंतरराष्ट्रीय बिरादरी पर होगा। विशेषज्ञों की मानें तो इस युद्ध से विश्व में कच्चा तेल महंगा होने की आशंका है। लिहाजा, अमेरिका और ईरान के मध्य वैमनस्य को समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आगे आना चाहिए और दोनों देशों को भी अपने हठ से इतर वार्ताओं के लिए दरवाजे खोलने चाहिए।

● *मोहम्मद शायान, कैराना, उत्तर प्रदेश*

जानलेवा लापरवाही

राजस्थान में कोटा के अस्पताल में सौ से अधिक बच्चों की मौत की खबर से मन सिहर उठा। आखिर सरकारी व्यवस्था की लापरवाही सैकड़ों बच्चों को लील गई। हद तो तब हो गई जब राज्य सरकार ने जवाबदेही तक तय नहीं की। और तो और, पक्ष-विपक्ष राजनीति करने तथा एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने में लग गए। क्या बच्चों की मौत पर राजनीति करना उचित है? अच्छा होता, वे दुखी परिवारों के बीच जाकर उन्हें ढांढस बंधाते।

● *पूनम चंद सीरवी, कुक्षी, मध्यप्रदेश*

इंसाफ की राह

चार जनवरी को एक उन्मादी ननकाना साहब (पाकिस्तान) पर भीड़ लेकर हमला करता है, वहां से सिखों को खदेड़ने का आह्वान करता है, ननकाना साहब का नाम बदल कर गुलाम-ए-मुस्तफा करने की धमकी देता है, और कहता है कि वहां के ग्रंथी की पुत्री, जिसे उसके भाई ने चार महीने पहले अगवा कर मुसलिम बना दिया था, कभी वापस नहीं दी जाएगी। उसने ऐलान किया कि 'उसका निकाह रद्द नहीं हो सकता'। इसके अगले ही दिन किसी राजनीतिक की तरह पलटी मारते हुए वह कहता है कि सिख तो उसके भाई हैं, उनसे कोई दुश्मनी नहीं हो सकती! अपनी शब्दावली में वह माफी भी मांग लेता है। अलबत्ता लड़की अब भी नहीं लौटाई जाएगी। वह तो 'स्वेच्छा से' मुसलिम बनकर उसके भाई की बेगम बन चुकी!

पाकिस्तान में यह स्वेच्छा से इस्लाम स्वीकारने वाली गैर-मुसलिम लड़कियों की न सिर्फ संख्या बढ़ रही है, बल्कि उनकी वापसी की राह बंद होने का सिलसिला भी बरकरार है। वहां न्यायपालिका से भी इन लड़कियों और उनके माता-पिताओं को न्याय नहीं मिलता। 2014-15 में सिंध की तीन नाबालिग हिंदू बहनों- लता कुमारी, रिंकल कुमारी और आशा कुमारी, जिनका जबरिया धर्मांतरण कर निकाह कर दिया गया था, का मामला लेकर मानवाधिकार कार्यकर्ता व सांसद दिवंगत अस्मा जहांगीर सुप्रीम कोर्ट पहुंची थीं। वहां खुद मुख्य न्यायाधीश मोहम्मद इफ्तखारुद्दीन ने इंसाफ का विद्रूप नाटक कर तीनों को उनके अपहर्ताओं को ही सौंप दिया था। न तो उन्हें अपने माता-पिता से मिलने दिया गया, न बात करने दी गई।

इतना ही नहीं, बुरका-बंद बहनों की पहचान भी उजागर नहीं होने दी गई। अस्मा ने कहा था कि ये इंसाफ अन्याय से भी बदतर है! तीनों के माता-पिता दहाड़ मार कर रोते-पीटते कोर्ट से लौटे। ऐसे लोग भारत में पनाह नहीं मांगेंगे तो और क्या करेंगे! लेकिन क्या उनके अपहर्ताओं-उत्पीड़कों को भारत अपने यहां बुलाएगा, बसाएगा? नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) की आवश्यकता को इन घटनाओं से समझने की कोशिश की जानी चाहिए।

● *पूनम मित्तल, मेरठ*

चौपाल

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

www.readwhere.com

जरा हट के

मुंबई में फिल्म 'मलंग' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी, एली अवराम और अमृता खानविलकर तस्वीर खिंचवाती हुई।

बोल

किम को कोई और रास्ता अपनाना चाहिए। उनका देश उत्तर कोरिया के साथ शांति चाहता है न कि विवाद।
-माइक पोम्पिओ, अमेरिकी विदेश मंत्री

विवाद

हमारे किसी भी प्रतिष्ठान में किसी की भी जान जाने या किसी भी प्रकार की क्षति के लिए ईरान पूरी ही तरह जिम्मेदार होगा। उन्हें इसकी बड़ी कीमत चुकानी होगी। यह धमकी नहीं, खतरा है।
-डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति

सम-सामयिक

चावल निर्यात : अफ्रीकी बाजार में भारत को चीन से कड़ी चुनौती

जनसत्ता संवाद

अफ्रीकी देश गैर-बासमती चावल के लिए भारत के सबसे बड़े बाजार रहे हैं, लेकिन इन देशों में चीन का चावल पहुंचने से भारत के सामने नई चुनौती खड़ी हो गई है। अब तक भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक रहा है और दूसरे, तीसरे व चौथे नंबर पर क्रमशः थाईलैंड, वियतनाम और पाकिस्तान आते हैं। लेकिन चीन ने भारी मात्रा में अफ्रीकी बाजारों में अपना चावल उतारा है।

दरअसल, चावल का आयातक देश चीन निर्यातक बन गया है और वह सस्ते दर पर चावल का अपना पुराना स्टॉक विदेशी बाजारों में उतार रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत आने वाले कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के एक अधिकारी के मुताबिक, 'चीन के लोग लसलसा चावल यानी स्टिकी राइस खाना पसंद करते हैं। लेकिन भंडार में रखा हुआ चावल जब पुराना हो जाता है तो उसमें लसलसापन नहीं रह जाता है। यही कारण है कि चीन अपने गोदामों में पड़ा पुराना चावल विदेशों में बेच रहा है।' छह महीनों में चीन के सरकारी गोदामों से तकरीबन 30 लाख टन चावल अफ्रीकी बाजारों में निर्यात किया जा चुका है।

भारत से करीब 400 डॉलर प्रति टन की दर पर गैर-बासमती चावल निर्यात किया जाता है। लेकिन चीन इससे काफी कम कीमत पर चावल उपलब्ध करा रहा है। ऐसे में भारत के सामने प्रतिस्पर्धा में बने रहना चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि हमारे यहां धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) ज्यादा होने के कारण चावल महंगा है। इस कारण इस साल गैर-बासमती चावल के निर्यात में कमी आई है। चीन 300 डॉलर से 320 डॉलर प्रति टन की दर से चावल (गैर-बासमती) का निर्यात कर रहा है।

देश में सरकार हर साल न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी पर बड़े पैमाने पर धान खरीद करती है, जिसका चावल बनाकर भंडारण किया जाता है और इस भंडार के एक बड़े हिस्से का उपयोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली यानी पीडीएस के जरिए सस्ती दरों पर खाद्यान्न मुहैया कराने में होता है। एफसीआइ के गोदामों में दिसंबर 2019 के दौरान 212.79 लाख टन चावल और 259.11 लाख टन धान का भंडार उपलब्ध था।

वित मंत्रालय को देश के चावल निर्यातकों ने सुझाव दिया है कि सरकार को भारतीय खाद्य निगम यानी एफसीआइ के गोदामों में पड़ा पुराने चावल का स्टॉक उसी तर्ज पर निकालना चाहिए, जिस तर्ज पर चीन निकाल रहा है। चावल निर्यातक चाहते हैं कि सरकार एफसीआइ के पास पड़े चावल के अतिरिक्त भंडार को सस्ते दाम पर निर्यात करे। इस बीच, अमेरिका- ईरान के बीच ताजा तनाव के मद्देनजर भारत से ईरान को बासमती चावल का निर्यात रोक दिया गया है। अफ्रीका से मिल रही चुनौती के बीच इसे दोतरफा मार बताया जा रहा है। घरेलू व्यापार संगठन ऑल इंडिया राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ने निर्यातकों से कहा है कि जब तक हालात सामान्य न हो जाएं, तब तक वे ईरान को बासमती चावल का निर्यात रोक दें। पिछले वित्त वर्ष में भारत ने कुल 32,800 करोड़ रुपए का बासमती चावल निर्यात किया था, जिसमें से लगभग 10,800 करोड़ रुपए कीमत का चावल ईरान को निर्यात किया था।

भारत का घटता निर्यात

अब तक भारत दुनिया का सबसे बड़ा चावल निर्यातक रहा है। लेकिन भारत से गैर-बासमती चावल का निर्यात जिस तरह घट रहा है, उससे शीर्ष निर्यातक का ओहदा छिन भी सकता है। चालू वित्त वर्ष में भारत का गैर-बासमती चावल निर्यात शुरुआती आठ महीनों में पिछले साल के मुकाबले 35 फीसद से ज्यादा घट चुका है। वर्ष 2019 के अप्रैल से नवंबर के दौरान भारत ने 9,028.34 करोड़ रुपए के गैर-बासमती चावल का निर्यात किया। जबकि 2018 में यह 14,059.51 करोड़ रुपए था।

शोध

गगनयान : अंतरिक्ष यात्रियों को मिलेगा घर का खाना

जनसत्ता संवाद

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) साल 2021 में अपना पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान भेजने वाला है। इसके लिए इसरो ने देशभर से चार लोगों का चुनाव किया है जो इस मिशन के जरिए चांद पर जाएंगे। ये अंतरिक्ष यात्री इस महीने के तीसरे सप्ताह में विशेष प्रशिक्षण के लिए रूस जाने वाले हैं। इसी बीच यह खबर आई है कि इन अंतरिक्ष यात्रियों को अब अंतरिक्ष में भी घर जैसा खाना खाने को मिलेगा। यही नहीं अंतरिक्ष यात्री अपने खाने का चुनाव भी कर सकेंगे यानी वे चुन सकेंगे कि उन्हें शाकाहारी खाना खाना है या फिर मांसाहारी। इसके अलावा अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में भी गर्मागर्म खाने का स्वाद ले सकेंगे।

मैसूर में रक्षा खाद्य अनुसंधान प्रयोगशाला (डीएफआरएल) ने इस अंतरिक्ष मिशन के दौरान खाने के लिए 22 तरह के पकवान बनाए हैं। भारतीय अंतरिक्ष यात्री का नाश्ता, दोपहर का भोजन और रात के खाने के मेन्यू में 22 भारतीय व्यंजनों और फलों के रस को शामिल किया गया है। खाने के मेन्यू में शाकाहारी से लेकर मांसहारी और स्नैक्स का विकल्प मौजूद है। खाने में हल्का-फुल्का खाना, ज्यादा ऊर्जा वाला खाना, ड्राई फ्रूट्स और फल भी शामिल हैं।

खाने में दाल, आलू पराठा, पुलाव, बादाम, एग रोल, चिकन रोल, चिकन करी, पालक पनीर, उपमा, इडली, सांभर आदि को मुख्य रूप से शामिल किया गया है। वहीं पेय पदार्थ के रूप में चाय, कॉफी और फ्रूट जूस पाउडर दिए जाएंगे। खाने की इन चीजों को जांच के लिए इसरो भेज दिया गया है। मेनू का परीक्षण आइएएफ के चार प्रशिक्षु अंतरिक्ष यात्रियों पर किया जाएगा। फीडबैक के आधार पर खाने में कुछ बदलाव भी हो सकते हैं। डीएफआरएल के निदेशक डॉ. अनिल दत्त सेमवाल ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा, 'खाने के ये सभी सामान एस्ट्रोनॉट्स खाकर देखेंगे क्योंकि इनका चुनाव इस बात पर भी निर्भर करता है कि उन्हें ये कितने अच्छे लगते हैं। इसरो की एक टीम इनकी जांच करेगी।'

उन्होंने कहा, 'एस्ट्रोनॉट्स के लिए शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह का खाना बनाया गया है। इन्हें गर्म करके खाया जा सकता है। हम भारतीय गर्म खाना पसंद करते हैं। हम खाना गर्म करने के लिए एक उपकरण भी दे रहे हैं जिसके जरिए लगभग 92 वॉट बिजली से खाना गर्म किया जा सकता है। ये उपकरण खाने को 70 से 75 डिग्री तक गर्म कर सकता है।' अनिल दत्त सेमवाल ने यह भी कहा, 'ये खाना स्वस्थ है और एक साल तक चल सकता है. वे (इसरो) मटन या चिकन चाहते हैं। हमने चिकन करी और बिरयानी दी है। वे बस इसे पैकेट से निकालकर, गर्म करके खा सकते हैं।'

गर्मागर्म खाने के साथ अंतरिक्ष यात्री स्नैक्स भी खा सकेंगे। इसकी जानकारी देते हुए अनिल सेमवाल ने कहा, 'हमने अनानास और कटहल जैसे स्नैक्स भी दिए हैं। यह स्नैक्स के लिए एक बहुत ही स्वस्थ विकल्प है। हम सबकुछ रेडीमेड दे रहे हैं जैसे सांबर के साथ इडली। इसमें आप पानी डालकर खा सकते हैं।' उन्होंने कहा कि हालांकि एक बार पैकेट खुलने के बाद उसे 24 घंटों के अंदर खाना होगा। इस खाने को आधा खाकर नहीं रखा जा सकता।

डीएफआरएल में अंतरिक्ष मिशन के लिए तैयार किया गया हर खाना नासा द्वारा तय कड़े मानदंडों के अनुसार बनाया गया है। जब अंतरिक्ष यात्री खाने के पैकेट खोलते हैं, तो उनके आसपास कोई रोगाणु नहीं होने चाहिए। अंतरिक्ष के खाने के बहुत विशिष्ट मानदंड होते हैं। अंतरिक्ष में उपयोग किए जाने वाले खाद्य पदार्थ उस खाने से काफी अलग होते हैं जिन्हें सियाचिन में सैनिकों को दिया जाता है जो धरती का सबसे ऊंचा युद्ध का मैदान है और जहां पर भारत और पाकिस्तान 1984 में लड़ चुके हैं।

डीएफआरएल ने 1984 में अंतरिक्ष मिशन में जाने वाले पहले भारतीय राकेश शर्मा के लिए भी खाना तैयार किया था। अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खाना बनाने में इस संस्था को विशेषज्ञता हासिल है।

गगनयान मिशन पर जाने वाले अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में भी घर जैसा खाने का आनंद ले सकेंगे। यह खाना मैसूर में रक्षा खाद्य अनुसंधान प्रयोगशाला (डीएफआरएल) ने तैयार किया है। इसमें 22 भारतीय व्यंजन शामिल हैं।

फाइल फोटो

डीएफआरएल रसोई में अंतरिक्ष यात्रियों के लिए भोजन तैयार करते वैज्ञानिक।

विश्व परिक्रमा

सोमालिया : ट्रक बम विस्फोट में 76 की मौत

रविवार, 29 दिसंबर : सोमालिया की राजधानी में एक सुरक्षा जांच चौकी एवं कराधान कार्यालय पर शनिवार सुबह हुए एक ट्रक बम विस्फोट में कम से कम 76 लोग मारे गए। यह हमला हाल के वर्षों में मोगादिशु में हुए भीषणतम हमलों में से एक है।

नौसेना ने 14 भारतीय को किया गिरफ्तार

सोमवार, 30 दिसंबर : श्रीलंकाई नौसेना ने कम से कम 14 भारतीय मछुआरों को कथित रूप से उसकी जलसीमा में प्रवेश करने पर गिरफ्तार किया है और उनके तीन जाल वाले जहाजों को जब्त कर लिया। ये गिरफ्तारियां शनिवार को डेल्फ्ट द्वीप के उत्तर में समुद्र में की गईं।

अफगानिस्तान में नहीं होगा संघर्षविराम

मंगलवार, 31 दिसंबर : तालिबान ने अफगानिस्तान में किसी भी तरह के संघर्ष विराम पर सहमत होने संबंधी खबरों को सोमवार को खारिज कर दिया। अफगानिस्तान में हिंसा समाप्त करने के लिए अमेरिका-तालिबान वार्ता फिर शुरू होने के बीच विद्रोहियों का यह बयान आया है।

कासिम सुलेमानी

बांग्लादेश में मोबाइल नेटवर्क पर रोक

बुधवार, 1 जनवरी : बांग्लादेश सरकार ने भारत के साथ लगे सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए मौजूदा परिस्थितियों में मोबाइल नेटवर्क पर अस्थायी रोक लगा दी है। ढाका ट्रिब्यून ने बीटीआरसी के अधिकारी के हवाले से कहा कि करीब दो हजार बेस ट्रांसीवर स्टेशन बंद कर दिए गए हैं। इससे इस क्षेत्र के करीब एक करोड़ लोग प्रभावित होंगे।

उत्तर कोरिया ने परमाणु परीक्षणों पर लगी रोक हटाई

गुरुवार, 2 जनवरी : उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने परमाणु और अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षणों पर लगी रोक हटाने का एलान किया और जल्द नए सामरिक हथियार के प्रदर्शन की धमकी दी है।

किम जोंग ने दी चेतावनी

शुक्रवार, 3 जनवरी : उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अमेरिका के साथ रुकी हुई परमाणु वार्ता पर गहरी निराशा जताते हुए 'चौंकाने वाली' कार्रवाई करने की चेतावनी दी और कहा कि उनका देश जल्द ही दुनिया के सामने एक नए 'सामरिक हथियार' का खुलासा करेगा।

ईरान के शीर्ष कमांडर की मौत

शनिवार, 4 जनवरी : इराक की राजधानी बगदाद के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर शुक्रवार को अमेरिकी हमले में ईरान के शीर्ष कमांडर कासिम सुलेमानी की मौत हो गई। ईरान और अमेरिका ने इस सूचना की पुष्टि की है। हमले में शिया मिलिशिया हाशेद अल-शाबी का उपप्रमुख भी मारा गया।

जानें-समझें

जनरल सुलेमानी की हत्या

ईरान संकट से उपजे बड़े सवाल

दीपक रस्तोगी

नया साल 2020 और नया दशक मध्य पूर्व में उभरते नए संकट के साथ शुरू हुआ है। ईरान की कुद्स फोर्स के कमांडर मेजर जनरल कासिम सुलेमानी को दो जनवरी को बगदाद हवाई अड्डे के नजदीक अमेरिकी सेना ने ड्रोन हमले में मार डाला। इसके के बाद मध्य पूर्व में अशांति और तनाव बढ़ने लगा है। भारत के संदर्भ में बड़ा सवाल यह है कि इस हंगामे के आर्थिक और रणनीतिक सवाल क्या होंगे। कई सवाल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे को लेकर भी उठ रहे हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि दिल्ली में 2012 में हुए हमलों में भी सुलेमानी का हाथ था।

दिल्ली में हमलों के दावे की हकीकत

ट्रंप ने हालांकि अपने बयान में भारत में सुलेमानी के हमले के बारे में कुछ स्पष्ट नहीं किया, लेकिन माना जा रहा है कि उनका इशारा नई दिल्ली में 13 फरवरी 2012 की उस वारदात की ओर था, जिसमें एक इजरायली राजनयिक की गाड़ी को उड़ा दिया गया था। इसमें उनकी पत्नी और ड्राइवर जख्मी हो गए थे। कार में चुंबक के सहारे बम फिट किया गया, जिसकी गुत्थी कभी नहीं सुलझ पाई और न ही भारत ने कभी उसके पीछे ईरान का हाथ बताया। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया था कि तेहरान में ईरान के परमाणु वैज्ञानिक मुस्तफा अहमदी रोशन की हत्या के बाद जवाबी कार्रवाई में ईरान ने विस्फोट कराए। इस मामले में एक भारतीय पत्रकार सैयद मोहम्मद अहमद काजमी को पकड़ा गया, लेकिन अदालत ने जमानत दे दी। जिन अन्य पांच के नाम सामने आए, वे इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड के सदस्य थे, लेकिन दिल्ली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार नहीं किया।

आर्थिक सुस्ती के बीच नई चुनौती

एक वक्त था जब ईरान भारत का मुख्य तेल आपूर्तिकर्ता था, लेकिन अमेरिका के दबावों की वजह से नई दिल्ली को तेहरान से तेल आयात को तकरीबन खत्म करना पड़ा। इस बीच अमेरिका बड़े तेल आपूर्तिकर्ता देश के तौर पर उभरा है। भारत की तेल जरूरतों के करीब 10 फीसद की आपूर्ति अमेरिका से होती है जबकि ईरान से आपूर्ति लगभग शून्य तक पहुंच गया है। सुलेमानी की हत्या की खबर के बाद कच्चे तेल की कीमत में चार फीसद का उछाल आ गया। सोने-चांदी की कीमत बढ़ गई। 2019 में कच्चा तेल लगभग 35 फीसद महंगा हो चुका है। भारत अपनी जरूरत का 83 फीसद तेल आयात करता है। जाहिर है, इन हालात में पहले से आर्थिक सुस्ती का सामना कर रही सरकार का सिरदर्द बढ़ सकता है।

खाड़ी में रणनीतिक हित

अमेरिका, भारत का सबसे महत्त्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है, लेकिन ईरान के साथ इसका आर्थिक-सभ्यतागत संबंध है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने अपनी शुरुआती प्रतिक्रिया में ईरान और अमेरिका दोनों को साधने की कोशिश की। भारत सरकार ने कहा, 'जरूरी है कि हालात काबू से बाहर नहीं जाएं। भारत ने लगातार संयम बरतने को तवज्जो दिया है और आगे भी यही करेगा।' दरअसल भारत को अब चाबहार में अपने हितों को लेकर अमेरिका को आश्वस्त करने के लिए मशक्कत करनी होगी। चाबहार पर भारत को छूट देने को लेकर अमेरिका के एक अधिकारी ने पिछले महीने कहा था कि इससे भारत अफगानिस्तान में जरूरी सामानों को निर्यात करने में सक्षम होगा जो काबुल के भी हित में है। अगर खाड़ी में तनाव बढ़ता है तो चाबहार परियोजना पर ग्रहण लग सकता है। दूसरे, खाड़ी में भारत के करीब 80 लाख लोग काम करते हैं। ये भारत के लिए विदेशी पूंजी का एक बड़ा स्रोत भी हैं। तनाव बहुत ज्यादा बढ़ने पर इन लोगों के वहां फंसने की आशंका भी रहेगी।

ईरान के साथ रिश्तों की नाजुक डोर

अमेरिका के दबाव की वजह से ईरान के साथ भारत के रिश्ते पहले ही नाजुक दौर में हैं। अमेरिका की ताजा कार्रवाई से महज दो हफ्ते पहले ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर तेहरान गए थे। इस दौरान दोनों ही देश चाबहार बंदरगाह परियोजना को तेजी देने पर सहमत हुए थे। ईरान के साथ संबंध रखने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने वाले अमेरिका ने भारत को चाबहार को विकसित करने की इस शर्त पर 'छूट' दी है कि ईरानी सेना रिवोलूशनरी गार्ड्स इस परियोजना में शामिल न हो।

अमेरिका और ईरान का संतुलन

आज ईरान और अमेरिका एक दूसरे के कट्टर विरोधी हैं लेकिन एक वक्त में दोनों देशों के रिश्ते काफी मजबूत थे। 1979 में ईरान में इस्लामिक क्रांति के बाद वॉशिंगटन और तेहरान के रिश्तों में तल्खी आ गई। इसके बाद भारत को भी तेहरान के साथ अपने रिश्तों को लेकर संतुलन साधना पड़ा। तब से नई दिल्ली अमेरिका और इजरायल के साथ अपने रणनीतिक रिश्तों को बरकरार रखते हुए तेहरान को भी साधे रखने की कोशिश करता है। ईरान के साथ भारत के रिश्तों की जटिलता सिर्फ अमेरिका और इजरायल की वजह से नहीं है। सऊदी अरब और ईरान की दुश्मनी भी जगजाहिर है।

क्या कहते हैं जानकार

फाइल फोटो

अमेरिकी हवाई हमले में जनरल कासिम सुलेमानी को मारे जाने के विरोध में प्रदर्शन।

ट्रंप के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैए से भारत के सामने मुश्किल हालात हैं। इससे जवाबी कार्रवाई को उकसावा मिलेगा। क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ेगी और वहां हमारे व्यापक हितों को ठेस पहुंचेगी।
- कंवल सिब्बल, पूर्व विदेश सचिव

भारत को अब मैदान से बाहर नहीं रहना चाहिए, बल्कि क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा का माहौल सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी राजनयिक भूमिका निभाने की अपनी ताकत का इस्तेमाल करना चाहिए।
-तलमीज अहमद, पूर्व राजनयिक और मध्य-पूर्व एशिया के जानकार

सुलेमानी की मौत के बाद मध्य पूर्व में अशांति और विवाद बढ़ना तय है। अब ईरान प्रॉक्सी फोर्सेस की कार्रवाई से बढ़कर कोई कदम उठा सकता है। ईरान या तो सीधे अमेरिकी प्रतिष्ठानों पर हमला कर सकता है या इजरायल जैसे उसके सहयोगियों पर हमला कर सकता है।
-लेफ्टिनेंट जनरल सईद अता हसनैन, श्रीनगर में सेना की 15वी कोर के पूर्व कमांडर और अभी कश्मीर में सेंट्रल यूनिवर्सिटी के चांसलर

व्यक्तित्व

सुचेता सतीश : 120 भाषाओं में गाने वाली भारतीय बालिका

जनसत्ता संवाद

दुबई में भारतीय मूल की चौदह वर्षीय सुचेता सतीश ने 'ग्लोबल चाइल्ड प्रोडिजी अवार्ड 2020' जीता है। सुचेता को यह पुरस्कार एक संगीत समारोह में सर्वाधिक भाषाओं में और सबसे लंबे समय तक गाने के लिए मिला है। शुक्रवार को दिल्ली में उन्हें 'ग्लोबल चाइल्ड प्रोडिजी अवार्ड' से सम्मानित किया गया। सुचेता सतीश के साथ 99 अन्य बच्चों को भी इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उसे गायन श्रेणी में यह जीत हासिल की है। खलीज टाइम्स की खबर के अनुसार केरल मूल की सुचेता सतीश दुबई के इंडियन हाईस्कूल की छात्रा है। वह 120 भाषाओं में गा सकती है। उन्हें दुबई इंडियन हाईस्कूल की कोकिला के रूप में जाना जाता है। 'ग्लोबल चाइल्ड प्रोडिजी अवार्ड' डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इंटरनेशनल फाउंडेशन और एआर रहमान द्वारा सहायता प्राप्त है। यह पुरस्कार नृत्य, संगीत, कला, लेखन, अभिनय, मॉडलिंग, विज्ञान, नवाचार, खेल आदि श्रेणियों में प्रतिभावान बच्चों को दिया जाता है। सुचेता ने 25 जनवरी, 2018 को दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास सभागार में अपना दोहरा विश्व रेकॉर्ड बनाया था। उस समय वह 12 साल की थीं और उन्होंने छह घंटे और 15 मिनट में 102 अलग-अलग भाषाओं में गीत गाया था। वह वर्तमान में 120 भाषाओं में गा सकती हैं और हाल ही में अरबी में अपना दूसरा एल्बम जारी किया है।

अपनी जीत के बारे में बात करते हुए सुचेता ने कहा, 'मुझे मेरे दो कीर्तिमानों के लिए पुरस्कार दिया गया है। एक में मैंने एक कंसर्ट में सर्वाधिक भाषाओं में गाने का कीर्तिमान बनाया और दूसरा कीर्तिमान सबसे लंबे समय तक सीधे प्रसारण में गाने का था। मैंने ये कीर्तिमान बारह साल की उम्र में दुबई में भारतीय वाणिज्य दूतावास के सभागार में बनाए थे जब मैंने 102 भाषाओं में छह घंटे से अधिक समय तक गाया था।' गायन के साथ पढ़ाई जारी रखने के बारे पूछे गए सवाल पर सुचेता ने कहा, 'मैंने प्रतिदिन रियाज करने का नियम बनाया है और भगवान की कृपा से बिना पढ़ाई को प्रभावित किए मैं ऐसा कर पाती हूं।'

सुचेता ने हाल में मलयालम सुपरस्टार मम्मूटी और अभिनेता उन्नी मुकुंदन के साथ अपना दूसरा एल्बम 'या हबीबी' जारी किया है। इससे पहले 2017 में भी सुचेता ने 80 भाषाओं में गीत गाया था। सुचेता छोटी सी उम्र से ही संगीत का रियाज कर रही हैं। शुरुआत में उन्होंने जापानी और अरबी में गीत गाने शुरू किए। वह स्कूल में अरबी भी पढ़ रही थीं, इसलिए उनके लिए इस भाषा में गाना आसान था, लेकिन इसके बाद जो सिलसिला शुरू हुआ वह अभी तक जारी है। फिर अंग्रेजी, डच, जर्मन, हिब्रू, गुजराती, हरियाणवी, भोजपुरी, असमिया, मंदारिन, मंगोलियन, फारसी, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, ग्रीक सहित 120 भाषाओं में गीत गा सकती हैं। उन्होंने 2016 से विदेशी भाषाओं में भी गीत गाना शुरू किया है। इस बारे में वह कहती हैं, 'विदेशी भाषा में उनका पहला गाना जापानी में था। उनके लिए फ्रांसीसी, हंगेरियन और जर्मन भाषाओं में गीत गाना सबसे कठिन था।'

कांग्रेस व 'आप' ने दिल्ली को दंगों में झुलसाया : शाह

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 6 जनवरी।

गृह मंत्री एवं भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली को दंगों की आग में झुलसाने का पाप किया है और प्रदेश की जनता उनसे इसका हिसाब मांगेगी।

शाह ने यहां एक समारोह में आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी वाड्रा संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) पर झूठ बोल कर अल्पसंख्यकों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने देशभर के अल्पसंख्यकों को गुमराह किया कि वे देश के नागरिक नहीं रह पाएंगे, जबकि संशोधित नागरिकता कानून में किसी की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं, इसमें नागरिकता देने का प्रावधान है। उन्होंने सवाल किया कि आप झूठ क्यों बोल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश देख रहा है कि राहुल गांधी दंगाइयों का समर्थन कर रहे हैं।

शाह ने आरोप लगाया कि दिल्ली को दंगों की आग में झुलसाने का पाप कांग्रेस और 'आप' ने किया, दिल्ली की जनता उनसे इसका हिसाब मांगेगी। उन्होंने कहा कि चार-चार दिन तक दिल्ली में दिक्कतें रहीं, दंगे हुए और इसके लिए कांग्रेस और 'आप' जिम्मेदार है। शाह ने आरोप लगाया कि वे (विपक्षी नेता) दंगा करने वालों को कानूनी मदद देने की बात भी कह रहे हैं, जो निंदनीय है। उन्होंने सवाल किया कि क्या भारत विरोधी नारे लगाने वाले छात्रों को सलाखों के पीछे डाला जाना चाहिए या नहीं? उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल पुलिस को मुकदमा चलाने की मंजूरी नहीं दे रहे हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने पूछा कि केजरीवाल जी आप किसको बचाना चाहते हो? उन्होंने सवाल किया कि क्या जो 'देश के टुकड़े-टुकड़े' करने की बात कर रहे हैं, उनको बचाना चाहते हैं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान से धार्मिक प्रताड़ना के कारण भारत में शरण लेने वाले उन देशों के अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने के लिए नया कानून लेकर आए लेकिन कांग्रेस और आप, विशेष तौर से राहुल, प्रियंका पूरे देश के अल्पसंख्यकों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये झूठ बोल रहे हैं और उनसे कह रहे हैं कि सीएए के कारण उनकी नागरिकता चली जाएगी, लेकिन संशोधित कानून में ऐसी कोई बात नहीं है।

शाह ने कहा कि किसी के पास अनुच्छेद 370 को समाप्त करने का साहस नहीं था, लेकिन नरेंद्र मोदी ने एक झटके में इसे कर दिखाया। हमारा झंडा कश्मीर में ऊंचा लहरा रहा है। अब कोई कश्मीर को भारत से अलग नहीं कर सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में दोहरे मानदंड अपनाए। वोट बैंक की राजनीति के लिए इस मुद्दे को लटकाए रखा। शाह ने कहा कि चिंता न करें। राहुल, केजरीवाल एवं कंपनी जो चाहे करें, अयोध्या में एक गगनचुंबी मंदिर का निर्माण होगा।

जेएनयू की हिंसा निंदनीय, न्यायिक जांच हो : सोनिया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 6 जनवरी।

देश के विपक्षी दलों सहित भाजपा के सहयोगी दल जनता दल (एकी) ने भी राजधानी के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में नकाबपोश हमलावारों के शिक्षकों व छात्रों पर किए गए हमले की कड़ी निंदा की है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को केंद्र की राजग सरकार की कड़ी निंदा की। उन्होंने पूरे मामले की स्वतंत्र न्यायिक जांच कराने की मांग की। दूसरी ओर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने जेएनयू के कुलपति को बर्खास्त करने की मांग की। राजग का हिस्सा जनता दल (एकी) ने न्यायाधीश से जांच कराने की मांग की है।

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बयान में कहा कि भारत के युवाओं और छात्रों की आवाज हर दिन दबाई जा रही है। भारत के युवाओं पर भयावह व अप्रत्याशित ढंग से हिंसा की गई और ऐसे करने वाले गुंड़ों को सत्तारूढ़ मोदी सरकार की ओर से उकसाया गया है। यह हिंसा निंदनीय और अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में शैक्षणिक परिसरों और कालेजों पर भाजपा सरकार से सहयोग पाने वाले तत्त्व व पुलिस रोजाना हमले कर रही है। हम इसकी निंदा करते हैं और स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग करते हैं।

हमें ईरान के सांस्कृतिक स्थलों को नष्ट करने का हक : ट्रंप

पेज 1 का बाकी

की अमेरिका ईरान में सांस्कृतिक स्थलों को भी निशाना बना सकता है। ट्रंप ने इस चेतावनी को लेकर हो रही उनकी आलोचनाओं को अपने ताजा बयान में खारिज कर दिया। ट्रंप ने कहा, 'उन्हें हमारे लोगों को मारने की अनुमति है। उन्हें हमारे लोगों का उत्पीड़न करने का अधिकार है। उन्हें सड़क किनारे बम विस्फोट करने और हमारे लोगों को उड़ाने की अनुमति है और हमें उनके सांस्कृतिक स्थलों को भी छूने का अधिकार नहीं है? ऐसा नहीं चलेगा।'

ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा, 'यदि वे कुछ करते हैं तो बड़ी जवाबी कार्रवाई होगी।' ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब ईरान ने 2015 के परमाणु समझौते को अब नहीं मानने का फैसला किया है।

फ्लोरिडा में छुट्टियां बिताकर वाशिंगटन लौट रहे ट्रंप ने 'एअर फोर्स वन' विमान से यह भी कहा कि यदि इराक अपने देश में अमेरिकी सैन्य बलों को बाहर निकालने को लेकर संसद में पारित प्रस्ताव का पालन करता है तो अमेरिका इराक पर बहुत कड़े प्रतिबंध लगाएगा। ट्रंप ने पहले भी धमकी दी थी कि यदि ईरान अमेरिकी बलों या हितों पर हमला करता है तो उस पर जवाबी कार्रवाई की जाएगी। इराक की संसद ने देश में अमेरिकी सेना की मौजूदगी समाप्त करने की अपील संबंधी प्रस्ताव के पक्ष में रविवार को मतदान किया। प्रस्ताव का मुख्य लक्ष्य अमेरिका को इराक के विभिन्न हिस्सों में मौजूद करीब 5,000 अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने को कहना है।

ट्रंप ने कहा, 'यदि वे हमें जाने को कहते हैं, यदि यह मित्रवत रूप से नहीं किया जाता है, तो हम उन पर अब तक के सबसे कड़े प्रतिबंध लगाएंगे।' उन्होंने कहा, 'इन प्रतिबंधों से ईरान पर लगाए गए प्रतिबंध भी छोटे लगने लगेंगे।' ट्रंप ने कहा कि इराक में अमेरिका का सैन्य अड्डा बेहद महंगा है। यदि वे हमें इसके लिए भुगतान नहीं करते तो हम वापस नहीं जाएंगे। इस बीच, ट्रंप ने ट्वीट किया कि यदि वह ईरान के खिलाफ हमला करने का फैसला करते हैं, तो इस संबंध में पहले किए गए उनके ट्वीट अमेरिकी कांग्रेस को पूर्व में दी गई अधिसूचना समझे जाएंगे। दरअसल, डेमोक्रेटिक सांसदों ने सुलेमानी पर हमला करने से पहले कांग्रेस से विचार-विमर्श नहीं करने को लेकर अमेरिकी प्रशासन की निंदा की है।

ननकाना साहिब में तोड़फोड़ का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

पेज 1 का बाकी

से जुड़े अधिकारी (डिजिटल मीडिया) अजहर मासवानी ने ट्वीट कर गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने ट्वीट किया, 'ननकाना साहिब घटना के मुख्य आरोपी इमरान को गिरफ्तार किया गया है। ननकाना साहिब थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है।' उन्होंने आगे कहा कि उस पर लगाई गई आतंकवाद निरोधी कानून की धारा 7 गैरजमानती धारा है। प्रधानमंत्री इमरान खान ने रविवार को चुप्पी तोड़ते हुए निंदा की और कहा कि यह उनकी सोच के विरुद्ध है और सरकार इसमें शामिल लोगों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगी।

भारत ने इस पवित्र गुरद्वारे में तोड़फोड़ की घटना की कड़ी निंदा की है और पाकिस्तान सरकार से वहां सिखों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है। शनिवार को भारत में विभिन्न दलों के नेताओं ने ननकाना साहिब पर हुए हमले की निंदा की थी और इसे कायराना व शर्मनाक करार दिया था। नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के पास सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया और मांग की कि पाकिस्तान सिख धर्मस्थलों और सिखों को पर्याप्त सुरक्षा दे। भारत में सिखों की सबसे बड़ी संस्था शिरोमणि गुरद्वारा प्रबंधक समिति ने कहा कि वह स्थिति का जायजा लेने के लिए चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान भेजेगा।

समिति ने पाकिस्तान सरकार से ननकाना साहिब गुरद्वारे पर हमला करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की अपील की। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इन खबरों का खंडन किया कि किसी भीड़ ने ननकाना साहिब में बेअदबी की। उसने कहा कि सिख धर्म के संस्थापक के धर्मस्थल को किसी ने न तो छुआ है और न ही कोई नुकसान पहुंचाया है यहां तोड़फोड़ किए जाने का दावा झूठा है।

'मेरे समय जेएनयू में कोई 'टुकड़े-टुकड़े' गैंग नहीं था'

पेज 1 का बाकी

जब मैं जेएनयू में पढ़ता था, हमने वहां कोई 'टुकड़े-टुकड़े' गैंग नहीं देखा।' जेएनयू परिसर में रविवार को हुई हिंसा के बाद संस्थान के पूर्व छात्र जयशंकर ने फौरन इस घटना की निंदा करते हुए कहा था कि यह पूरी तरह से विश्वविद्यालय की परंपरा और संस्कृति के खिलाफ है। दक्षिणपंथी दलों द्वारा विपक्ष, खास तौर पर वाम और वाम समर्थित संगठनों के साथ ही उनका समर्थन करने वालों के लिए 'टुकड़े-टुकड़े' शब्द का इस्तेमाल किया जा रहा है। जयशंकर ने एक किताब के विमोचन के कार्यक्रम में यह भी कहा कि चीन के विपरीत भारत ने अनुच्छेद 370, अयोध्या और जीएसटी जैसे मुद्दे को काफी लंबे समय तक खिंचने दिया।

मंत्रालय ने बुलाई बैठक

पेज 1 का बाकी

बैठक की। हालांकि, कुलपति एम जगदीश कुमार बैठक में शामिल नहीं हुए। इस बैठक के मद्देनजर यहां शास्त्री भवन के बाहर सोमवार को भारी पुलिस बल तैनात किया गया, जहां एचआरडी मंत्रालय है।

बैठक में जेएनयू रजिस्ट्रार, प्रॉक्टर और प्रशासन के अन्य अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने मंत्रालय के अधिकारियों को परिसर में हुए हमले के घटनाक्रम और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दी। एचआरडी मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'एचआरडी सचिव अमित खरे ने आज प्रो. वीसी चिंतामणि महापात्रा, रजिस्ट्रार प्रमोद कुमार, रेक्टर राणा प्रताप सिंह और प्रॉक्टर धनंजय सिंह समेत जेएनयू अधिकारियों की टीम के साथ बैठक की। सचिव ने उनके साथ विस्तृत चर्चा की और उन्हें जेएनयू में मौजूदा स्थिति के बारे में भी जानकारी दी गई।'

मंत्रालय ने हिंसा भड़कने और छात्रों एवं अध्यापकों पर हमले के बाद रविवार को जेएनयू के रजिस्ट्रार प्रमोद कुमार से छात्रों और शिक्षकों पर हुए हमले के संबंध में तत्काल रिपोर्ट देने को कहा था। जेएनयू के कुलपति एम जगदीश कुमार के मुताबिक, 'पूरे घटनाक्रम की विस्तृत रिपोर्ट एचआरडी मंत्रालय को भेज दी गई है। मौजूदा स्थिति की विस्तृत जानकारी देने के लिए प्रशासन के शीर्ष अधिकारी मंत्रालय में मौजूद हैं।'

इस बीच, केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने जेएनयू छात्रों से विश्वविद्यालय की गरिमा बनाए रखने और परिसर में शांति बनाए रखने का आग्रह किया है। जेएनयू प्रॉक्टर धनंजय सिंह ने छात्रों से नहीं घबराने को कहा है।

पूर्व नियोजित थी हिंसा : आईशी

पेज 1 का बाकी

कि संगठित अंदाज में नकाबपोशों ने हमला किया। विद्यार्थियों, प्रोफेसरों और अन्य लोगों को चुन-चुनकर निशाना बनाया गया।

आईशी घोष को हिंसा में चोटें आईं थीं और उन्हें एम्स के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था, जहां उनके सिर में 16 टांके लगाए गए। आईशी का आरोप है कि जेएनयू प्रशासन सुरक्षाकर्मियों, पुलिस और एबीवीपी के कार्यकर्ताओं की मिलीभगत से हिंसा भड़की। जेएनयू प्रशासन ने हिंसा रोकने की कोई कोशिश नही की।उन्होंने कहा कि परिसर में शांति मार्च के दौरान उन्हें विशेष तौर पर निशाना बनाया गया। घोष ने कहा कि रविवार को 20 से 25 नकाबपोश लोग शांति मार्च में घुस आए और उन पर लोहे के सरियों से हमला किया। घोष को सोमवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घोष ने आरोप लगाया कि शनिवार को जेएनयूएसयू द्वारा पंजीयन बहिष्कार का जायजा लेने वे स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज गईं थीं, तब एक प्रोफेसर ने उन्हें सबक सिखाने की धमकी दी थी। छात्र संघ ने एक से पांच जनवरी तक चलने वाली सेमेस्टर पंजीयन प्रक्रिया के बहिष्कार का आह्वान किया था।

पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को तलब किया

पेज 1 का बाकी

गया कि पाकिस्तान को अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करना चाहिए। मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, 'पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी सैयद हैदर शाह को आज समन किया गया और ननकाना साहिब में स्थित पवित्र गुरुद्वारा श्री जनम अस्थान में तोड़फोड़ तथा गुरुद्वारे को अपवित्र करने एवं पेशावर में सिख समुदाय के एक व्यक्ति की लक्षित हत्या पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई।'

तिब्बत में चीनी सेना का बड़ा सैन्य अभ्यास

पेज 1 का बाकी

सेंसर से लैस है। इससे पहले, रक्षा मंत्रालय ने जानकारी दी थी कि चीन, लद्दाख से सटे सीमावर्ती इलाके में अपने बुनियादी ढाचे को बड़े पैमाने पर बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) लद्दाख क्षेत्र में पैंगोंग झील से सटे इलाके में सैन्य बुनियादी ढांचे के विकास पर काम करना शुरू कर चुकी है। चीनी सेना ने इस इलाके में टेंट स्थापित किया है और वह इस इलाके में भूमिगत सुरंगों का निर्माण किया है। दूसरी ओर, पैंगोंग त्सो क्षेत्र के पास विवादित फिंगर 8 माउंटेन स्पर में और अधिक सुरंगों का निर्माण चीनी सेना कर रही है।

1,038 करोड़ का कालाधन हांगकांग भेजने में 51 कंपनियां नामजद

पेज 1 का बाकी

के लिए किया गया। सीबीआइ ने आरोप लगाया है कि 24 खातों का इस्तेमाल वस्तुओं के आयात के अग्रिम भुगतान के रूप में विदेशों में पैसा भेजने के लिए किया गया, जिसके तहत 488.39 करोड़ रुपए की राशि डॉलर में भेजी गई। वहीं, 27 खातों का इस्तेमाल भारतीय पर्यटकों की विदेशी यात्राओं के लिए 549.95 करोड़ रुपये की राशि भेजने के लिए किया गया।

सीबीआइ ने प्राथमिकी में 48 कंपनियों और तीन व्यक्तियों- मोहम्मद इब्राम्सा जॉनी, जिंटा मिढार और निजामुद्दीन को नामजद किया है। अधिकारियों के मुताबिक, वस्तुओं के आयात के संबंध में 24 कंपनियों में से 10 ने कम मात्रा में आयात किया, लेकिन आयात किया गया सामान और आयात का मूल्य कंपनियों द्वारा बैंकों को जमा किए गए बिल से मेल नहीं खाता था।

जांच एजंसी ने अपनी प्राथमिकी में कहा, 'आगे खुलासा हुआ कि आरोपियों और अन्य जो इस काम से जुड़े थे, उनको स्थानांतरित की गई राशि और बैंक खातों के सक्रिय रहने की अवधि के आधार पर कमीशन मिला तथा संबंधित बैंक अधिकारियों को नकद रिश्वत दी गई।' सीबीआइ का कहना है कि अधिकांश राशि 2015 की दूसरी छमाही में भेजी गई और कंपनियों का कारोबार लाखों में दिखाया गया, जबकि बाहर भेजी गई राशि करोड़ों में थी जिसे बैंक अधिकारियों ने फर्जी तरीके और बेईमानी से भेजना आसान बनाया।

सरकार उद्योगपतियों के खिलाफ नहीं

पेज 1 का बाकी

डंडा लेकर पड़ी रहती है। कुछ बेईमान और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई का मतलब यह नहीं है कि उनकी सरकार उद्योगपतियों के खिलाफ है।'

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार में उद्योगपतियों की समस्याओं को सुना गया है और उन्हें दूर भी किया गया है। उन्होंने उद्यमियों के डरे होने की बात को दुष्प्रचार बताते हुए कहा, 'इन दिनों दिवाला एवं ऋणशोधन संहिता (आइबीसी) की खूब चर्चा होती है। यह कानून सिर्फ डूबा पैसा वसूल करने का कानून नहीं होकर ईमानदार उद्यमियों का भविष्य बचाने का भी कानून है। इसने इंस्पेक्टर राज को खत्म किया है। इसने ईमानदार उद्यमियों को किन्हीं परिस्थितियों में असफल हो जाने पर धंधे से निकलने का विकल्प दिया है।'

मोदी ने कहा कि 2014 में सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने हमेशा इस बात के प्रयास किए हैं कि भारतीय उद्यमियों को किसी भी तरह की रुकावट का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य उद्योग जगत को कानूनों के जाल में फंसने से बचाना है ताकि वे अपने लिए भी और देश के लिए भी मूल्यवर्धन कर सकें। इन्हीं कोशिशों के तहत 13 हजार से अधिक कानूनों को समाप्त किया गया है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव आठ फरवरी को, 11 को परिणाम

पेज 1 का बाकी

के आधार पर नहीं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को सत्ता सौंपना तय कर लिया है। उधर, दिल्ली कांग्रेस के प्रभारी पीसी चाको ने चुनाव की तारीखों की घोषणा का स्वागत करते हुए कहा कि दिल्ली की जनता ने इस बार आप व भाजपा दोनों को खारिज करने का मन बना लिया है और कांग्रेस की सत्ता में शानदार वापसी तय है।

मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने सोमवार को दिल्ली चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए बताया कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव एक ही चरण में आठ फरवरी को होगा। इसके लिए 14 जनवरी को अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन की आखिरी तारीख तारीख 21 जनवरी होगी जबकि 24 जनवरी तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए 2689 जगहों पर मतदान होगा। इसके लिए कुल 13757 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में 12 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।

अरोड़ा ने बताया कि दिल्ली में करीब 1 करोड़ 47 लाख वोटर हैं। उन्होंने बताया कि चुनावी व्यवस्था में 90 हजार कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। चुनावी आचार संहिता लागू हो गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस बार मतदान स्थलों पर मोबाइल फोन के लिए लॉकर की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि स्थिति पर निगरानी रखने के लिए मीडिया निगरानी केंद्र भी बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए चुनाव आयोग ने खास इंतजाम किए हैं, जिससे उनको वोट डालने में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि 80 साल और इससे ऊपर के बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं की सहूलियत के लिए एक नई व्यवस्था की गई है। इसके लिए उन्हें मतदान केंद्रों पर जाने की जरूरत नहीं होगी। इसके तहत चुनाव आयोग डाक मतपत्रों से मतदान कराया जाएगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि इस चुनाव में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए यह प्रणाली शुरू की गई है। इसके तहत वे मतदाता, जो शारीरिक दिक्कतों या अन्य अपरिहार्य कारणों के चलते मतदान केंद्रों पर नहीं पहुंच सकते हैं, वे भी अपना वोट दे सकेंगे। विशेष लोग और 80 साल से ऊपर के वरिष्ठ नागरिक इस चुनाव में व्यक्तिगत तौर पर या पोस्टल बैलेट के जरिए अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

इतना ही नहीं, दिल्ली के 1.46 करोड़ मतदाता चुनाव में घर बैठे यह जान सकेंगे कि उनके नजदीकी मतदान केंद्र पर कितनी लंबी लाइन है और अब तक कितने लोगों ने मतदान किया।

देश-विदेश में प्रदर्शन

पेज 1 का बाकी

कार्यकताओं के बीच हिंसक झड़पों के बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को भगाया। पुडुचेरी से लेकर चंडीगढ़ और अलीगढ़ से लेकर कोलकाता तक सोमवार को विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्रदर्शन किए गए। बंगलुरु की नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, आइआइटी- बंबई और टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज में भी प्रदर्शन हुए। एजंसियों के मुताबिक, पुडुचेरी विश्वविद्यालय के छात्र रइजा ने कहा, 'आज वो हैं, कल हम हो सकते हैं।' मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया पर शनिवार रात से प्रदर्शन चल रहा है।कोलकाता के जादवपुर में जेएनयू की घटना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों की पुलिस के साथ झड़प हो गई।

अंबानी, अडाणी व अन्य उद्योगपतियों संग बैठक

पेज 1 का बाकी

अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन तथा रोजगार सृजन के उपायों पर भी विचार विमर्श हुआ। आम बजट से पहले पहले हुई यह बैठक काफी महत्त्वपूर्ण मानी जा रही है। देश के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी, टाटा समूह के संरक्षक रतन टाटा, दूरसंचार क्षेत्र के दिग्गज सुनील मित्तल, अरबपति उद्योगपति गौतम अडाणी, महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा और खनन क्षेत्र के दिग्गज उद्योगपति अनिल अग्रवाल इस बैठक में मौजूद थे।

बैठक की जो तस्वीर जारी की गई उसके अनुसार इसमें टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, टीवीएस के चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन, एलएंडटी के प्रमुख एएम नाईक भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री पिछले कुछ सप्ताह के दौरान कई उद्योगपतियों के साथ बैठकें कर चुके हैं।

प्रधानमंत्री अब तक 60 से अधिक उद्यमियों और कारोबारियों के साथ बैठकें कर चुके हैं। उन्होंने एफएमसीजी, वित्त, अक्षय ऊर्जा, हीरा कारोबारी, खुदरा क्षेत्र, कपड़ा, एमएसएमई, प्रौद्योगिकी और स्टार्टअप से जुड़े उद्यमियों के साथ विचार विमर्श किया।

'ऐसा खौफनाक मंजर कभी नहीं देखा...'

पेज 1 का बाकी

किया मुकाबला छात्रा रिपी बोरा ने बताया कि सब कुछ सोची-समझी साजिश के तहत हुआ। हमलावरों के साथ जेएनयू के भी कुछ छात्र थे, जो उन्हें बता रहे थे कि कौन किस संगठन से जुड़ा है। साबरमती छात्रावास में एक तरफ छात्र रहते हैं, जबकि दूसरी तरफ छात्राएं। घटना के समय केवल एक सुरक्षाकर्मी तैनात था, लेकिन नकाबपोशों को देखकर वह भी फरार हो गया। जब छात्राओं को लगा कि वे मुश्किल में हैं, तो उन्होंने एक दूसरे के हाथ थाम मानव शृंखला बनाई और छात्रावास के अंदर जाने से हमलवारों को रोक दिया। छात्राओं ने वीडियो भी बनाने शुरू कर दिए, ताकि हमलावरों को डर लगे और वहां से चले जाएं।

अंतहीन हिंसा का तांडव

छात्र राहुल कुमार ने बताया कि सबसे अधिक तोड़फोड़ और छात्रों पर हमला साबरमती छात्रावास में किया गया। पहली मंजिल के अलावा दूसरी मंजिल पर रहने वाली छात्राओं को भी पीटा गया। उन्होंने बताया कि यह पूरा उपद्रव एक से दो घंटे तक चला और पुलिस के अलावा परिसर में तैनात सुरक्षाकर्मी मूक दर्शक बने रहे। उन्होंने कहा कि भले ही एबीवीपी से जुड़े छात्र डर का माहौल बनाकर दूसरे छात्र संगठनों से जुड़े छात्र-छात्राओं को डराना चाहते हैं, पर कोई डरने वाला नहीं है। राहुल ने बताया कि सोमवार को पहली बार ऐसा हुआ कि केंद्रीय पुस्तकालय बंद रहा। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ।

मुद्दे से भटकाने की कोशिश

छात्रा स्वाति का आरोप है कि जेएनयू प्रशासन के साथ मिल कर केंद्र सरकार ने असली मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए यह सब कुछ करवाया है। स्वाति ने बताया कि बीते 65-70 दिनों से जेएनयू में फीस वृद्धि को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को जब यह एहसास हो गया कि छात्र पीछे हटने वाले नहीं हैं, तो हमला कर उन्हें डराया गया। जेएनयू के अधिकतर विद्यार्थी अगली कक्षा में जाने के लिए पंजीकरण करवाना नहीं चाहते। पर सरकार चाहती है कि हर कक्षा के कुछ छात्र पंजीकरण करवा लें। रविवार को भी पंजीकरण करवाने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद हिंसा हुई।

जेएनयू : दंगे का मामला, पर कोई गिरफ्तारी नहीं

पेज 1 का बाकी

सेंटर में उपचार के बाद सोमवार सुबह छुट्टी दे दी गई। हिंसा के दौरान छात्रों को सुरक्षा मुहैया नहीं करा पाने की जिम्मेदारी लेते हुए साबरमती हॉस्टल के दो वार्डनों ने इस्तीफा सौंप दिया है।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कुछ हमलावरों की पहचान की गई है। दिल्ली पुलिस प्रवक्ता मनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के अलावा सोशल मीडिया पर वायरल किए गए मैसेज और वीडियो फुटेज जुटाए गए हैं। हिंसा को लेकर कई शिकायतें दिल्ली पुलिस को मिली हैं। सभी शिकायतों के आधार पर एक मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस पीसीआर को रविवार शाम 4:57 बजे कैम्पस में नकाबपोश हमलावरों के घुसने की सूचना मिली, लेकिन वे लोग रात नौ बजे तक तांडव मचाते रहे।

रंधावा का तर्क है कि सूचना मिलने के बाद प्रशासनिक भवन के पास तैनात पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और स्थिति को काबू पाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि अदालत के आदेश पर प्रशासनिक भवन के पास ही दिल्ली पुलिस की तैनाती रहती है। बाद में शाम 7:45 बजे पुलिस को परिसर के अंदर जाने की अनुमति दी गई, जिसके बाद फ्लैग मार्च कर स्थिति पर काबू पाया गया।

जेएनयू परिसर में अभी भी पुलिस बल तैनात है। सोमवार को दिल्ली पुलिस के करीब 700 जवानों को जेएनयू परिसर और बाहर तैनात किया गया। वसंत कुंज और मुनिरका की ओर से आने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग की गई है और वहां से आवाजाही बंद कर दी गई है। सोमवार को भी कुछ प्रदर्शनकारियों ने हमलावरों पर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की। जेएनयू, जामिया और दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने चार मांगों का एक ज्ञापन पुलिस को सौंपा है। इसमें घायलों को चिकित्सकीय मदद मुहैया कराना और हिंसा में शामिल लोगों की गिरफ्तारी की मांग शामिल है।

इस बीच, साबरमती होस्टल के वरिष्ठ वार्डन राम अवतार मीणा और प्रकाश साहू ने इस्तीफा जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंप दिया है। राम अवतार ने लिखा कि मैंने हॉस्टल की सुरक्षा के लिए कई उपाय किए, लेकिन असफल रहा। इस वजह से मैं इस्तीफा दे रहा हूं। वहीं, प्रकाश साहू ने अपने इस्तीफे में लिखा कि वे चाह कर भी साबरमती होस्टल में रहने वाले छात्रों की सुरक्षा करने में असफल रहे। नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए वे पद से इस्तीफा दे रहे हैं।

जनरल सुलेमानी के जनाजे की नमाज में रो पड़े खमैनी

पेज 1 का बाकी

लोग जनरल के लिए मातम कर रहे थे। खुद खमैनी भी रो पड़े। अमेरिकी हमले में ईरान के शीर्ष सैन्य जनरल के मारे जाने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया है।

तेहरान में जमा लाखों की संख्या में लोगों को संबोधित करते हुए सुलेमानी की बेटी जैनब ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैनिकों पर सीधे हमले की धमकी दी। ईरान की सरकारी टीवी के अनुसार लाखों की संख्या में लोग शोक में जमा हुए थे। हालांकि संख्या की पुष्टि नहीं हो सकी है लेकिन जहां तक आंखें देख सकती थीं, वहां तक सिर्फ लोग ही लोग नजर आ रहे थे। जैनब ने कहा, 'पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैनिकों के परिवार अब अपने बच्चों के मरने के इंतजार में दिन काटेंगे।' ईरान के सर्वोच्च नेता खमैनी ने खुद सुलेमानी और हमले में मारे गए अन्य लोगों के जनाजे की नमाज पढ़ी और इस दौरान रोए भी। दोनों के बीच करीबी संबंध थे। नमाज के दौरान पूरी भीड़ विलाप कर रही थी। सुलेमानी के उत्तराधिकारी इस्माईल गनी, राष्ट्रपति हसन रुहानी और अन्य शीर्ष नेता खमैनी के पास खड़े थे। शीर्ष सैन्य कमांडर की अंतिम यात्रा में देश के सभी राजनीतिक हलकों के नेता शामिल हुए।

सुलेमानी की जगह लेने के बाद ईरान के सरकारी टीवी चैनल को दिए गए साक्षात्कार में सोमवार को गनी ने बदला लेने की धमकी दी है। उन्होंने कहा, 'अल्लाह ने बदला लेने का वादा किया है, अल्लाह ही बदला लेता है। कार्रवाई जरूर होगी।' गनी लंबे समय से सुलेमानी के डिप्टी थे। अब वे ईरान की सेना के प्रमुख हैं। ईरान की सेना सीधे खमैनी के मातहत आती है।

नई दिल्ली

www.readwhere.com

आयकर मामले में सोनिया व राहुल की अपील पर सुनवाई 17 मार्च को

नई दिल्ली, 6 जनवरी (भाषा)।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले के संबंध में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी के 2011-12 के आयकर के पुनः आकलन की अनुमति देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली उनकी अपीलों पर 17 मार्च को सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत ने इस तथ्य का जिक्र किया कि आयकर अपीलीय अधिकरण में कार्यवाही लंबित है और वह 17 मार्च तक उसका नतीजा आने की प्रतीक्षा करेगी। न्यायमूर्ति धनंजय वाई चंद्रचूड़ और ऋषिकेश राय के पीठ ने कहा कि वह इस मामले को अंतिम निपटारे के लिए 17 मार्च को सूचीबद्ध कर रही है क्योंकि याचियों ने बताया है कि आयकर अपीलीय अधिकरण के समक्ष कार्यवाही लंबित है।

इससे पहले, सोनिया गांधी और अन्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी चिदंबरम ने कहा कि अपीलीय अधिकरण ने इस मामले में अपना फैसला सुना दिया है लेकिन उसने कम से कम छह बिंदुओं पर विचार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इन छह बिंदुओं पर व्यवस्था के लिए आयकर अपीलीय अधिकरण में आवेदन किया गया है और यह मामला 28 फरवरी के लिए सूचीबद्ध है।

न्यायालय ने कहा कि अपीलीय अधिकरण के अंतिम आदेशों का शीर्ष अदालत के फैसले पर असर हो सकता है और इसलिए वह अधिकरण के समक्ष लंबित कार्यवाही के नतीजे देखना चाहेगा। पीठ ने साथ ही स्पष्ट किया कि यदि अधिकरण 17 मार्च तक लंबित बिंदुओं पर अपना फैसला नहीं सुनाता है तो भी वह इन मामलों में आगे सुनवाई करेगा।

महाराष्ट्र में कृषि ऋण माफी से 45,000-51,000 करोड़ का पड़ेगा बोझ : रिपोर्ट

मुंबई, 6 जनवरी (भाषा)।

उद्धव ठाकरे की अगुआई वाली महाराष्ट्र सरकार की कृषि ऋण माफी योजना पर अमल से चालू वित्त वर्ष के दौरान खजाने पर 45,000-51,000 करोड़ रुपए तक बोझ पड़ेगा। एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है।

नवगठित शिवसेना-राष्ट्रवादी कांग्रेस और कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने किसानों का 30 सितंबर, 2019 तक का दो-दो लाख रुपए का कर्ज माफ करने की घोषणा की है। इस योजना का लाभ समय पर कर्ज चुकाने वाले ऐसे किसानों को मिलेगा, जिनका बकाया कर्ज दो लाख रुपए या उससे अधिक है।

एसबीआइ रिसर्च ने सोमवार को जारी एक नोट में कहा कि 2017-18 में 44 लाख किसानों ने ऋण माफी का अधिकतम लाभ लिया था। उस साल 89 लाख किसानों ने फसल ऋण लिया था। राज्य में किसानों की संख्या 137 लाख है। रिपोर्ट कहती है कि इस बार 50 लाख या इससे अधिक किसानों को योजना का अधिकतम लाभ मिलेगा क्योंकि कर्ज माफी सीमा को डेढ़ से बढ़ाकर दो लाख कर दिया गया है।

एसबीआइ रिसर्च ने कहा कि पिछली भाजपा-शिवसेना सरकार के अनुभव के आधार पर कहा जा सकता है कि नई सरकार में कृषि ऋण माफी योजना की लागत कम से कम 45,000 करोड़ रुपए बैठेगी। ऐसा उस स्थिति में होगा जबकि किसान अधिकतम लाभ प्राप्त करें और पूर्ण ऋण माफी में पिछली बार की तुलना में बदलाव नहीं हो।

यदि इस योजना का लाभ लेने वाले किसानों की संख्या बढ़ती है तो यह राशि 51,000 करोड़ रुपए बैठेगी। नोट में कहा गया है कि यदि पहले की गई ऋण माफी के तहत भुगतान को नई योजना के तहत स्थगित कर दिया जाता है या इसका दायरा सीमित कर दिया जाता है तो यह राशि 12,500 करोड़ रुपए बैठेगी।

बेहमई कांड पर फैसला 18 तक टाला

कानपुर, 6 जनवरी (भाषा)।

कानपुर की एक विशेष अदालत ने वर्ष 1981 के बेहमई कांड पर अपना फैसला सोमवार को 18 जनवरी के लिए टाल दिया। सरकारी वकील राजू पोरवाल ने बताया कि विशेष अदालत को सोमवार को ही फैसला सुनाना था लेकिन उसने बचाव पक्ष के वकील को 16 जनवरी तक लिखित जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अदालत ने अगली तारीख 18 जनवरी तय की है, जब 39 साल पुराने नरसंहार कांड पर फैसला आने की उम्मीद है।

मुंबई के कमाठीपुरा क्षेत्र में एक व्यावसायिक इमारत में बड़े पैमाने पर आग लग गई जिसकी चपेट में आकर आठ लोग घायल हो गए। (भाषा)

SSPN FINANCE LIMITED
CIN: L65923MH2012PLC225735
Registered Office: Vaintheya CHS Ltd., Ground Floor, Flat No.02, Plot No.192B, Near Sony Mony, S.V Road, Vile Parle West, Mumbai, Maharashtra, 400056. Phone No.: 022 6127 5138;
Website: www.sspnfin.com ; Email: sspnfin@gmail.com

RECORD DATE FOR ISSUE OF BONUS SHARES

NOTICE is hereby given to all members of the Company that pursuant to Regulation 42 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 the Company has fixed **17th January, 2020** as the Record Date for the purpose of deciding the members who shall be eligible to allotment of Bonus Shares in the proportion of 1 (One) Bonus Equity Share of Rs 10/- (Rupees Ten) each, for 1 (One) fully paid-up Equity Share of Rs 10/- (Rupees Ten) each.

For SSPN Finance Limited
Sd/-
Mrs. Sheela Somnath Kadechkar
Director
DIN- 06862410
Place: Mumbai
Date: 06/01/2020

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
शाखा कार्यालय : 66, जनपथ, नई दिल्ली-110001
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
परिशिष्ट-IV (नियम 8 (1) देखें)

जबकि वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अंतर्गत **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जनपथ, नई दिल्ली शाखा** का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़े जाने वाले अनुच्छेद 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने मांग सूचना दिनांक **22/09/2019** जारी की थी, जिसके द्वारा **कर्जदारः श्री रमेश कुमार पुत्र गणेशी एवं श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री रमेश कुमार (कर्जदार का आवास ऋण खाता सं.3932190295)**, मकान नं.10/71, बारह मोहल्ला, वार्ड नं.10, खेरी कलाँ, **फरीदाबाद-121002**, को सूचना में उल्लिखित राशि **रु.30,21,399/- (तीस लाख इक्कीस हजार तीन सौ निन्यानबे रूपये मात्र) अर्जित ब्याज के साथ**, उक्त सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था। **कर्जदार** के इस राशि को चुकाने में असफल रहने के कारण, कर्जदार तथा आम जनता को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले कथित अधिनियम की धारा 13 के उपधारा 4 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित **सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 02 जनवरी, 2020** को ले लिया है। **कर्जदार** को विशेष तौर पर तथा आम जनता को सामान्य तौर पर एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का लेन-देन न करें और सम्पत्ति का कोई भी लेनदेन **रु.30,21,399/- (तीस लाख इक्कीस हजार तीन सौ निन्यानबे रूपये मात्र) इसके अलावा 22/09/2019 से ब्याज के साथ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जनपथ, नई दिल्ली शाखा** के प्रभार के भुगतान के अधीन होगा।

ऋणियों का ध्यान सुरक्षित सम्पत्ति को छुडाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

आवासीय मकान सं. एलआईजी 1295-पी, भूतल, हाऊसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर-29, फरीदाबाद। परिमाप 35.25 वर्ग गज, सम्पत्ति के सभी भाग एवं हिस्से **जो घिरा है:-**

उत्तरः रोड **दक्षिणः** रोड
पूर्वः खाली जमीन **पश्चिमः** मकान नं.1294

तिथिः 02/01/2020 **प्राधिकृत अधिकारी**
स्थानः फरीदाबाद **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया**

प्रपत्र सं. आइएनसी-26
[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में]
केन्द्रीय सरकार के समक्ष क्षेत्रीय निदेशक, उत्तर क्षेत्र
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उपनियम (5)(क) खंड के मामले में
और
जीओ ग्रानिटो इंटीरियर्स प्राइवेट लिमिटेड जिसका रजिस्टर्ड कार्यालय : प्लॉट नं. 64, इंडस्ट्रीयल सेक्टर-34, गुरुग्राम-122001 में स्थित है, के मामले में
.....आवेदक
आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन कार्यवाही का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से हरियाणा राज्य** में अर्थात कंपनी पंजीयक, के क्षेत्राधिकार के भीतर में स्थानांतरित करने के लिए तारीख **13 दिसम्बर, 2019, सुबह 11:00 बजे** को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के संगम ज्ञापन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।
कंपनी के रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो **निवेशक शिकायत प्ररुप फाइल कर एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है** या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति प्रादेशिक निदेशक को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर बी-2 विंग, द्वितीय तल, पं दीनदयाल अन्त्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली - 110003 पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या स्वयं दे सकते हैं और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके निम्नलिखित रजिस्ट्रीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजेगा :
प्लॉट नं. 64, इंडस्ट्रीयल सेक्टर-34, गुरुग्राम-122001
बोर्ड के निदेशक के और से
जीओ ग्रानिटो इंटीरियर्स प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता./-
रोहित कपूर
निदेशक
तिथि : 06.01.2020
स्थान : गुरुग्राम
डीआइएन : 01363490

THE ANDHRA PETROCHEMICALS LIMITED
Venkatarayapuram, Tanuku - 534215, W.G. Dist., Andhra Pradesh
NOTICE OF LOSS OF SHARE CERTIFICATES

NOTICE is hereby given that the following share certificates issued by the Company in the name **NAMITA MOHAN and SURINDAR MOHAN** of has/have applied to the Company for issue of Duplicate Share Certificate:

Folio No.	Share Certificate Nos.	Distinctive Numbers From	To	No. of Shares of face value Rs. 10/-
00233636	287843	42723501	42723600	100

The public are hereby warned against purchasing or dealing in any way with the above Share Certificates. Any person(s) who has/have any claim(s) in respect of the said Share Certificates should lodge such claim(s) with the Company at its registered office at the address given above within 15 days of publication of this notice, after which no claim will be entertained and the Company will proceed to issue duplicate Share Certificates.

For THE ANDHRA PETROCHEMICALS LIMITED
P.Narendranath Chowdary (Director)

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
शाखा कार्यालयः मेरठ रोड, सेहानी गाँव, गाजियाबाद, उ0प्र0
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
परिशिष्ट-IV (नियम 8 (1) देखें)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (द्वितीय) अध्यादेश, 2002 (2002 का अध्यादेश 3) की वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपभोग में सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, सिहानी, गाजियाबाद शाखा का अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते कर्जदारों : श्री नरेन्द्र कुमार पुत्र श्री बाबू राम एवं श्रीमती सुदेश पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार, मकान नं. बी-2/261, यमुना विहार, दिल्ली-110053 से कथित सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि रु. 33,16,675/- (रुपये तैंतीस लाख सोलह हजार छः सौ पचहत्तर मात्र) का पुनर्भुगतान करने को कहते हुए 01.10.2019 को एक माँग सूचना निर्गत की थी। कर्जदारों के राशि के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण एतद्वारा कर्जदारों तथा जनसामान्य सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपभोग में नीचे वर्णित सम्पत्ति पर 04.01.2020 को कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों और जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का संव्यवहार रु. 33,16,675/- (रुपये तैंतीस लाख सोलह हजार छः सौ पचहत्तर मात्र) के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, सिहानी, गाजियाबाद शाखा के प्रभार का विषय होगा।

प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय-सीमा के सम्बन्ध में कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा (13) की उपधारा (8) की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

खसरा नं. 474 ग्राम घोण्डा में से तीसरी मंजिल (आवासीय) छत के अधिकार सहित ग्राम घोण्डा गुजरान खद्दर, ब्लॉक-सी, गली नं. 2, भजनपुरा, शाहदरा, दिल्ली-110032 पर स्थित श्री नरेन्द्र कुमार के नाम पर फ्लैट का सम्पूर्ण भाग

सीमाएँ :
उत्तर : 15 फीट चौड़ी सड़क दक्षिण : 15 फीट चौड़ी सड़क
पूर्व : अन्य की सम्पत्ति पश्चिम : अन्य की सम्पत्ति

वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण की धारा 13(4) और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के अंतर्गत पूर्व में जारी सभी सूचनाएं वापिस ली जाती हैं।

स्थानः शाहदरा, दिल्ली **प्राधिकृत अधिकारी**
तिथिः 04.01.2020 **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया**

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केन्द्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
शाखा कार्यालयः मेरठ रोड, सेहानी गाँव, गाजियाबाद, उ0प्र0
कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)
परिशिष्ट-IV (नियम 8 (1) देखें)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (द्वितीय) अध्यादेश, 2002 (2002 का अध्यादेश 3) की वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपभोग में सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, सिहानी, गाजियाबाद शाखा का अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते कर्जदारों : श्री देविन्दर कुमार पुत्र भगवान सहाय एवं श्रीमती रेखा रानी पत्नी देविन्दर कुमार (सह कर्जदार), 20-ई, मेन रोड, ईस्ट बाबरपुर, ग्राम-मौजपुर, शाहदरा, दिल्ली-1100032 से कथित सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि रु. 58,33,850/- (रुपये अट्ठावन लाख तैंतीस हजार आठ सौ पचास मात्र) का पुनर्भुगतान करने को कहते हुए 01.10.2019 को एक माँग सूचना निर्गत की थी। कर्जदारों के राशि के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण एतद्वारा कर्जदारों तथा जनसामान्य सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपभोग में नीचे वर्णित सम्पत्ति पर 06.01.2020 को कब्जा कर लिया है।

विशेष रूप से कर्जदारों और जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किसी प्रकार का संव्यवहार रु. 58,33,850/- (रुपये अट्ठावन लाख तैंतीस हजार आठ सौ पचास मात्र) के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, सिहानी, गाजियाबाद शाखा के प्रभार का विषय होगा।

प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय-सीमा के सम्बन्ध में कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा (13) की उपधारा (8) की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

खसरा नं. 10 ग्राम मौजपुर में से सम्पत्ति सं. 2, मेन रोड ईस्ट बाबरपुर, शाहदरा, दिल्ली-110032 पर स्थित श्री देविन्दर कुमार के नाम पर भूमि के सम्पूर्ण भाग का इक्विटेबल बन्धक तथा अन्तिम मंजिल तक उपयोग एवं निर्माण के अधिकार सहित। सीमाएँ :
उत्तर : अन्य की सम्पत्ति दक्षिण : अन्य की सम्पत्ति
पूर्व : अन्य की सम्पत्ति पश्चिम : मेन बाबरपुर रोड

वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण की धारा 13(4) और प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के अंतर्गत पूर्व में जारी सभी सूचनाएं वापिस ली जाती हैं।

स्थानः शाहदरा, दिल्ली **प्राधिकृत अधिकारी**
तिथिः 06.01.2020 **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया**

BERVIN INVESTMENT & LEASING LTD.
CIN No.: L65993DL1990PLC039397
Regd. Office: 607, Rohit House,3, Tolstoy Marg New Delhi-110 001,
Website: www.bervin.com, Email Id: secretary@bervin.com

NOTICE OF BOARD MEETING

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Thursday, 13th February 2020 to inter-alia consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the Quarter ended 31st December, 2019.

Further, as per the provisions of the SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 and Company's Code for Prevention of Insider Trading, the Trading Window for dealing in the securities of the Company remains closed from 1st January, 2020 and would re-open after 48 hours from the date of announcement / declaration of Un-Audited Financial Results for the Quarter ended 31st December, 2019.

The said notice can be accessed on the Company website at www.bervin.com as well as Stock Exchange website at www.bseindia.com.

For Bervin Investment and Leasing Limited
Sd/-
Kalpana Umakanth
Company Secretary
Date: 07.01.2020
Place: New Delhi

भारतीय कंटेनर निगम लिमिटेड
CONTAINER CORPORATION OF INDIA LTD.
(भारत सरकार का उपक्रम) एक नवरत्न कंपनी
(A Govt. of India Undertaking) A Navratna Company
ICD, Tughlakabad, New Delhi – 110 020
कोनकोर CONCOR

निविदा सूचना (केवल ई-टेंडरिंग पद्धति)

"उत्तरी क्षेत्र टर्मिनलों के लिए ले-ऑफ स्टाफ पर ट्रांसपोर्टरों के पूर्णनामांकन" के लिए केवल ऑनलाइन पद्धति के माध्यम से एकल बिंदु प्रणाली में ऑनलाइन ई-बोली की आमंत्रित आमंत्रित की जाती है। निविदा दस्तावेज ऑनलाइन ₹ 1000/- का भुगतान करने के बाद केवल वेबसाइट (www.tenderwizard.com/CCIL) से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

निविदा सं.	CONNRT/CH/REGIONAL/FMLM/2020
अनुमानित लागत	रु. 12,13,67,022/- (प्रतिवर्ष)
अनुबंध की अवधि	24 (+1) वर्ष
धरोहर जमा राशि	रु. 10,00,000/- ई-भुगतान के माध्यम से
निविदा दस्तावेज की कीमत	रु. 1,000/- सभी कर एवं प्रसार सहित ई-भुगतान के माध्यम से
निविदा प्रोसेसिंग शुल्क	रु. 5,310/- सभी कर एवं प्रसार सहित ई-भुगतान के माध्यम से (अ-प्रतिदेय)
बिक्री की तिथि (ऑनलाइन)	07.01.2020 (19:00 बजे) से 27.01.2020 (16:00 बजे तक)
निविदा पूर्व बैठक	17.01.2020 को 15.00 बजे कोनकोर / उत्तरी क्षेत्र, नई दिल्ली
बुलिटिन विविध कोई भी जारी करना	केवल www.tenderwizard.com/CCIL पर 20.01.2020 को या उसके बाद
जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	28.01.2020 को 15:00 बजे तक
खोलने की तिथि एवं समय	29.01.2020 को 16:30 बजे

तकनीकी स्पष्टीकरण एवं अन्य विवरणों के लिए कृपया www.concorindia.com या eprocure.gov.in या www.tenderwizard.com/CCIL पर लॉग ऑन करें। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें। कोनकोर बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार रखता है।

कार्यकारी निदेशक/उ.क्षे.

सार्वजनिक सूचना – सम्पत्तियों की नीलामी सह बिक्री

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रस्तुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदारों तथा गारंटरों को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक / प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका कब्जा असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड (आर्सिल), भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकृत एक असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सरफासी एक्ट, 2002 के प्रावधानों के अधीन प्राप्त किया जा चुका है। आर्सिल ने निम्नवर्णित वित्तीय आस्तिया बैंकों / वित्तीय संस्थाओं से अधिग्रहीत कर ली हैं और प्रतिभूत लेनदार के अधिकार अर्जित कर लिए हैं। आस्तिया 'जैसी है जहां है', 'जैसी है जो है' तथा 'जो भी है वहां है' आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण और कार्यक्रम के अनुसार बेची जाएगी :

क्र. सं.	ऋण खाता नंबर / बैंक का नाम / वित्तीय संपत्ति	मूल कर्जदार / सह-कर्जदार / जमानतदार का नाम	ट्रस्ट का नाम	सम्पत्ति का प्रकार / आकार / प्रकृति	कुल बकाया राशि भारतीय रुपए में	धरोहर राशि जमा (ईएमडी) भारतीय रुपए में	सुरक्षित मूल्य (रू.) भारतीय रुपए में	निरीक्षण की तिथि	नीलामी की तिथि एवं समय	कब्जा का प्रकार
1	19800000005 / आवास परिषद फाइनेंस लिमिटेड	गजेंदर शर्मा / हरीश शर्मा / राम निवास शर्मा / सीमा शर्मा	आर्सिल रिटेल लोन पोर्टफोलियो -047-ए-ट्रस्ट	भूमि - 2011 वर्ग फीट कारपेट / 3451 वर्ग फीट (फ्रीहोल्ड)	2,09,12,178.76 26/12/2019 तक	9,70,000/-	97,00,000/-	17/01/2020	10/02/2020 15:30:00	भौतिक

प्रतिभूत सम्पत्ति पता : हाउस नंबर एसजी-67/8 सेक्टर 16, जीएमपी शास्त्री नगर, गाजियाबाद (पानी की टंकी और स्टेट बैंक ऑफ पटियाला के पास) पिनकोड : 201001

नीलामी प्रक्रिया के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना

1	नीलामी तिथि	यहां ऊपर वर्णित अनुसार	5	ईएमडी जमा करने हेतु अंतिम तिथि	उसी दिन नीलामी से 2 घंटा पहले
2	बोली जमा करने का स्थान तथा नीलामी का स्थान	द्वितीय तल, सेठी चैम्बर्स प्लॉट नंबर 2, डीडीए लोकल शॉपिंग सेन्टर, निकट विद्या भवन गर्ल्स सीनियर सेकण्ड्री स्कूल, एमआर्आर लैण्ड, न्यू राजिन्दर नगर, नई दिल्ली-110060	6	ईएमडी सहित सभी भुगतान डिमांड ड्राफ्ट द्वारा किए जाने हैं	नई दिल्ली
3	नीलामी हेतु वेबसाइट	www.arcil.co.in	7	नाम जिसके पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट आहरित किया जाना है	नाम प्रत्येक सम्पत्ति के सामने ट्रस्ट कॉलम में दर्शाया गया है
4	सम्पर्क व्यक्ति तथा फोन नंबर	वर, कमल मिश्रा – 9619820760, विक्रम तंवर – 8860122299	8	निरीक्षण का समय	पूर्व 10:00 बजे से अप 5:00 बजे तक

बोलीदाता, उपरिवर्णित वेबसाइट पते पर ऑफर / निविदा दस्तावेज के साथ उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में आवेदन करके, अपनी पसंद के अनुसार नीलामी में ऑनलाइन प्रतिभागिता की सुविधा प्राप्त कर सकता है। ऑनलाइन विडिंग उपरिवर्णित संस्थान की वेबसाइट पर सम्पन्न होगी तथा निविदा दस्तावेज में दिए गए नियमों एवं शर्तों के अधीन होगी। निविदा दस्तावेज तथा नीलामी के नियम एवं शर्तें हमारी वेबसाइट www.arcil.co.in से डाउनलोड की जा सकती हैं अथवा आर्सिल के उपरिवर्णित शाखा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। कृपया नोट करें कि यह बिक्री बिड दस्तावेज में वर्णित नियमों एवं शर्तों के तहत होगी। बिक्री पूर्णतया इस विज्ञापन तथा बिड / निविदा दस्तावेज में सम्मिलित नियमों एवं शर्तों के तहत होगी। प्राधिकृत अधिकारी का बिना कोई कारण बताए किसी भी / सभी बिड्स अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। यह सूचना प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 तथा 9 के तहत सूचना भी मानी जाएगी।

स्थान : नई दिल्ली **हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी**
तिथि : 07-01-2020 **असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड**

Arcil Premier ARC
असेट रिकंस्ट्रक्शन कम्पनी (इंडिया) लिमिटेड, सीआईएन : U65999MH2002PLC134884,
पंजीकृत कार्यालय : दि रूबी, 10वां तल, 29 सेनापति बापट मार्ग, दादर (पश्चिम), मुंबई-400028. फोन : + 91 2266581300
शाखा पता : द्वितीय तल, सेठी चैम्बर्स, प्लॉट नंबर 2 डीडीए लोकल शॉपिंग सेन्टर निकट विद्या भवन गर्ल्स सीनियर सेकण्ड्री स्कूल, एमआर्आर लैण्ड, न्यू राजिन्दर नगर, नई दिल्ली-110060. फोन : 011-46376444 www.arcil.co.in

प्रपत्र – 'जी'
अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण
भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों के लिए ऋण शोध अक्षमता समाधान प्रक्रिया) विनियमावली, 2016 के विनियम 36ए (1) के अधीन

प्रासंगिक विवरण

1.	कार्पोरेट देनदार का नाम	**रियासत टॉवर्स प्राइवेट लिमिटेड**
2.	कार्पोरेट देनदार के निगमन की तिथि	17/03/2004
3.	प्राधिकरण जिसके अधीन कार्पोरेट देनदार निगमित / पंजीकृत है	रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज, दिल्ली
4.	कार्पोरेट देनदार की कार्पोरेट पहचान संख्या / सीमित दायित्व पहचान संख्या	U45201DL2004PTC125229
5.	कार्पोरेट देनदार के पंजीकृत कार्यालय तथा प्रधान कार्यालय (यदि कोई) का पता	एम्बस 4 बी, 294 / ई कमल कुंज करियप्पा मार्ग वेस्टर्न एक्स्टेंशन, सीनेक फार्म, नई दिल्ली, दक्षिणी दिल्ली – 110062
6.	कार्पोरेट देनदार की ऋण शोध अक्षमता आरंभन की तिथि	22-10-2019 (आदेश 04/11/2019 को प्राप्त हुआ)
7.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण की तिथि	07/01/2020
8.	संहिता की धारा 26(2)(एक) के अधीन समाधान आवेदकों की संख्या	विवरण "cirp.riyasat@gmail.com" पर ईमेल करके मांगा जा सकता है
9.	धारा 29क के अधीन लागू अपात्रता के मानदंड	इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड, 2016 की धारा 29 ए और अन्य प्रावधानों के अनुसार, विवरण "cirp.riyasat@gmail.com" पर ईमेल करके भी प्राप्त किया जा सकता है
10.	अभिरुचि की अभिव्यक्ति की प्राप्ति हेतु अंतिम तिथि	23/01/2020
11.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	02/02/2020
12.	अंतिम सूची के बारे में आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	07/02/2020
13.	संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	17/02/2020
14.	संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स तथा संभावित योजना हेतु अनुरोध जारी करने की तिथि	07/02/2020
15.	समाधान योजना, मूल्यांकन मैट्रिक्स, सूचना ज्ञापन तथा अतिरिक्त सूचना हेतु अनुरोध प्राप्त करने की तिथि	विवरण "cirp.riyasat@gmail.com" पर ईमेल करके मांगा जा सकता है
16.	समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि	08/03/2020
17.	समाधान प्रोफेशनल को समाधान योजना सौंपने की तिथि	cirp.riyasat@gmail.com पर ईमेल करके और 806 अनुष्का टॉवर, मार्ग ट्रेड सेंटर, सेक्टर – 11, सीबीडी, नई दिल्ली – 110085 पर स्पीड पोस्ट द्वारा
18.	निपटारक प्राधिकारी के अनुमोदन हेतु समाधान योजना प्रस्तुत करने हेतु अनुमानित तिथि	03/04/2020
19.	समाधान प्रोफेशनल का नाम और रजिस्ट्रेशन नंबर	**हरीश तनेजा** **पंजीकरण सं. : IBBI/IPA-002/IP-N00088/2017-18/10223**
20	समाधान प्रोफेशनल का नाम, पता और ई-मेल, जैसाकि बोर्ड में पंजीबद्ध है	**हरीश तनेजा** 238-एल मॉडल टाउन, गुरुद्वारा अरुणाचल के पास, सोनीपत – 131001

Corporation Bank

(A Premier Public Sector Bank)

अंचल कार्यालय-दिल्ली उत्तर, दूसरा तल, फैज रोड-1, नई दिल्ली-110005, फोन नं. 011-28754615, 28754642,
ईमेल आईडी: dlirec@corpbank.co.in, वेबसाईट: www.corpbank.com

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये बिक्री सूचना

प्रतिभूत हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 (1) के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूत हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल/चल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिये ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण तथा विशेष रूप से ऋणधारक(कों) तथा गारन्टर(रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडीटर के पास बंधक/चार्ज नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका कार्पोरेशन बैंक (प्रतिभूत क्रेडीटर) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा रचनात्मक/भौतिक कब्जा किया गया है की, नीचे वर्णित ऋणधारक(कों) एवं गारन्टर(रों) से कॉर्पोरेशन बैंक के नीचे वर्णित बकाये की वसूली के लिये नीचे वर्णित तिथि को ''जैसा है जहाँ है'', ''जो भी जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी वहाँ है'' आधार पर बिक्री की जायेगी। आरक्षित मूल्य तथा धरोहर राशि का विवरण यहाँ नीचे वर्णित है:

शाखा का नाम एवं पताः एआरएमबी, कॉर्पोरेशन बैंक 116, एफ 14, कम्पीटेन्ट हाउस, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली, फोन सं.: 011-42143976

ऋणधारक एवं गारन्टर का नाम		
	ऋणधारकः याअली इन्टरनेशनल, बी 1, डीडीए कॉलोनी, बी ब्लॉक, शाहदरा दिल्ली-32 प्रॉप्राईटर का नामः श्री अब्बास हैदर, गारन्टरः जावेद हुसैन	बकाया राशिः रु. 22710406.12/- तथा उस पर आगे का ब्याज एवं अन्य चार्जेज

सम्पत्ति सं. 1. न्यू जाफराबाद, दिल्ली-110032 में सम्पत्ति सं. बी-1, माप 2260 वर्ग फीट अर्थात् 209 वर्ग मीटर के तीन मंजिला भवन में बेसमेन्ट तल तथा भूतल का आधा भाग।
ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 21.1.2020 को 11.45 पूर्वा. से 1.15 अप. तक 10 मिनट के स्वतः असीमित विस्तार के साथ। आरक्षित मूल्यः रु. 70,00,000/-, जमा की जाने वाली धरोहर राशिः रु. 7,00,000/-
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया https://corpbank.com/sites/defaults/files/corpbank-page-files/tender/yalli_internaitional.1.pdf में दी गई लिंक देखें।
सम्पत्ति सं. 2. न्यू जाफराबाद, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110032 में सम्पत्ति सं. बी-1, सम्पत्ति सं. बी-1, क्षेत्रफल माप 1500 वर्ग फीट अर्थात् 139.95 वर्ग मीटर पर निर्मित सम्पूर्ण प्रथम तल
ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 21.1.2020 को 11.45 पूर्वा. से 1.15 अप. तक 10 मिनट के स्वतः असीमित विस्तार के साथ। आरक्षित मूल्यः रु. 72,00,000/-, जमा की जाने वाली धरोहर राशिः रु. 7,20,000/-
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया https://corpbank.com/sites/defaults/files/corpbank-page-files/tender/yalli_internaitional.1.pdf में दी गई लिंक देखें।

ऋणधारक एवं गारन्टर/रों का नाम		
	ऋणधारकः मै. जीवन सार एजुकेशनल सोसायटी, एच-7, कस्तुरबा अपार्टमेन्ट्स, पीतम पुरा, नई दिल्ली-110034 गारन्टरः 1. श्री हरित शर्मा, एजी-20, निर्वाणा कन्ट्री, गुड़गाँव, हरियाणा, 2. सुश्री कोमल सत्ती, बी-67, सिल्वर क्रेस्ट, सुशांत लोक-3, सेक-57, गुड़गाँव, 3. श्री अनिल अरोड़ा, 203, मैरीगोल्ड अपार्टमेन्ट, अमरावती एन्क्लेव, चांदी, मंदिर, पंचकूला, हरियाणा-134107, 4. श्री दीपक दुआ, कनाडा, 5. श्री राजविन्दर सिंह, एच-7, एचआईजी फ्लैट्स, कस्तूरबा अपार्टमेन्ट्स, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034, 6. श्री अनीता अरोड़ा, 203, मैरीगोल्ड अपार्टमेन्ट, अमरावती एन्क्लेव, चांदी मंदिर, पंचकूला, हरियाणा-134107, 7. श्री सुधीर कान्त गुप्ता, मकान सं. 751, 8वाँ क्रॉस रोड, 2रा ब्लॉक, आर.टी.नगर, बैंग्लोर-560032, 8. श्री रवीश बागला, एम-21, कस्तूरबा अपार्टमेन्ट, पीतमपुरा, नई दिल्ली-110034, 8. श्री पी.के. उप्पल, 77, सेक-17ए, गुड़गाँव, हरियाणा, 9. श्री कुल भूषण, जी-3/84, सेक्टर-11, रोहिणी, दिल्ली-110085, 10. सुश्री आरटी धींगरा, ई-82, निर्वाण कन्ट्री, सेक-50, गुड़गाँव, हरियाणा	बकाया राशिः रु. 37,47,85,188.50 तथा उस पर आगे का ब्याज एवं अन्य चार्जेज

सम्पत्ति सं. 3. निर्वाणा कोर्ट यार्ड, निर्वाणा कन्ट्री, साउथ सिटी-, फेज-II, गुड़गाँव, हरियाणा में स्थित प्रथम तल पर शॉप/कार्यालय परिसर सं. 149 ब्लॉक-सी का सभी भाग तथा हिस्सा।
ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 21.1.2020 को 11.45 पूर्वा. से 1.15 अप. तक 10 मिनट के स्वतः असीमित विस्तार के साथ। आरक्षित मूल्यः रु. 72,00,000/-, जमा की जाने वाली धरोहर राशिः रु. 7,20,000/-
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया https://corpbank.com/sites/defaults/files/corpbank-page-files/tender/jeran_saar_educational_society_3.pdf में लिंक देखें।
सम्पत्ति सं. 4. निर्वाणा कोर्ट यार्ड, निर्वाणा कन्ट्री, साउथ सिटी-, फेज-II, गुड़गाँव, हरियाणा में स्थित प्रथम तल पर शॉप/कार्यालय परिसर सं. 148 का सभी भाग तथा हिस्सा।
ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 21.1.2020 को 11.45 पूर्वा. से 1.15 अप. तक 10 मिनट के स्वतः असीमित विस्तार के साथ। आरक्षित मूल्यः रु. 70,00,000/-, जमा की जाने वाली धरोहर राशिः रु. 7,00,000/-
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया https://corpbank.com/sites/defaults/files/corpbank-page-files/tender/jeran_saar_educational_society_3.pdf में लिंक देखें।

ऋणधारक एवं गारन्टरों का नाम		
	ऋणधारकः मै. पवित्र मिल्क प्रॉडक्ट्स प्राईवेट लिमिटेड, 104 तथा 103, प्रथम तल, टाइम्स एस्क्वॉयर बिल्डिंग, सुशांत लोक 1, गुड़गाँव, हरियाणा-122002 गारन्टरोंः 1. श्री भगवान, एच.नं. 5, चक्करपुर, सीधी गणेश मंदिर के निकट, डीएल फेज-2, गुड़गाँव, हरियाणा, 2. श्रीमती गुणीता, एच.नं. 5, चक्करपुर, सीधी गणेश मंदिर के निकट, डीएल फेज-2, गुड़गाँव, हरियाणा, 3. श्रीमती दयावती, एच.नं. 5, चक्करपुर, सीधी गणेश मंदिर के निकट, डीएल फेज-2, गुड़गाँव, हरियाणा,	बकाया राशिः रु. 16,43,16,295.10/- तथा उस पर आगे का ब्याज एवं अन्य चार्जेज

सम्पत्ति सं. 5. संयुक्त रूप से 3 प्लॉट्स, नं. एच-83, एच 1-103 एवं एच 1-104 पर औद्योगिक सम्पत्ति, इंडस्ट्रियल एरिया ईपीआईपी नीमराना, दिल्ली जयपुर राजमार्ग, एमएच-8, नीमराना, जिला-अलवर, राजस्थान का ईएमजी।
ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 21.1.2020 को 11.45 पूर्वा. से 1.15 अप. तक 10 मिनट के स्वतः असीमित विस्तार के साथ। आरक्षित मूल्यः रु. 3,11,83,200/-, जमा की जाने वाली धरोहर राशिः रु. 31,18,320/-
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया https://corpbank.com/sites/defaults/files/corpbank-page-files/tender/pavitra_milk_products_private_limited_1.pdf में दी गई लिंक देखें।
सम्पत्ति सं. 6. प्लान्ट एवं मशीनरी
ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 21.1.2020 को 11.45 पूर्वा. से 1.15 अप. तक 10 मिनट के स्वतः असीमित विस्तार के साथ। आरक्षित मूल्यः रु. 3,17,82,600/-, जमा की जाने वाली धरोहर राशिः रु. 31,78,260/-
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया https://corpbank.com/sites/defaults/files/corpbank-page-files/tender/pavitra_milk_products_private_limited_1.pdf में दी गई लिंक देखें।

ऋणधारक एवं गारन्टरों का नाम		
	ऋणधारकः मै. क्रेसैन्ट मार्बल प्रा.लि., के-41/42, शहूरपुर, चौ. बलवीर सिंह मार्के, मैन छत्तरपुर मंदिर रोड, चंदन हुल्ला, नई दिल्ली गारन्टरः श्री प्रदीप गोयल, जे-102, सैनिक फार्म्स, नई दिल्ली-110062, श्री प्रदीप गोयल, प्लॉट नं. 54, गांधी नगर कॉलोनी, हरि पर्वत वार्ड, आगरा, उ.प्र., श्री प्रदीप गोयल, मकान सं. 25/46, गांधी नगर कॉलोनी, आगरा, उ.प्र., श्री प्रदीप गोयल, बेस्मेन्ट तल, डी-22, ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव-1, नई दिल्ली	बकाया राशिः रु. 4,61,17,716.90/- तथा उस पर ब्याज एवं अन्य चार्जेज

संपत्ति सं. 7. ''कुल (मिनजुमला) म्यूनिसपैलिटी (म्यूनिसिपल कमिटी) नं. 25/46 (भाग 25/46 डी विदित), गांधी नगर, हरि पर्वत वार्ड, आगरा सिटी में सम्पत्ति जिसके 50 मीटर की दूरी पर पुराना आवासीय संरचना, भवन, उस पर निर्मित मकान स्थित है जो श्री प्रदीप गोयल के नाम में है, का सभी भाग तथा हिस्सा।''
चौहद्दीः पूर्वः 72''4'', सम्पत्ति में कुछ भाग कुल (मिनजुमला) नं. 54 में, फ्रान्ट साइड पार्टी नं.1 तथा सम्पत्ति का कुछ भाग रास्ता में तथा समतल 15'' चौड़ा, पश्चिमः 72''4'' सर्विस लेन, उत्तरः 70'' सर्विस लेन, दक्षिणः 64''6'' सम्पत्ति, अंशतः नं. 54.1 में।
ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 21.1.2020 को 11.45 पूर्वा. से 1.15 अप. तक 10 मिनट के स्वतः असीमित विस्तार के साथ। आरक्षित मूल्यः रु. 1,82,00,000/-, जमा की जाने वाली धरोहर राशिः रु. 18,20,000/-
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank-page-files/tender/crescent_marble_pvt_ltd_5.pdf में दी गई लिंक देखें।

ऋणधारक एवं गारन्टरों का नाम		
	ऋणधारकः मै. ब्लिस इन्फ्राटेक प्राईवेट लिमिटेड, 2/4, 2रा तल, सराय जुलेना, न्यू फ्रैंडस कॉलोनी, दिल्ली-110025 गारन्टरोंः 1. श्री अजहर अली, सी-88, चौथा तल, शाहीन बाग, जामिया नगर, ओखला, नई दिल्ली-110025, 2. श्रीमती सानाअली, पत्नी श्री अजहर अली, सी-88, चौथा तल, शाहीन बाग, जामिया नगर, ओखला, नई दिल्ली-110025	बकाया राशिः रु. 12527395.00/- तथा उस पर ब्याज एवं अन्य चार्जेज

संपत्ति सं. 8. 1) लिमिटेशन बिलेज दुहाई, गाजियाबाद में स्थित खाली प्लॉट नं. 41, 42, 43, 44, खसरा नं. 449, एरिया माप 334.44 वर्ग मी., बुक नं.-01, जिल्द नं. 5721, पेज 59 से 114, दस्तावेज नं. 4233 में उप रजिस्ट्रार II रा, गाजियाबाद, उ.प्र. में तिथि 11.4.2012 में पंजीकृत का सभी भाग तथा हिस्सा।
2) लिमिटेशन विलेज दुहाई, गाजियाबाद में स्थित खाली प्लॉट नं. 39, 40 खसरा नं. 449, एरिया माप 167.22 वर्ग मी., बुक नं.-01, जिल्द नं. 6528, पेज 397 से 432, दस्तावेज नं. 16367 में उप-रजिस्ट्रार II रा, गाजियाबाद, उ.प्र. में तिथि 5.12.2012 में पंजीकृत।
3. लिमिटेशन विलेज दुहाई, गाजियाबाद में स्थित खाली प्लॉट नं. 35, 36, 37, 38, खसरा नं. 449, एरिया माप 278.83 वर्ग मी., बुक नं. 01, जिल्द नं. 6767, पेज 183 से 236, दस्तावेज नं. 2314 में उप-रजिस्ट्रार IIरा, गाजियाबाद, उ.प्र. में तिथि 14.02.2013 में पंजीकृत
4. लिमिटेशन विलेज दुहाई, गाजियाबाद में स्थित खाली प्लॉट नं. 17, 28, 29, 45, 46, खसरा नं. 449, एरिया माप 418.05 वर्ग मी., बुक नं. 01, जिल्द नं. 5462, पेज 153 से 214, दस्तावेज नं. 803, उप-रजिस्ट्रार IIरा, गाजियाबाद, उ.प्र., तिथि 23.01.2012 में पंजीकृत।
ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 21.1.2020 को 11.45 पूर्वा. से 1.15 अप. तक, 10 मिनट के स्वतः असीमित विस्तार के साथ, आरक्षित मूल्यः रु. 2,31,00,000/- जमा की जाने वाली धरोहर राशिः रु. 23,10,000/-
बिक्री के लिये विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया https://corpbank.com/sites/default/files/corpbank_page_files/bliss_infratech_private limited_3.pdf में दी गई लिंक देखें।

शाखा का नाम एवं पताः ओवरसीज शाखा, फोन नं. 011-23418730, 23418720

ऋणधारक एवं गारन्टरों का नाम		
	ऋणधारकः मै. विजय श्री एण्टरप्राईजेज, 4012-13, 1ला तल, नया बाजार, दिल्ली-110006 गारन्टरः श्री राजीव बंसल, पुत्र श्री बाबूलाल बंसल, श्रीमती सीमा बंसल, पत्नी श्री राजीव बंसल, श्री नितिन सक्सेना	बकाया राशिः रु. 89372683/- तथा उस पर ब्याज एवं अन्य चार्जेज

सम्पत्ति सं. 9. प्लॉट नं. 98, चौखंडी (मीरा एन्क्लेव), नई दिल्ली में स्थित आवासीय भवन का बेस्मेन्ट तल, माप 250 वर्ग मी.
ई-नीलामी की तिथि एवं समयः 21.1.2020 को 11.45 पूर्वा. से 1.15 अप. तक, 10 मिनट के स्वतः असीमित विस्तार के साथ, आरक्षित मूल्यः रु. 42,50,000/-, जमा की जाने वाली धरोहर राशिः रु. 4,25,000/-
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया https://corpbank.com/sites/defaults/files/corpbank_page_files/tender/vijay_shree_enterprises_4pdf में दी गई लिंक देखें।

ऋणधारक एवं गारन्टरों का नाम		
